# GORAKHPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-07-2022

# मारपीट और छेड़छाड़ के आरोपित को जेल

खोराबार (एसएनबी)। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी से अश्लील बात करने, छेड़खानी करने, घर में घुस कर मारने पीटने के मामले में आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम संजय पुत्र मिश्रीलाल बताया। पुलिस ने आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं में उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। सनद रहे 9 जुलाई को किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही रहने वाली आरोपी युवक उसके पिता, माता एवं एक पट्टीदार के खिलाफ धारा 323, 452, 509, 354 ख व 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज की थी। घटनाक्रम के मुताविक 5 जुलाई की सुवह 6:30 वजे किशोरी गांव से वाहर शौच के लिए जा रही थी उसी दौरान रास्ते में युवक अश्लील वात करते हुए छेड़खानी किया था। उलाहना देने पर युवक के मातानपिता तथा पट्टीदार ने घर में घुस कर किशोरी एवं परिजनों को पीटा था।

# नेपाल के कारोबारी को लूटने वाला टमाटर गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। कैंट पुलिस के हाथ बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। कैंट पुलिस और प्रभारी सर्विलांस सेल ने शातिर अपराधी मनोज साहनी उर्फ टमाटर को कचहरी साइकिल स्टैंड के पास से गिरफ्तार

**25 हजार का इनामी मनोज साहनी उर्फ टमाटर गिरफ्तार खुद का चलाता है गैंग, लम्बे समय से करता रहा अपराध**

कर लिया। टमाटर पर पुलिस ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था।पुलिस उसकी काफी दिनों से तलाश कर रही थी। उसके कुछ साथ पहले ही पकड़े गिरफ्तार हो चुके है। जबकि कई अन्य अभी फरार चल रहे हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस उन्हें भी दबोच लिया जाएगा।

एसपी क्राइम इंदु प्रभा सिंह ने बताया कि कि पकड़ा गया अपराधी मनोज साहनी एक उर्फ टमाटर हत्या, लूट और डकैती जैसी वारदातों को अंजाम देता था। टमाटर और उसके साथ एक संगठित गिरोह चलाते थे। जोकि नेपाल के व्यापारियों की रेकी कर उन्हें भारत की सीमा में कदम रखते ही लूट लेते थे। इस गैंग के कुछ सदस्य नेपाल में व्यापारियों की पहले रेकी करते हैं। इसके बाद उसे रास्ते में रोककर यह गैंग असलहों के बल पर लूट लेता था। कई लूट की वारदातों में इस गैंग ने हत्या भी की है।



पुलिस की गिरफ्त में मनोज साहनी उर्फ टमाटर। फोटो : एसएनबी।

**रुस्तमपुर में लूटे थे 4.60 लाख**

एसपी क्राइम ने बताया कि 4 अप्रैल को रुस्तमपुर के रहने वाले शैलेंद्र मिश्र को भी टमाटर और उसके साथियों ने मिलकर लूट लिया था। शैलेंद्र अपने कुछ जानने वाले लोगों 4.60 लाख रुपए उधार लेकर बलदेव प्लाजा से अपने घर रुस्तमपुर जा रहे थे।

इस बीच रुस्तमपुर स्थित उसके घर के पास से दो बाइक पर सवार बदमाशों ने उन्हें रोककर उनके हाथ से रुपयों से भरा बैग छीन लिया और फरार हो गए थे। टमाटर ने इस घटना को अंजाम देने की बात कबूल की है।

**टमाटर पर दर्ज हैं नौ केस**

पकड़े गए अपराधी मनोज साहनी उर्फ टमाटर चिलुआताल इलाके के मोहरीपुर नकहा नंबर 1 केवटहिया टोला का रहने वाला है। उसके खिलाफ चिलुआताल, गोरखनाथ, रामगढ़ताल और कैंट में करीब 9 केस लूट, डकैती, हत्या का प्रयास सहित अन्य संगीन धाराओं में दर्ज हैं। वह लम्बे समय से अपराध करता है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

इंस्पेक्टर कैंट शशिभूषण राय
सर्विलास सेल प्रभारी दारोगा राजेन्द्र सिंह
दारोगा अरुण कुमार सिंह,कैंट थाने पर तैनात दीवान मोहसिन खान, रणजीत सिंह , सिपाही नमित मिश्रा, गणेश पांडेय और अरुण राय शामिल थे।

# 62 मामले आये निस्तारण मात्र दो का

बांसगांव (एसएनबी)। शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील कुमार गौड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ इस दौरान उनके समक्ष कुल 62 मामले आए जिसमें ज्यादातर मामले राजस्व औरं पुलिस विभाग से सम्बंधित रहे मौके पर मात्र दो राजस्व मामलें का निस्तारण हुआ।

इस अवसर पर राजबहादुर सिंह, अवधेश सिंह, राजकुमार सिंह सहित अन्य लोगों ने बांसगांव तहसील क्षेत्र ब्लॉक क्षेत्र के ददरिया ताल से बरसात के समय मे जलनिकासी की समस्या के निदान करने की मांग की। इन लोगों ने इस संबंध में 18-9-2021, 7-5 2022 तथा तत्कालीन डीएम, सीडीओ सहित अन्य राजस्व कर्मचारी के किए गए प्रयास यहाँ तक की मंडलायुक्त के द्वारा इस मामले मे गत माह मे कराई गई बैठक का जिक्र करते हुए समस्या के निदान अब तक नहीं हो पाने की बात उठाते हुए समस्या के निदान की मांग की। इस दौरान एसडीएम कुवंर सचिन सिंह, क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार पांडेय, एडीओ पंचयात रमेश चन्द, एडीओ पंचयात (कृषि) जवाहर प्रसाद, सप्लाई इंस्पेक्टर जितेन्द्र सिंह, एसआई दुर्गेश शुक्ला,अनित राय, अंकुर कुमार अमन सिंह,ब्रम्हानंद पटेल मौजूद रहें।

# जनसमस्या निस्तारण में नहीं होनी चाहिये लापरवाही : डीएम

खजनी (एसएनबी)। साहब मैं जिन्दा हूं और मुझे मृतक दिखाकर मेरी जमीन दूसरे के नाम कर दी गयी है। उक्त बातें खजनी तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी गोरखपुर कृष्णा करुणेश से जयराम ने कही तो जिलाधिकारी ने गम्भीरता से लेते हुए प्रकरण की जाँच कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की बात कही सम्पूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की भारी भीड़ देखी गयी। इस अवसर पर कुल 172 फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को प्रस्तुत किया तथा मौके महज सात मामलो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

डीएम ने जनसमस्याओ के निस्तारण मे किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिये तथा मौके पर जाकर सही निराकरण कर शिकायतकर्ता को भी अवगत कराये साथ ही पुलिस विभाग से संबंधित समस्याओं की सुनवाई एसएसपी गौरव ग्रोवर ने करते हुए बेलघाट में चकबन्दी के एक मामले राजस्व निरीक्षक चकबन्दी बलराम सिंह को बेलघाट थाने पर जाकर दोषियो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर राजदेव प्रियदर्शी ने अपनी जमीन पर राजस्वकर्मी द्वारा पैमाइश कर चिन्हित करने के बाद भी अवैध कब्जा गाँव के एक व्यक्ति द्वारा करने की शिकायत पर डीएम ने थानाप्रभारी बाँसगाँव को पिड़ित को उसकी जमीन पर कब्जा दिलाने का निर्देश दिया। चन्दन सिंह बनकटी बुजुर्ग ने अपने ग्रामपंचायत मे डाटा इन्ट्री आपरेटर पद पर गलत जन्मतिथि डालकर दूसरे अंकपत्र पर चयन कराने व ग्रामप्रधान के परिवार का सदस्य होने की शिकायत दर्ज कराया जिसको मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीना ने खण्ड विकास अधिकारी उरुवा को जाँचकर आख्या तलब की।

सन्तोष सिंह जरएडी ने अपने ग्रामसभा बुधनापार बुजुर्ग मे मुख्यमन्त्री आवास योजना को अपात्रो को देने तथा आवास अबतक न बनने की शिकायत पर भी गम्भीरता से लेकर जाँच कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जोखई प्रसाद नरायनपुर ने चकबन्दी विभाग द्वारा मुकदमा लम्बित रहते चकपरिवर्तन जबरन करने की शिकायत दर्ज कराया। उनौला की निर्मला देवी व ऋषिकेश आदि हरनही ने एकमा गाँव मे विद्युत तार जर्जर व ढीले होने की शिकायत की।चेतन प्रसाद क्षेत्र पंचायत सदस्य नेखजनी कटया मार्ग के काफी दिनो से निर्माणाधीन होने एवं सड़क गायुक्त होने की शिकायत की। तो वही गोपालपुर निवासी जयराम पुत्र सकलू ने घड़सरा मे स्थित अपनी आराजी 87 में 30/9/16 को राजस्वकर्मियों द्वारा मृतक दिखाकर उनके स्थान पर बाबूलाल, दीपक, घरभरन, अरविन्द को पुत्र बनाकर व रमई देवी को पत्नी बनाकर कर दिया जबकि मै अभी जिन्दा हूँ।



सम्पूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुनते डीएम व एसएसपी। फोटो : एसएनबी

समाधान दिवस पर सबसे अधिक शिकायते राजस्व व पुलिस विभाग से सम्बन्धित रही साथ ही विकास, शिक्षा, विद्युत, आपूर्ति व चकबन्दी एवं अन्य विभागो से सम्बन्धित कुल 172 शिकायते पंजीत की गयी तथा मौके पर महज 7 का ही निस्तारण हो पाया। समाधान दिवस में एसडीएम खजनी सिद्धार्थ पाठक, क्षेत्राधिकारी पुलिस अनिल कुमार सिंह तहसीलदार खजनी प्रद्युमन कुमार सहित सीएमओ व अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एसएसपी ने अपहृत मासूम के परिजनों से की मुलाकात

गोरखपुर (एसएनबी)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने कैम्पियरगंज के डुमरिया गांव से अपहृत डेढ़ साल के मासूम के घर शनिवार को पहुंचे। उन्होंने मासूम की मां और अन्य परिजनों से एकांत में बातचीत की। परिजनों से वार्ता के बाद एसएसपी ने मातहतों को बच्चे को खोज निकालने के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिया। एसएसपी के साथ जिले की क्राइम ब्रांच की टीम और सर्विलांस की टीम भी थी।

> मासूम की मां और अन्य परिजनो से एकांत में की बातचीत
>
> क्राइम ब्रांच और सर्विलांस टीम भी थी एसएसपी के साथ

हमारे कैम्पियरगंज कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक डुमरिया गांव निवासी राजेश यादव का डेढ़ वर्षीय बेटा सिद्धार्थ बुधवार की शाम दरवाजे पर खेल रहा था। इस दौरान वह अचानक गायब हो गया। परिजनों ने आसपास तलाश की लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस भी पहुंची और तलाश शुरू की लेकिन बच्चे का अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका। बच्चे की बड़ी बहन के मुताबिक वह अपने भाई को लेकर दुकान पर गयी थी। वहां पर एक बाइक पर खड़े तीन लोग घूरकर बाबू को देख रहे थे। परिजनों को संदेह है कि बाइक सवार युवकों ने ही बच्चे को अपहृत किया है। बच्चे के परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है।

# मामले को लंबित करने से गलत करने वालों का हौसला बढ़ेगा : डीएम

गोरखपुर (एसएनबी)। संपूर्ण समाधान दिवस में बढ़ रहे लंवित मामलों को लेकर जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश ने नाराजगी जताई है। शनिवार को खजनी तहसील दिवस में समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि वहानेवाजी नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग, पुलिस की टीम न मिलने और पुलिस विभाग, राजस्व की टीम न मिलने की दलील देकर अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन में टालमटोल नहीं कर सकती है।

**समाधान दिवस**

टीम न मिलने से समस्याओं के पेंडिंग होने की दलील पर डीएम ने जताई नाराजगी

सामंजस्य की कमी से मामले लंबित होने पर राजस्व अधिकारियों व सीओ की बुलाई बैठक

जिलाधिकारी ने कहा कि जिम्मेदारों के टालू रवैये से पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। समस्या है तो मुकदमा तो दर्ज किया ही जा सकता है। ऐसा न करने का मतलव यह होता है कि समस्या का निस्तारण न करने के लिए वहाना वनाया जा रहा है। समाधान दिवस के दौरान कई ऐसे मामले आए, जिसमें लोगों ने वताया कि कई वार से दौड़ लगा रहे हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। इस पर अधिकारियों ने डीएम को वताया कि पुलिस टीम उपलव्ध नहीं थी। इस पर डीएम ने कहा कि हर वार यही वात आती है। यह तो वहाना है। यदि पुलिस टीम नहीं मिली या राजस्व टीम नहीं मिली तो शिकायत दर्ज करने से या एफआइआर दर्ज करने से किसने रोका है।

विवाद करने वाले पर पहले एफआइआर तो दर्ज हो सकती है। कार्रवाई होने से अराजकतत्वों, मनवढ़ों, जमीन कव्जा करने वालों के वीच एक संदेश जाता है। मामले को लंवित करने से गलत करने वालों के हौसले वढ़ते हैं। डीएम ने सोमवार, 18 जुलाई को सभी एसडीएम एवं सीओ की वैठक वुलाई है। इस दौरान आपसी तालमेल को लेकर चर्चा होगी। साथ ही डीएम ने तालमेल के अभाव की वजह से कितने मामले लंवित हैं, इसका विवरण भी तलव किया है।

# प्राथमिकता के आधार पर तेजी से करें शिकायतों का निस्तारण

चिलुआताल (एसएनबी)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने शनिवार को चिलुआताल थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मातहतों से कहा कि थाने पर आने वाली आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण करें। इसमें लापरवाही पाए जाने पर संवंधित के विरूद्ध कार्रवाई होगी।



थाने पर जनसुनवाई हेतु नियुक्त पुलिसकर्मियो को कप्तान ने आवश्यक दिशानिर्देश एवं टिप्स दिया। जनसुनवाई रजिस्टर को चेक करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी आमजनों की शिकायतों और जन सुनवाई के काम में विल्कुल भी लापरवाही न वरतें। आये हुये फरियादियों की समस्याओं का गुणवत्ता युक्त निस्तारण किया जाए। एसएसपी ने मातहतों को निर्देशित किया किया कि थानों पर आने वाले हर फरियादियों की शिकायतों का लिखित रिकार्ड तैयार करके निस्तारण किया जाए। जिससे आमजनों का पुलिस और कानून व्यवस्था में वि॰ास वना रहे।

# डाक्टर पर दुर्व्यवहार का आरोप, बेटी ने बुला दी पुलिस

गोरखपुर (एसएनबी)। जिला अस्पताल के एक डाक्टर पर महिला मरीज और उनकी वेटी ने दुर्व्यवहार का आरोप लगाया तथा 1090 पर फोन करके पुलिस वुला ली। इसको लेकर अफरात्तफरी की स्थिति रही। फिलहाल डाक्टर द्वारा इसके पहले भी कई मरीजों संग इस तरह की हरकतें की जा चुकी हैं। चिकित्सा अधीक्षक डा. अंवुज श्रीवास्तव का कहना है कि डा. महेश चौधरी को वुलाकर समझा-वुझा दिया गया है। इस तरह की हरकतों से वाज आएं। मरीजों संग इस तरह की हरकतें नहीं होनी चाहिए।

कविता यादव नामक युवती अपनी मां को जिला अस्पताल में दिखाने गई। पर्ची कटवाने के वाद ओपीडी कमरा नंवर 30 में पहुंची, जहां डा. महेश चौधरी वैठे थे। महिला ने कुछ दिन पहले का रिपोर्ट भी दिखाया। तव डाक्टर ने कहा कि थायराइड की जांच करा लें लेकिन महिला ने वताया कि पहले कराया था और रिपोर्ट में थायराइड नहीं निकला है। उसने जांच रिपोर्ट भी दिखा दिया। इस पर डाक्टर भड़क गये और कहा कि डाक्टर तुम हो या मैं। मरीज का आरोप है कि इसके वाद उन्होंने कहा कि भाग जाओ। फिर गार्ड वुलाकर हमको और हमारी वेटी को ओपीडी से वाहर करवा दिया। दवा भी नहीं लिए। काजल ने वताया कि वह फिर ओपीडी में गई और कहा कि दवा तो लिख दें लेकिन उन्होंने नहीं लिखा। इस पर महिला मरीज की वेटी ने 1090 पर फोन कर दिया। पुलिस आ पहुंची। इसके वाद ओपीडी में अफरात्तफरी की स्थिति वन गई।

> **इसके पहले भी जिला अस्पताल के डा. महेश चौधरी पर लग चुके हैं इस तरह के आरोप**
>
> चिकित्सा अधीक्षक डा. अंबुज श्रीवास्तव ने कहा कि बुलाकर समझा-बुझा दिया गया है और आगे से इस तरह की हरकत नहीं करेंगे डा. महेश

चिकित्सा अधीक्षक डा. अंवुज श्रीवास्तव तक मामला पहुंचा तो उन्होंने डाक्टर को वुलवाया और चेतावनी दी कि इस तरह की हरकत अगर फिर होती है तो आगे की कार्यवाही की जाएगी। महिला मरीज की वेटी ने वताया कि एक महिला सिंदुर लगायी थी तो डाक्टर साहव ने कहा कि इधर सिंदुर क्यों लगाती हो? फिलहाल किसी तरह से मामले को मैनेज किया गया। काजल की मां को देखा गया और दवा लिखी गयी। वताया जाता है कि इसके पहले भी डाक्टर के ऊपर इस तरह के आरोप लगाये जा चुके हैं।

# चोरी की बाइक व मोबाइल के साथ युवक गिरफ्तार

बेलीपार (एसएनबी)। वेलीपार थाना क्षेत्र के कसिहार चौराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान वेलीपार पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल व मोवाइल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस उपाधीक्षक एवं थाना प्रभारी वेलीपार प्रशाली गंगवार के नेतृत्व में गश्त पर निकले प्रशिक्षु उप निरीक्षक दीपक कुमार गुप्ता कांस्टेवल अनिकेत सिंह, जयप्रकाश यादव ने 15 जुलाई की रात करीव 10 वजे मलांव की तरफ से आ रहे मोटरसाइकिल सवार को रोकने का इशारा किया तो वह वाइक लेकर भागने का प्रयास किया। जिसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। पूछताछ में उक्त युवक ने अपना नाम राहुल पुत्र स्वर्गीय महेश निवासी कसिहार थाना वेलीपार वताया। जिसके पास से विना नंवर प्लेट की एचएफ डीलक्स हीरो मोटरसाइकिल तथा मोवाइल वरामद किया गया। जो चोरी का वताया जाता है। वेलीपार पुलिस ने धारा 41, 411 भादवि के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# शातिर तस्कर स्मैक साथ गिरफ्तार

टीपीनगर (एसएनबी)। टीपी नगर चौकी प्रभारी अनूप कुमार मिश्रा ने क्षेत्र के अमरुतानी के समीप से एक स्मैक के कारोबारी को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से पुलिस ने 47.60 ग्राम स्मैक व बिक्री का 2760 रुपए बरामद किया। पूछताछ में उसने अपना नाम अभिषेक उर्फ भोपू पुत्र स्व. पिन्टू निवासी अमरुद मंडी चकरा अव्वल थाना राजघाट जिला गोरखपुर बताया। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध आईपीसी की धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

# एसएसपी से मिले भाजपाई, मिला जांच कर कार्रवाई का आश्वासन

भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के महानगर मार्केट संयोजक विकास राय संग दुर्व्यवहार का मामला

गोरखपुर (एसएनबी)। सड़क के किनारे खड़ी तमाम बाइकों को छोड़ चौकीप्रभारी ने भाजपा नेता की स्कूटी का चालान कर दिया। हालांकि भाजपा नेता भागकर स्कूटी के पास पहुंचने वाले ही थे कि गिरकर घायल हो गये। इसके बाद भाजपा नेता अपने जानने वालों के साथ एसएसपी से मुलाकात की और चौकी प्रभारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। एसएसपी ने जांच कराकर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

जेल रोड निवासी विकास राय भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के महानगर मार्केट संयोजक (अध्यक्ष) हैं। उनका पुत्र अस्पताल में भर्ती है। 1 जुलाई को डाक्टर ने बच्चे की स्थिति में सुधार बताते हुए फल खिलाने की सलाह दी। विकास अपनी स्कूटी से विष्णु मंदिर के सामने स्कूटी खड़ी कर दी और फल खरीदने लगे। तभी चौकीप्रभारी असुरन चौक कुंवर गौरव सिंह पहुंचे और स्कूटी का चालान कर दिया। स्कूटी के पास अन्य कई बाइकें खड़ी थीं।

फिलहाल पुलिस को स्कूटी के पास देखकर विकास राय वहां से भागे और स्कूटी के पास पहुंचे कि अचानक गिर पड़े और घायल हो गये। चौकीप्रभारी को बताया कि हेलमेट, कागज सब कुछ है और निवेदन भी किया कि बेटा अस्पताल में भर्ती है। बावजूद इसके चौकीप्रभारी ने स्कूटी का चालान कर दिया। विकास राय ने एसएसपी को दिये गये पत्रक में लिखा है कि स्कूटी के साथ कई वाहन खड़े थे लेकिन चौकीप्रभारी ने सिर्फ उनकी ही स्कूटी का चालान किया। यही नहीं चौकीप्रभारी ने उनके संग दुर्व्यवहार भी किया।

फिलहाल एसएसपी ने विकास राय की बातों को सुना और आश्वासन दिया कि मामले की जांच कराकर चौकीप्रभारी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। विकास राय के साथ नवनीत श्रीवास्तव, परमात्मा दूबे, रितेश जायसवाल, दुर्गेश बजाज, राजू शर्मा, विष्णु शंकर श्रीवास्तव, अनुराग मिश्रा, विनय सिंह, नीतिन जायसवाल, अमित सिंह सूर्यवंशी, विकास रायजादा और अमरेन्द्र सिंह के अलावा अन्य कई भाजपा कार्यकर्ता साथ रहे।

# लम्बे समय से गैर हाजिर चल रहे दस पुलिसकर्मी सस्पेंड

गोरखपुर (एसएनबी)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने शनिवार को लम्वे समय से सरकारी कार्य से विरत रहने वाले एक दारोगा सहित दस पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया।

**एक दारोगा छह सिपाही दो महिला सहित दस पर एक्शन**

एसएसपी गौरव ग्रोवर ने वताया कि विभिन्न थानों व कार्यालयों में तैनात एक रिजर्व पुलिस लाइन के पुलिसकर्मी जो लम्वे समय से गैरहाजिर चल रहे थे इस वात की जानकारी एसएसपी को दी गयी। मामले को संज्ञान में आते ही दारोगा लालचन्द्र वर्मा थाना खजनी, सिपाही अभिनव सिंह थाना गगहा, सिपाही हरिकेश पाठक थाना वडहलगंज, सिपाही सत्यप्रकाश पासवान रिजर्व पुलिस लाइन, सिपाही सूर्यकान्त यातायात पुलिस, सिपाही देवेन्द्र यादव रिजर्व पुलिस लाइन, सिपाही दिग्विजय चौहान पुलिस लाइन, महिला सिपाही अर्चना राय थाना चिलुआताल, महिला सिपाही अनुराधा सिंह महिला थाना व अनुचर असलम निषाद रिजर्व पुलिस लाइन सहित पुलिसकर्मियों को कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता, अकर्मण्यता, अनुशासनहीनता तथा स्वेच्छाचारिता वरतने के आरोप में सस्पेंड कर दिया। साथ ही इनके इलाके विभागीय जांच का आदेश दिया गया है।

# दो नामजद समेत पांच पर लूट का केस

चिलुआताल (एसएनबी)। स्थानीय थाना पुलिस ने शुक्रवार की शाम छामू स्थान के समीप एक सरकारी कर्मचारी से हुई 18 हजार रुपए और लैपटॉप की लूट के मामले में दो नामजद समेत पांच के विरूद्ध लूट का केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बैजनाथपुर पासी टोला निवासी विजय कुमार पुत्र शिवबली ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि वह शुक्रवार को ड्यूटी से घर लौट रहा था। शाम 6.30 बजे छामू स्थान के समीप पहुंचने पर दो बाइकों पर सवार पांच युवकों ने घेर लिया। युवकों ने उनके पास रखा 18 हजार रुपए नकद और सरकारी लैपटॉप लूट लिया और फरार हो गए। लैपटॉप को बदमाशों ने कुछ दूर पर ले जाकर पानी में फेंक दिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की और लैपटॉप को पानी से कब्जे में ले लिया। पीड़ित ने उपेन्द्र पुत्र लाल जी व मानू पुत्र मदन निवासी नरायनपुर समेत पांच के विरूद्ध तहरीर दी। चिलुआताल थानेदार प्रदीप शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही है। जल्द ही घटना का राजफाश किया जाएगा।

# लुटेरा टमाटर: नेपाली बिजनेसमैन को इंडिया में लूटता था

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (16 July):गोरखपुर पुलिस के हाथ बड़ी कामयाबी हाथ लगी है. कैंट पुलिस और प्रभारी सर्विलांस सेल ने शातिर अपराधी मनोज साहनी उर्फ टमाटर को कचहरी साइकिल स्टैंड के पास से अरेस्ट किया. उस पर पुलिस ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था. पुलिस उसकी काफी दिनों से तलाश कर रही थी. उसके कुछ साथी पहले ही पकड़े जा चुके हैं. जबकि कई अन्य अभी फरार चल रहे हैं.

## हत्या भी कर देता है गैंग

एसपी क्राइम इंदु प्रभा सिंह ने बताया कि पकड़ा गया अपराधी मनोज साहनी एक उर्फ टमाटर हत्या, लूट और डकैती जैसी वारदातों को अंजाम देता था. टमाटर और उसके साथी एक संगठित गिरोह चलाते थे, जोकि नेपाल के व्यापारियों की रेकी कर उन्हें भारत की सीमा में कदम रखते ही लूट लेते थे. इस गैंग के कुछ सदस्य नेपाल में व्यापारियों की पहले रेकी करते हैं. इसके बाद उसे रास्ते में रोककर यह गैंग असलहों के बल पर लूट लेता था. कई वारदातों में गैंग ने हत्या भी की है.

## रुस्तमपुर में लूटे 4.6 लाख

एसपी क्राइम ने बताया कि 4 अप्रैल को रुस्तमपुर के रहने वाले शैलेंद्र मिश्र को भी टमाटर और उसके साथियों ने मिलकर लूट लिया था. शैलेंद्र अपने कुछ जानने वाले लोगों 4.60 लाख रुपए उधार लेकर बलदेव प्लाजा से अपने घर रुस्तमपुर जा रहे थे. इस बीच रुस्तमपुर स्थित उसके घर के पास से दो बाइक पर सवार बदमाशों ने उन्हें रोककर उनके हाथ से रुपयों से भरा बैग छीन लिया और फरार हो गए.

# 150 में से 84 बैग बरामद, 66 बैग ले जा चुके थे व्यापारी

GORAKHPUR (16 July): शासन के आदेश के बाद भी सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध का कोई असर बाजार में नहीं दिख रहा है. थोक कारोबारी धड़ल्ले से पॉलीथिन मंगा रहे हैं. इस बात का खुलासा हुआ है राजघाट पुलिस और नगर निगम प्रवर्तन की टीम द्वारा पकड़े गए माल से. शुक्रवार रात टीम ने प्रतिबंधित पॉलीथिन की खेप बरामद की. यह पॉलीथिन शहर के ही बड़े कारोबारी राकेश गुप्ता ने मंगाया था. ट्रक समेत जब्त की गई पॉलीथिन को राजघाट पुलिस ने अपने कब्जे में लेते हुए मुकदमा दर्ज कराने के लिए एडीएम सिटी और एसपी सिटी के पास मामले को सुपुर्द कर दिया है. इन दोनों उच्च अधिकारियों के पास जांच के लिए गए मामले के बाद ही इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जुर्माना चार्ज किए जाने की बात कही जा रही है.

## गाजियाबाद का था माल

शुक्रवार की रात ट्रांसपोर्टनगर चौकी इंचार्ज अनूप कुमार मिश्रा ने गश्त के दौरान ट्रक से समान उतरते देखा. जांच करने पर पता चला कि ट्रक में मसाला और अन्य किराना समान के बीच पॉलीथिन रखी हुई है.

# लंबे समय से अब्सेंट दरोगा समेत 10 पुलिसकर्मी सस्पेंड



एसएसपी ने चिलुआताल और पीपीगंज थाने का किया इंस्पेक्शन.

### अलग-अलग थानों के अलावा यातायात व लाइन में थे तैनात

GORAKHPUR (16 July): लंबे समय से गैर हाजिर चल रहे एक दारोगा, आठ सिपाही व एक अनुचर को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने शनिवार की रात निलंबित कर दिया. यह लोग अलग-अलग थाना, यातायात व पुलिस लाइन में तैनात थे.

## बिना सूचना के अब्सेंट

खजनी थाने में तैनात दारोगा लालचंद्र वर्मा, गगहा के सिपाही अभिनव सिंह, बड़हलगंज में तैनात हरिकेश पाठक, पुलिस लाइन में तैनात सत्यप्रकाश पासवान, देवेंद्र यादव, दिग्निजय चौहान, यातायात में तैनात सूर्यकान्त, चिलुआताल में तैनात महिला सिपाही अर्चना राय, महिला थाना में तैनात अनुराधा सिंह व पुलिस लाइन के अनुचर असलम बिना अवकाश व किसी सूचना के गैर हाजिर थे.

## अनुशासनहीनता पर किए गए सस्पेंड

एसएसपी के पूछने पर थाना प्रभारी, एसपी यातायात व एसपी लाइन ने इन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट भेजी थी. एसएसपी ने बताया कि 10 पुलिसकर्मियों को अनुशासनहीनता, कर्तव्य के प्रति लापरवाही, उदासीनता बरतने के आरोप में निलंबित किया गया है. शनिवार को एसएसपी ने चिलुआताल और पीपीगंज थाने का इंस्पेक्शन कर कामकाज देखा.

**रिपोर्ट कार्ड** | आईजीआरएस से लेकर सभी कैटेगरी में जोन में गोरखपुर फिसड्डी, पहले स्थान पर संतकबीरनगर

# पुलिस के कार्य से 55% पब्लिक संतुष्ट नहीं

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गोरखपुर जोन पुलिस की जून महीने की परफार्मेंस सामने आ गई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक गोरखपुर पुलिस से 55% लोग संतुष्ट नहीं है। पब्लिक रेटिंग में जोन के 11 जिले में गोरखपुर पुलिस सबसे नीचे है। पीआरवी और पासपोर्ट सत्यापन की रेटिंग छोड़ दे तो खुद को सुधारने के लिए गोरखपुर पुलिस को अभी काफी मेहनत करनी पड़ेगी। जोन के 11 जिलों में सबसे अच्छी परफार्मेंस बस्ती रेंज के तीनों जिलों क्रमशः संतकबीरनगर, बस्ती व सिद्धार्थनगर की रही। पब्लिक रेटिंग में ये तीनों जिले टॉप थ्री में शामिल हैं। गोरखपुर परिक्षेत्र का कुशीनगर जिला छठें नम्बर पर है। एडीजी ने सभी जिलों के कप्तानों से अलगे महीने आने वाली रैंकिंग में सुधार की उम्मीद की है। दरअसल, योगी सरकार के दुबारा आने में अच्छे कानून व्यवस्था का भी अहम रोल रहा है। यही वजह है कि योगी सरकार 2.0 में पुलिस और पब्लिक के बीच और बेहतर तालमेल के लिए एडीजी अखिल कुमार ने परफार्मेंस को पब्लिक की रेटिंग का पैमाना बनाया है। इसके लिए एडीजी ने हर महीने छह कटेगरी के जरिये पब्लिक की राय लेकर रेटिंग निर्धारित करने का फार्मूला अपनाया है। सबसे पहली कटेगरी आईजीआरएस पर आने वाली शिकायत और निस्तारण के बाद उसकी संतुष्टि, दूसरी कटेगरी पब्लिक पोल इसमें ट्वीटर के माध्यम से पब्लिक की राय तथा डायरेक्ट पब्लिक द्वारा दी जाने वाली राय को शामिल किया गया। इसके अलावा एफआईआर और पीआरवी के रिस्पांस टाइम तथा पासपोर्ट और चरित्र सत्यापन को भी रखा गया। एफआईआर दर्ज कराने वाले पीड़ित से फोन पर यह जानने की कोशिश हुई कि वह पुलिस की कार्रवाई को लेकर कितना संतुष्ट हैं, वहीं डायल 112 पर सूचना के बाद पीआरवी का किस तरह का रिस्पांस होता है इसके बारे में भी फोन करने वालों से बात कर डाटा तैयार किया गया।

**11** जिले में पब्लिक रेटिंग में गोरखपुर पुलिस सबसे नीचे

### गोरखपुर में लोगों की राय

आईजीआरएस में 19.5 व एफआईआर में 16.6, पीआरवी 72.3, पासपोर्ट में 63.3 तो ओवरआल में 44.87% पब्लिक ही संतुष्ट है यहां अभी भी 55.13 प्रतिशत लोग संतुष्ट नहीं है।

“ पब्लिक और पीड़ित के जरिये पुलिस की परफार्मेंस जानने का आशय पुलिसिंग में सुधार से है। लोगों की राय के हिसाब से परफार्मेंस प्रतिशत तैयार किया गया है। सभी जिलों के पुलिस कप्तानों से परफार्मेंस में और सुधार की अपेक्षा की गई है। कोशिश है कि हर क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा पीड़ित पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नजर आएं।

**अखिल कुमार**, एडीजी गोरखपुर जोन

# 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने शनिवार को बदमाश मनोज साहनी उर्फ टमाटर को कचहरी स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया। नेपाल के व्यापारियों को लूटने वाले टमाटर पर पुलिस ने 25 हजार का इनाम घोषित कर रखा था।

# गैरहाजिर दरोगा सहित 10 पुलिसकर्मी सस्पेंड

गोरखपुर। लम्बे समय से गैरहाजिर चल रहे एक दरोगा, छह आरक्षी, दो महिला आरक्षी और एक अनुचर सहित 10 पुलिसकर्मियों को अनुशासनहीनता एवं कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर ने निलम्बित कर दिया है।

मीडिया सेल से मिली सूचना पर एसएसपी ने दरोगा लालचन्द्र वर्मा थाना खजनी, सिपाही अभिनव सिंह थाना गगहा, हरिकेश पाठक थाना बड़हलगंज, सत्यप्रकाश पासवान रिजर्व पुलिस लाइन, सूर्यकान्त यातायात पुलिस, देवेन्द्र यादव रिजर्व पुलिस लाइन, दिग्विजय चौहान पुलिस लाइन, अर्चना राय थाना चिलुआताल, अनुराधा सिंह महिला थाना और अनुचर असलम निषाद रिजर्व पुलिस लाइन को निलम्बित किया है।

# चोरी की बाइक के साथ अभियुक्त दबोचा

बेलीपार। बेलीपार पुलिस ने चोरी की बाइक व मोबाइल के साथ शुक्रवार रात में एक आरोपित को कसिहार चौराहे से गिरफ्तार कर शनिवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पकड़े गए आरोपित की पहचान राहुल उर्फ नाऊ निवासी ग्राम कसिहार थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर बताया। राहुल के कब्जे से एक बाइक बिना नम्बर व एक मोबाइल बरामद किया।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

पिपराइच। पिपराइच पुलिस ने रेप अपहरण और पॉक्सो एक्ट के आरोपित वसीम राजा पुत्र अजीम अंसारी निवासी सिमरा चिकनी टोला पोबदरा जिला मुज्जफ्फरपुर बिहार को ताजपिपरा थाना पिपराइच से 15 जुलाई की शाम को गिरफ्तार कर शनिवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# 47.60 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

गोरखपुर। राजघाट पुलिस ने शनिवार को 47.60 ग्राम स्मैक व बिक्री के 2760 रुपये के साथ अभिषेक उर्फ भोपू निवासी अमरुदमंडी चकरा अव्वल थाना राजघाट को 05.50 बजे सुबह नेशनल हाईवे अमरूद मंडी इंटरलॉकिंग के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 8/21एनडीपीएस एक्ट का अभियोग दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# हत्या के प्रयास के आरोप में वांछित गिरफ्तार

गोरखपुर। हत्या के प्रयास के आरोपित अंगद मौर्या को गोला पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। गोला थाना क्षेत्र के बरहज निवासी अंगद को पुलिस ने पकड़ी पुल थाना क्षेत्र गोला के पास से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पुलिस ने 315 बोर का एक तमंचा एक कारतूस बरामद किया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त अंगद पर 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर किया।

# ग्रीन कॉरिडोर को लेकर एसपी ट्रैफिक ने की बैठक

गोरखपुर। पुलिस अधीक्षक यातायात डॉ महेन्द्र पाल सिंह ने जिला चिकित्सालय में ग्रीन कोरिडोर के सम्बंध में गोष्ठी की। जिसमे जनपद के 108 व 102 के जोन स्तर के पदाधिकारी और जनपद स्तर के मैनेजरों ने हिस्सा लिया। ग्रीन कोरिडोर की कार्य प्रणाली को प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी को अवगत कराया गया जिससे एम्बुलेंस को कम से कम समय मे मेडिकल कॉलेज पहुंचाया जा सके। इसके साथ ही जिला कंट्रोल रूम नंबर 9454403527 और ट्रैफिक कंट्रोल आईटीएमएस नंबर 8081208538 दिया गया और इस पर सम्पर्क करने को कहा गया। बताया गया कि व्हाटसअप मैसेज बनाकर सेंड़ कर देंगे।

# छेड़खानी का आरोपी दबोचा

खोराबार। खोराबार क्षेत्र के एक गांव की किशोरी से अश्लील बात करने, छेड़खानी करने तथा घर में घुसकर मारने पीटने के मामले में पुलिस ने शनिवार को गांव के युवक संजय पुत्र मिश्री लाल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# पब्लिक पोल में फिसड्डी रही गोरखपुर पुलिस

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : पब्लिक पोल में गोरखपुर पुलिस फिर पिछड़ गई है। ज्यादातर लोग पुलिस के कार्य से संतुष्ट नहीं हैं। जोन के 11 जिलों की पुलिस के प्रदर्शन पर एडीजी ने पब्लिक पोल कराया था, जिसमें गोरखपुर आखिरी स्थान पर है। जोन कार्यालय ने पब्लिक पोल के आधार पर रैंक लिस्ट जारी की है, जिसमें संतकबीर नगर पुलिस पहले व बस्ती पुलिस दूसरे स्थान पर है। गोरखपुर पुलिस के कार्यों से 44.87 प्रतिशत लोग संतुष्ट हैं। वहीं संतकबीर नगर पुलिस से 73.47 व बस्ती पुलिस से 72.20 प्रतिशत लोग संतुष्ट हैं। सूची में सिद्धार्थनगर पुलिस तीसरे, बहराइच चौथे, बलरामपुर पांचवें, कुशीनगर पुलिस छठे, श्रावस्ती सातवें, महराजगंज आठवें, गोंडा नौवें और देवरिया पुलिस दसवें स्थान पर है।

> ट्विटर व पब्लिक पोल में जिन जिलों की स्थिति खराब है वहां के एसएसपी/एसपी को स्थिति में सुधार लाने को कहा गया है। अप्रैल की तुलना जून में संतुष्टि का प्रतिशत बढ़ा है। उम्मीद है कि आगे सुधार होगा।
> **अखिल कुमार, एडीजी जोन**

### कुल प्राप्त फीडबैक का विवरण प्रतिशत में

| जनपद | आइजीआरएस | ट्विटर पोल | डायरेक्ट पोल | एफआइआर | यूपी 112 | पासपोर्ट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गोरखपुर | 19.5 | 43.0 | 54.5 | 16.6 | 72.3 | 63.3 |
| देवरिया | 29.0 | 70.0 | 67.4 | 23.3 | 74.6 | 53.3 |
| कुशीनगर | 45.0 | 42.0 | 93.2 | 23.2 | 73.4 | 50.0 |
| महराजगंज | 26.2 | 80.0 | 86.4 | 20.6 | 71.9 | 63.3 |
| बस्ती | 40.0 | 78.8 | 88.5 | 79.4 | 75.4 | 72.4 |
| संतकबीर नगर | 43.5 | 91.0 | 89.4 | 68.5 | 73.3 | 74.8 |
| सिद्धार्थनगर | 28.8 | 91.0 | 82.7 | 71.5 | 72.3 | 69.1 |
| गोण्डा | 28.6 | 63.0 | 97.5 | 40.7 | 72.1 | 40.0 |
| बलरामपुर | 13.3 | 92.0 | 98.0 | 37.7 | 75.0 | 60.0 |
| बहराइच | 15.8 | 80.0 | 84.4 | 58.6 | 70.2 | 70.0 |
| श्रावस्ती | 18.2 | 72.0 | 96.6 | 45.5 | 73.3 | 60.0 |

### कितने प्रतिशत लोग हैं संतुष्ट

| जिला | संतुष्ट (प्रतिशत) |
|---|---|
| संतकबीर नगर | 73.47 |
| बस्ती | 72.20 |
| सिद्धार्थनगर | 69.23 |
| बहराइच | 63.17 |
| बलरामपुर | 62.67 |
| कुशीनगर | 61.13 |
| श्रावस्ती | 60.93 |
| महराजगंज | 58.07 |
| गोंडा | 56.98 |
| देवरिया | 52.97 |
| गोरखपुर | 44.87 |

# नहीं चलेगा बहाना, एफआइआर जरूरी

## खजनी में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने दिए निर्देश

- **ऐसा न करने का मतलब समस्या निस्तारण न करने का बहाना**
- **कल सभी एसडीएम एवं सीओ के साथ करेंगे बैठक**

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : समाधान दिवस के दिन समस्याओं का निस्तारण न होने को लेकर पुलिस विभाग राजस्व टीम के उपलब्ध न होने और राजस्व विभाग पुलिस टीम के न मिलने को कारण बताता है। लगातार बताए जा रहे एक ही कारण को जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने टालमटोल माना है। शनिवार को खजनी में आयोजित समाधान दिवस को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि पुलिस टीम न मिलने का बहाना नहीं चलेगा। यदि समस्या है तो कम से कम मुकदमा तो दर्ज किया जा सकता है। ऐसा न करने का मतलब है कि समस्या का निस्तारण न करने के लिए बहाना बनाया जा रहा है।

जिलाधिकारी लोगों की सुनवाई के लिए खजनी पहुंचे थे। कई ऐसे मामले आए, जिसमें लोगों ने बताया कि कई बार से दौड़ रहे हैं लेकिन उनकी समस्या का निस्तारण नहीं हुआ। जिलाधिकारी ने जब संबंधित अधिकारियों से कारण पूछा तो उन्हें बताया गया कि पुलिस टीम उपलब्ध नहीं थी इसलिए अभी निस्तारण नहीं हो सका है। इस जवाब पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि हर बार यही बात आती है। यह एक बहाने जैसा लगता है। यदि पुलिस टीम नहीं मिली या राजस्व टीम नहीं मिली तो शिकायत दर्ज करने से या एफआइआर दर्ज करने से किसने रोका है। विवाद करने वाले पर पहले एफआइआर तो दर्ज की ही जा सकती है। एक व्यक्ति पर कार्रवाई होने से इसका संदेश भी जाएगा। बाद में दोनों विभाग की टीमें मिलकर समस्या का निस्तारण कर सकती हैं। जिलाधिकारी ने सोमवार को सभी एसडीएम एवं सीओ की बैठक बुलाई है। इस बैठक में समस्याओं के निस्तारण व आपसी तालमेल को लेकर चर्चा की जाएगी। इस तरह के कितने मामले लंबित हैं, इसका विवरण भी तलब किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों की समस्याओं का समय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।

### सदर तहसील में आए 177 मामले

गोरखपुर : सदर तहसील क्षेत्र में समाधान दिवस के अवसर पर 177 मामले आए और इसमें से आठ का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर निस्तारण का निर्देश दिया गया।

# दारोगा पुत्र के हत्यारोपित ने बरामद कराई पिस्टल

**जासं. गोरखपुर**: दारोगा पुत्र रोहित सिंह की हत्या के आरोपित विशाल उर्फ काजन मिश्रा को कोतवाली थाना पुलिस ने शनिवार को रिमांड पर लेकर पूछताछ की। दोपहर बाद उसकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल 32 बोर की पिस्टल बरामद हुई। बलिया जिले के नगरा क्षेत्र स्थित बड़ागांव निवासी सेवानिवृत्त दारोगा रमाकांत के पुत्र रोहित सिंह की लेनदेन के विवाद में चार जुलाई की रात कोतवाली के चरन लाल चौक निवासी विशाल उर्फ काजन मिश्रा ने दिनेश पासवान उर्फ मुन्ना, प्रदीप और शैलेश के साथ मिलकर हत्या कर दी थी।

# लंबे समय से गैरहाजिर दारोगा समेत 10 पुलिसकर्मी निलंबित

**जासं. गोरखपुर** : लंबे समय से गैर हाजिर चल रहे एक दारोगा, आठ सिपाही व एक अनुचर को एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने शनिवार की रात निलंबित कर दिया। यह लोग अलग-अलग थाना, यातायात व पुलिस लाइन में तैनात थे।

खजनी थाने में तैनात दारोगा लालचंद्र वर्मा, गगहा थाने के सिपाही अभिनव सिंह, बड़हलगंज में तैनात हरिकेश पाठक, पुलिस लाइन में तैनात सत्यप्रकाश पासवान, देवेंद्र यादव, दिग्निजय चौहान, यातायात में तैनात सूर्यकान्त, चिलुआताल में तैनात महिला सिपाही अर्चना राय, महिला थाना में तैनात अनुराधा सिंह व पुलिस लाइन के अनुचर असलम बिना अवकाश व किसी सूचना के लंबे समय से गैर हाजिर थे। एसएसपी के पूछने पर थाना प्रभारी, एसपी यातायात व एसपी लाइन ने इन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट भेजी थी। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि 10 पुलिसकर्मियो को अनुशासनहीनता, कर्तव्य के प्रति लापरवाही, उदासीनता बरतने के आरोप में निलंबित किया गया है।

# हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, गोला :** हत्या के प्रयास के आरोपित को गोला थाना पुलिस ने शनिवार की सुबह गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक गोला थाना जयंत कुमार सिंह ने बताया कि चार जुलाई की शाम बरहज गांव निवासी सेवानिवृत्त सैनिक राधेश्याम मौर्य को गांव के अंगद मौर्य ने गोली मार दी थी। हत्या की कोशिश करने का मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही थी। शनिवार सुबह पकड़ी पुल के पास अंगद मौर्य को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 315 बोर का तमंचा व एक कारतूस बरामद किया गया।

# आत्महत्या की सूचना से परेशान रही पुलिस

**गजपुर।** क्षेत्र के गंभीरपुर के एक व्यक्ति ने दुधमुंही बच्ची के साथ आत्महत्या करने का ऑडियो बनाया और पत्नी को भेज दिया। महिला ने जानकारी गगहा पुलिस को दी और कहा कि सोहगौरा पुल से कूदकर जान देने की बात कही गई है। छानबीन में पता चला कि ऑडियो बनाने वाला नशे में था। वह पत्नी को मायके से जल्दी बुलाना चाहता था। ब्यूरो

# एसएसपी अपहृत के घर पहुंचे, कार्रवाई का भरोसा

अमर उजाला ब्यूरो

### कैंपियरगंज क्षेत्र के डुमरिया गांव की घटना का नहीं लगा सुराग

**कैंपियरगंज।** क्षेत्र के डुमरिया गांव से बुधवार शाम घर के सामने से अपहृत मासूम सिद्धार्थ का सुराग नहीं लग सका। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने शनिवार को गांव जाकर मासूम के परिजनों से मुलाकात की और प्रभावी कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

उन्होंने कहा कि जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया गया। डुमरिया गांव के राजेश यादव का डेढ़ वर्षीय बेटा सिद्धार्थ घर के दरवाजे पर खेल रहा था। बुधवार को अचानक गायब हो गया। परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

परिजनों का कहना है कि मोटर साइकिल खड़ी करके तीन युवक घर के आसपास टहल रहे थे। इसकी सूचना कैंपियरगंज पुलिस को दी गई। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया, लेकिन मासूम को बरामद नहीं कर सकी। तीन दिन का समय बीत गया। अब भी मामला जस का तस है। इससे परिजन परेशान हैं।

## महिला की हत्या में एक माह बाद केस दर्ज

गुलरिहा (गोरखपुर)। एक महीने पहले बनगाई गांव में अज्ञात महिला की हत्या कर फेंका गया शव मिलने के मामले में शनिवार को केस दर्ज कर लिया गया। हल्का दरोगा विजय शंकर यादव की तहरीर दी है। थाना प्रभारी उमेश वाजपेई का कहना है कि महिला का शव 14 जून को मिला था। अब मुकदमा दर्ज करके छानबीन और तेज की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई थी। ब्यूरो

## बाजार गया युवक लापता

महावीर छपरा। बेलीपार थाना क्षेत्र के महावीर छपरा चौराहे से शुक्रवार को 48 वर्षीय रामवृक्ष प्रजापति लापता हो गए। परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। बेलीपार पुलिस मामले की जांच कर रही है। ब्यूरो

## अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

बांसगांव। नाबालिग के अपहरण के आरोप में बांसगांव-खजनी मार्ग के गोगहरा पुल के पास से किशन को गिरफ्तार किया गया। वह बेलघाट थानाक्षेत्र के शाहपुर का है। नाबालिग को भी बरामद कर लिया गया। ब्यूरो

## हत्या के प्रयास में नामजद गिरफ्तार

पिपरौली। सहजनवां पुलिस ने हत्या के प्रयास व मारपीट के आरोपित को शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान माडर गांव निवासी राजमंगल निषाद के रूप में हुई है। ब्यूरो

## छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

खोराबार। इलाके के एक गांव की किशोरी से छेड़खानी और घर में घुसकर मारपीट करने के आरोपी संजय को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। किशोरी की मां की तहरीर पर गत नौ जुलाई को पुलिस ने केस दर्ज किया था। आरोपी को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया। ब्यूरो

## महिला ने दो पर दर्ज कराया मुकदमा

पीपीगंज। क्षेत्र की महिला ने दो लोगों पर मारपीट, धमकी देने और दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तिघरा गांव निवासिनी अंजू देवी का आरोप है कि विंध्याचल चौधरी व उनकी बहू गुड्डी देवी ने गाली देने के साथ ही उसके साथ मारपीट की। थानाध्यक्ष पीपीगंज दुर्गेश सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। ब्यूरो

# महिला से अभद्रता और मारपीट में केस दर्ज

खोराबार। थाना क्षेत्र के जंगल सीकरी बाईपास के पास देवर के साथ रिश्तेदारी से लौट रही महिला के साथ शुक्रवार देर रात युवक ने अभद्रता की और विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। बाइक भी तोड़ दी। महिला की तहरीर पर जंगल सीकरी के शिवम यादव, धर्मराज यादव सहित चार अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। ब्यूरो

# हत्या में प्रयुक्त पिस्टल बरामद

गोरखपुर। पुलिस ने रिटायर्ड दरोगा के बेटे रोहित सिंह की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी विशाल उर्फ काजन को कस्टडी रिमांड पर लेकर शनिवार को पिस्टल व कारतूस बरामद कर लिया। काजन ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था। लिहाजा, पिस्टल को बरामद किया जा सका था। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कल्याण सिंह सागर ने बताया कि काजन ने दुर्गाबाड़ी के पास एक मकान में ईंट के नीचे पिस्टल छुपाया था। ब्यूरो

# प्रेमी को बंधक बनाकर पीटा, केस दर्ज

गुलरिहा। क्षेत्र के एक गांव में शादीशुदा प्रेमिका से मिलने आए प्रेमी को बंधक बनाकर पीटाई की गई, जिससे वह घायल हो गया। उसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पिटाई से घायल प्रेमी के भाई की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। क्षेत्र के एक गांव के युवक की पड़ोस की ही युवती से करीबी रिश्ते हैं। इस बीच युवती की शादी हो गई। एक बच्चा भी है। इसके बावजूद दोनों का मिलना-जुलना होता था। युवती के भाई ने कई बार समझाया, लेकिन बात नहीं बनी। बताया जा रहा है कि शुक्रवार देर रात युवक प्रेमिका से मिलने पहुंचा था। इसकी भनक युवती के परिजनों को लग गई। सबने उसे मिलकर पीटा। थाना प्रभारी उमेश कुमार बाजपेई ने बताया कि घायल युवक के भाई की तहरीर पर मारपीट का केस दर्ज कर जांच की जा रही है। ब्यूरो

# बहानेबाजी नहीं चलेगी : डीएम

## संपूर्ण समाधान दिवस में जताई नाराजगी

**बोले, टीम नहीं मिलने का बहाना बनाकर टालमटोल न करें राजस्व-पुलिस अधिकारी**

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** आपसी सामंजस्य नहीं होने से संपूर्ण समाधान दिवस में बढ़ रहे लंबित मामलों को लेकर डीएम कृष्णा करुणेश ने कड़ी नाराजगी जताई है। शनिवार को खजनी तहसील में समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि बहानेबाजी नहीं चलेगी।

राजस्व विभाग पुलिस की टीम नहीं मिलने, तो पुलिस राजस्व की टीम नहीं मिलने की दलील देकर अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन में टालमटोल नहीं कर सकती है।

उन्होंने कहा कि जिम्मेदारों के टालू रवैये से पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। यदि समस्या है तो कम से कम मुकदमा तो दर्ज किया ही जा सकता है। ऐसा न करने का मतलब है कि समस्या का निस्तारण न करने के लिए बहाना बनाया जा रहा है। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कई ऐसे मामले आए, जिसमें लोगों ने बताया कि कई बार से दौड़ लगा चुके, लेकिन समस्या का निस्तारण नहीं हुआ।

डीएम ने जब संबंधित अधिकारियों से वजह पूछी तो उन्हें बताया गया कि पुलिस टीम उपलब्ध नहीं थी इसलिए अभी निस्तारण नहीं हो सका है। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि हर बार यही बात आती है। यह तो पूरी तरह बहाना बनाने जैसा है।

यदि पुलिस टीम नहीं मिली या राजस्व टीम नहीं मिली तो शिकायत या एफआईआर दर्ज करने से किसने रोका है। विवाद करने वाले पर पहले एफआईआर तो दर्ज की जा सकती है। कार्रवाई होने से अराजकतत्वों, मनबढ़ों, जमीन कब्जा करने वालों के बीच एक संदेश जाता है। मगर मामले को लंबित करने से गलत करने वालों के हौसले बढ़ते हैं।

### राजस्व अधिकारियों और सीओ की कल बुलाई बैठक

**डीएम** ने 18 जुलाई को सभी एसडीएम एवं सीओ की बैठक बुलाई है। इस दौरान आपसी तालमेल को लेकर चर्चा होगी। साथ ही डीएम ने तालमेल के अभाव की वजह से कितने मामले लंबित हैं, इसका विवरण भी तलब किया है।

# कच्ची शराब बेचने से रोका तो महिला का सिर फोड़ा, पुलिस से भी भिड़े, जांच शुरू

**गुलरिहा।** क्षेत्र के जंगल अयोध्या प्रसाद भरोटी टोला में शुक्रवार देर रात कच्ची शराब बेचने से मना करने पर विवाद हो गया। शराब बेचने वालों ने ईंट मारकर एक महिला का सिर फोड़ दिया। दरोगा व सिपाहियों से भिड़ गए। बाद में अतिरिक्त फोर्स बुलानी पड़ी, फिर मामला शांत हुआ। जानकारी के मुताबिक, भरोटी टोला में कच्ची शराब बेची जा रही थी। इस पर पड़ोस की महिला सुकरती ने नाराजगी जताई और शराब बेचने से मना किया। इससे नाराज महिला ने ईंट से हमला करके सुकरती का सिर फोड़ दिया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस पहुंची तो कच्ची शराब बेचने वाले एकजुट होकर सामने आ गए और पुलिस कर्मियों से भिड़ गए। कर्मियों से हाथापाई करने लगे। एसएसआई सोनेंद्र सिंह से भी उलझ गए। अतिरिक्त पुलिस फोर्स बुलाया गया, तब जाकर भीड़ शांत हुई। पुलिस ने कच्ची शराब व लहन नष्ट करा दिया। प्रभारी निरीक्षक उमेश वाजपेई का कहना है कि किसी तरफ से तहरीर नहीं मिली है। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-07-2022

# तैराकी व क्रास कंट्री में देवरिया ओवरआल चैंपियन

देवरिया(एसएनबी)। तीन दिवसीय 60वीं गोरखपुर जोन की अंतर्जनपदीय पुलिस तैराकी एवं क्रास कंट्री (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता 2022 का भव्य समापन रविवार को स्व. रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ। तैराकी एवं क्रास कंट्री में ओवरआल चैंपियन जनपद देवरिया की टीम रही।

तैराकी में कुशीनगर चैंपियन बना। तैराकी महिला एवं क्रास कंट्री पुरुष में देवरिया की टीम चैंपियन बनी। क्रास कंट्री महिला वर्ग में जनपद महराजगंज चैंपियन रही। तत्पश्चात तैराकी के पुरुष वर्ग के 50 मीटर फ्री स्टाइल में सिद्धार्थनगर से राकेश यादव प्रथम, कुशीनगर से धनन्जय राय द्वितीय, महराजगंज से ओमप्रकाश तृतीय स्थान पर रहे। 50 मीटर बैक स्ट्रोक में कुशीनगर से दुर्गेश कुमार शर्मा प्रथम, देवरिया से राजनारायण यादव द्वितीय, संतकबीरनगर से आबदीन अंसारी तृतीय स्थान पर रहे। 100'4 फ्री स्टाइल रिले में कुशीनगर जनपद प्रथम, सिद्धार्थनगर द्वितीय व संतकबीरनगर तृतीय स्थान पर रहे। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा सभी विजयी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश सोनकर ने कहा कि आप सभी ने स्वस्थ खेल भावना के तहत प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में देवरिया, गोरखपुर, कुशीनगर, महराजगंज, संतकबीरनगर, बस्ती, गोंडा, बहराइच, सिद्धार्थनगर की टीमों से लगभग 179 महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतिसार निरीक्षक पंकज कुमार सिंह ने प्रतियोगिता को सकुशल एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने हेतु सभी का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु निर्णायक की भूमिका में बेसिक शिक्षा विभाग से गंगेश्वर सिंह, संजीव कुमार दुबे, विवेकानन्द शर्मा, तैराकी कोच हेमन्त कुमार, संध्या कन्नौजिया, सूर्यांश कुमार, राज रोहित सैनी एवं नितेश कुशवाहा रहे। इसके पूर्व फाइनल प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा खिलाड़ियों, टीम मैनेजर एवं निर्णायको से परिचय प्राप्त कर किया। इसके पूर्व प्रतिसार निरीक्षक द्वारा मुख्य अतिथि का बैज अलंकरण कर स्वागत किया गया। इस दौरान सीओ लाइन विनय कुमार यादव, सीओ प्रशिक्षु अंशुमान श्रीवास्तव, प्रतिसार निरीक्षक पंकज सिंह, एसआई राजगोपाल तिवारी, एसआई रामदास यादव, एसआई गुलाब सिंह, एसआई प्रतिराम गुप्ता, हेड पीटीआई राजनारायण यादव, पीटीआई सुनील यादव, पीटीआई बीरेन्द्र समेत तमाम जनपदों से आये पीटीआई एवं पुलिस कर्मी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।





...टीम को शील्ड प्रदान करते मुख्य अतिथि।

# महिलाओं व बच्चों के अधिकारों के प्रति रहें सजग

देवरिया (एसएनबी)। शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों के प्रति वन स्टाप सेण्टर में आमजनमानस को जागरूक व औचक निरीक्षण किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया न्यायाधीश इशरत परवीन फारूकी द्वारा बताया गया कि महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों का संरक्षण किया जाना चाहिये।

उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के बारे में कहा कि उन्हें स्वतंत्रता और समानता का अधिकार, नारी की गरिमा का अधिकार, घरेलू हिंसा का कानून, दहेज निवारक कानून, नौकरी/व्यवसाय करने का अधिकार, प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार एवं संपत्ति का अधिकार जैसे अनेकों अधिकार प्राप्त हैं। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश ने वन स्टाप सेण्टर पर साफ-सफाई, सुरक्षा व आमजनमानस को विधिक साक्षरता हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। उन्होंने जिला बाल कल्याण अधिकारी जयप्रकाश तिवारी व महिला शक्ति केन्द्र की डिस्ट्रिक कोओडिनेटर मनसा सिंह को निर्देशित करते कहा कि महिला एवं बच्चों जिनको विधिक सहायता की आवश्यकता हो, उनके मामले को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के कार्यालय में संदर्भित करें ताकि उनको विधिक सहायता दी जा सके। उन्होंने बताया कि बालिकाओं के साथ भेदभाव एक महत्वपूर्ण समस्या है जो शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सा देखभाल, सुरक्षा, सम्मान, बाल विवाह आदि में असमानता जैसे कई क्षेत्रों में फैली हुई है। उन्होंने बताया कि 13 अगस्त को दीवानी न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में ऐसे मामले जो पति-पत्नी से संबंधित हो तथा जिसमें किसी तरह का विवाद हो गया हो और उसमें दोनों पक्ष मामले का निस्तारण कराना चाहते हैं तो वह अपने द्वारा एक प्रार्थना पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया में प्रस्तुत कर अपने मामलें का निस्तारण करा सकते हैं। जिला बाल कल्याण अधिकारी जयप्रकाश तिवारी द्वारा शासन के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया तथा विधिक सेवाये क्या है, लाभ, तथा पात्रता व सूचना का अधिकार अधिनियम मध्यस्थता एवं सुलह समझौता केन्द्र एवं अन्य कानूनों के बारें में जानकारियां दी गयी। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी जयप्रकाश तिवारी, महिला थानाध्यक्ष अर्चना सिंह,एसआई संजय सिंह, केन्द्र प्रबन्धक वन स्टाप सेण्टर नीतू भारती, मनोवैज्ञानिक मीनू जायसवाल, महिला शक्ति केन्द्र की डिस्ट्रिक कोओडिनेटर मनसा सिंह, चांदनी, दीक्षा, पूजा वन्दना, प्रीति आदि उपस्थित रहें।



वन स्टाप सेन्टर पर महिलाओं व बच्चों के अधिकार पर चर्चा करती न्यायधीश इशरत परवीन।

# दिव्यांगों के लिए लगा विशेष कैम्प

देवरिया (एसएनबी)। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशानुसार संपूर्ण समाधान दिवस पर सदर तहसील मे दिव्यांगजनों को प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने के लिए विशेष कैम्प का आयोजन हुआ। कैम्प का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने किया। इस दौरान दिव्यांगो के लिए कार्य करने वाले दिव्यांग सच्चिदानंद वर्मा ने जिलाधिकारी के प्रति आभार ज्ञापित किया।



दिव्यांग सच्चिदानंद को प्रमाण पत्र देते डीएम व एसपी।

इस दौरान 14 यूनिक डिसेबिलिटी आइडेंटिटी कार्ड (यूडीआईडी) जनरेट हुए तथा 8 दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाणपत्र मौके पर बना कर दिया गया। यूडीआईडी कार्ड पाने वाले अंगद तिवारी ने कहा कि वे इसके लिए पिछले कई दिनों से प्रयासरत थे। आज तहसील दिवस पर वो काम मिनटों में हो गया जो महीनों में नहीं हो पाया था। दिव्यांगजनों के लिए कार्य करने वाले सच्चिदानंद वर्मा ने इस पहल के लिए जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में प्रमाणपत्र बनवाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती थी, लेकिन अब जिलाधिकारी की इस नई पहल के बाद दिव्यांगजनों को अनावश्यक जिला मुख्यालय नहीं आना पड़ेगा, वे अपनी-अपनी तहसीलों में दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनवा सकते हैं। विशेष कैम्प में 5 वर्षीय कृष्णा पांडेय, करन शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद, संगीता देवी, दयाशंकर चौहान, गीता सिंह, जय प्रकाश सैनी तथा सेराज अंसारी का यूडीआईडी एवं प्रमाणपत्र बना।

**संपूर्ण समाधान दिवस पर बना 8 दिव्यांग प्रमाण पत्र, 14 यूडीआईडी जनरेट**

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए डीएम की अध्यक्षता वाले समस्त संपूर्ण समाधान दिवस में दिव्यांगजनों के लिए विशेष कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में यूडीआईडी के साथ मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रमाणपत्र भी मौके पर प्रदान किया जाएगा। उन्होंने समस्त दिव्यांगजनों से इस कैम्प का लाभ उठाने का अनुरोध किया। इस दौरान प्रभारी सीएमओ डा. सुरेंद्र सिंह, डीपीओ/जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी कृष्णकांत राय, डा. एसके सिंह, डा. इनायत हुसैन, श्यामकरन गुप्ता सहित विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# 49 मामलों में महज 7 निस्तारित

**भाटपारानी (एसएमबी)।** शनिवार को मुख्य राजस्व अधिकारी अमृत लाल बिंद की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर कुल 49 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 7 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य राजस्व अधिकारी अमृत लाल बिंद ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार संपूर्ण समाधान दिवस पर आए प्रार्थना पत्रों का निस्तारण समय सीमा के अंदर किया जाए ।समय सीमा के अंदर निस्तारित न कराने वाले अधिकारी व कर्मचारी दंडित किए जाएंगे। निस्तारण की कार्रवाई से आवेदक को अवगत कराया जाए। इस दौरान कुल 49 मामले आये जिसमें 7 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। आये प्रार्थना पत्रों में राजस्व के 13,पुलिस 20, चकबंदी 3, ग्राम विकास 7, नगर पंचायत के 6 प्रार्थना पत्र शामिल है ।

एस डी एम ने मातहतो को सख्त निर्देश दिया। संपूर्ण समाधान दिवस पर मुख्य रूप से उप




जिलाधिकारी भाटपार रानी अरुण कुमार वर्मा, न्यायिक उप जिलाधिकारी राजपति वर्मा, क्षेत्राधिकारी पीएन तिवारी , तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा, नायब तहसीलदार कर्ण सिंह, सीओ चकबंदी रामअवध यादव,एसडीओ विद्युत कामतानाथ पाण्डेय, कानूनगो अश्वनी कुमार, ई ओ प्रमेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, बनकटा दिलीप सिंह, एसआई रामनिवास यादव आदि मौजूद रहे।

# 97 मामले आये , 9 का मौके पर निस्तारण

**सलेमपुर।** तहसील दिवस पर सीडीओ रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में लोगों की समस्या को सुनी गई। इस दौरान उन्होंने तहसील के अधिकारियों को तहसील दिवस में आये प्रार्थना पत्र को समय समय से निस्तारण कराने की निर्देश दीया। तहसील दिवस में राजस्व के 62, विकास के 5, पुलिस के 10, पूर्ति के 9, नगर पंचायत के 4, जलनिगम के 1, स्वास्थ्य विभाग से 1, समाज कल्याण से एक मामला सामने आये। कुल 97 मामलों में नौ का मौके पर ही निस्तारण अधिकारियों कर दिया।

# शराब तस्कर बोलेरो के साथ गिरफ्तार

**अकटहीबाजार (एसएनबी)**। बनकटा थाना क्षेत्र के सोहनपुर से बेलोरो में भरकर बिहार ले जारे अवैध शराब बोलेरो बी आर-31 पी -5790 पर बनकटा पुलिस के कांस्टेबलों ने सिविल ड्रेस में पीछा कर ईंट पत्थर फेकने के साथ टायर में गोली मार दिया। जिससे आगे का शीशा और पीछे का टायर ध्वस्त हो गया है। गिरफ्तार अभियुक्त भोला तिवारी ने फोन पर बताया है कि दो कांस्टेबल व कुछ और साथियों के साथ बेलोरो को रोक कर 50 हजार रुपए की मांग किए तथा 5600 रुपये जेब से निकाल लिए तथा जब मैं भागने लगा तब लोगों ने ईट पत्थर के गोली से हमला कर दिया। जिसमें गाड़ी का सीसा टूट गया तथा टायर पंचर हो गया। लोगों में इस घटना की चर्चा हो रही है। थानाध्यक्ष मैरवा संजीव कुमार ने बताया कि अभियुक्तों को शराब ,बेलोरो के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इस प्रकार की कोई घटना नहीं घटी है। वहीं थानाध्यक्ष बनकटा दिलीप सिंह ने बताया कि टायर पंचर होने के बाद गाड़ी घसीट कर तस्कर भागने लगे। संयुक्त कार्रवाई में पकड़े गए हैं। थानाध्यक्षों के ब्यान को लेकर भ्रम बन गया है।

# जनसमस्याओं का हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण : जिलाधिकारी

देवरिया, (एसएनबी)। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने देवरिया सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर जन्म समस्याओं की सुनवाई की। इस दौरान 62 प्रकरण आये जिनमें से 04 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। प्राप्त प्रकरणों में सर्वाधिक राजस्व विभाग के 29, पुलिस विभाग के 18 तथा शेष प्रकरण अन्य विभाग से संबंधित थे।



फरियाद सुनते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक व अन्य।

गंभीरपुर मालीबारी निवासी रामेही प्रसाद ने दबंगों द्वारा जल निकासी का पाइप उखाड़ने की शिकायत रखी और कहा कि इस वजह से घर से जल निकासी बाधित हो गई है। डीएम ने कानूनगो और एसओ को मौके पर जाकर प्रकरण के निस्तारण का निर्देश दिया। परसिया अहीर निवासी बबलू गौड़ ने पट्टे की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत की। जिसपर डीएम ने तहसीलदार तथा थानाध्यक्ष कोतवाली की अध्यक्षता में कि रिस्पांस टीम का गठन कर आज प्रकरण का निस्तारण कराने का निर्देश दिया। रामपुर कारखाना के ग्राम खंडे छपेर निवासिनी देवंती देवी एवं दुर्गावती देवी ने छप्पर के मकान एवं भूमिधरी में बिना किसी अधिकार के दबंगों द्वारा कब्जा करने की शिकायत की। डीएम ने नायब तहसीलदार तथा एसओ को मौके पर जाकर दूसरे पक्ष को भी सुनने तथा नियमानुसार कार्यवाही का निर्देश दिया। संपूर्ण समाधान दिवस के अव... पर प्रभारी सीएमओ ड सुरेंद्र सिंह, एसडीएम सौर... सिंह, सीओ श्रीयश त्रिपाठी, डीपीआरओ अविनाश कुमार, डीपीओ ष्णकांत राय, बीएसए हरिश्चंद्र नाथ, तहसीलदार आनन्द नायक, अधिशासी अभियंता जल निगम अखिलेश आनंद सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी खंड विकास अधिकारी एवं थानाध्यक्ष गण उपस्थित थे।

# अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**अकटहीबाजार (एसएनबी)** । सिवान जनपद के मैरवा थाना क्षेत्र के गुठनी चौराहे से अवैध शराब के साथ दो तस्करों को बोलेरो समेत गिरफ्तार कर लिया।बेलोरो आगे का सीसा और पीछे का चक्का ध्वस्त हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी से अंग्रेजी शराब का 8पीएम 34 पेटी शराब बरामद किया है। इसकी बाजर वैल्यु लगभग तीन लाख के ऊपर बतायी जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों की शिनाख्त भोला तिवारी पुत्र रामजी तिवारी व मुकेश पाण्डेय पुत्र कृष्णानंद पाण्डेय निवासी हुलासपुर थाना गोरयां कोठी जनपद सिवान बिहार के रूप में हुई है। इस बावत थानाध्यक्ष मैरवा संजीव कुमार ने बताया कि बोलेरो बी आर-31 पी -5790 से 293 लीटर शराब बरामद किया गया है आगे विधिक पूर्वक कार्रवाई की जा रही है।

# 20 शिक्षकों के विरुद्ध धोखाधड़ी का केस

देवरिया(एसएनबी)। बीएसए के निर्देश पर खण्ड शिक्षा अधिकारी सदर विजय पाल नारायण तिवारी ने फर्जी शैक्षिक दस्तावेजों के आधार पर नियुक्ति पाने वाले विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में तैनात 20 शिक्षकों के विरुद्ध धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है। आरोप है कि फर्जी एवं कूटरचित ढंग से अंकपत्र/प्रमाण पत्र तैयार कर षड़यंत्र करते हुए विभाग को गुमराह कर इन शिक्षकों ने परिषदीय विद्यालयों में नियुक्ति पा ली है।

श्री तिवारी के तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने जिन 20 शिक्षकों के विरुद्ध केस दर्ज किया है उनमें लल्लन यादव पुत्र रामनरेश यादव स.अ. प्रा.वि. नरायनपुर वि.क्षे. रूद्रपुर, चन्द्रभूषण यादव पुत्र तलुकराज यादव प्र.अ. प्रा.वि. समोगर वि.क्षे. बरहज, अश्वनी कुमार यादव पुत्र लालू राम यादव प्र.अ. प्रा.वि. विशुनपुर देवार वि.क्षे. बरहज, ऋषिकेश कुमार पुत्र चन्द्रदेव स.अ. प्रा.वि. खपड़हवा, वि.क्षे. बैतालपुर, रणजीत कुमार यादव पुत्र भृगुनाथ यादव प्र.अ. प्रा.वि. जाबाडीह वि.क्षे. भाटपाररानी, अनुराग कुमार मिश्र पुत्र सर्वेश मिश्र स.अ. पू.मा.वि. बरठा बाबू वि.क्षे. सलेमपुर, रामभरोसे पुत्र मथुरा प्रसाद स.अ. प्रा.वि. मल्हना वि.क्षे. सलेमपुर, वीणा रानी पुत्री प्रमोद प्रजापति स.अ. उ.प्रा.वि. धनौती राय वि.क्षे.सलेमपुर, शिवकुमार मिश्र पुत्र शंभू प्रसाद मिश्र प्र.अ. क. प्रा.वि. इचौना बाजार वि.क्षे. सलेमपुर, सविता शुक्ला पुत्री ओमप्रकाश शुक्ल प्र.अ. प्रा.वि. गोपालपुर वि.क्षे. सलेमपुर, वृन्दालाल गौमत पुत्र राजेन्द्र प्रसाद स.अ. प्रा.वि. मठ भगवान वि.क्षे. देसही देवरिया, रितेश कुमार सिंह पुत्र जयप्रकाश सिंह, स.अ. प्रा.वि. नंदा टोला वि.क्षे. देसही देवरिया, रामानुज मिश्र पुत्र बाबूनन्दन मिश्र स.अ. कम्पोजिट विद्यालय नगउर वि.क्षे. देवरिया सदर, रीता यादव पुत्री एलबी यादव स.अ. प्रा.वि. अगया वि.क्षे. देवरिया सदर, अभिराम मणि पुत्र हरिगोविन्द प्र.अ. प्रा.वि. कम्पोजिट विद्यालय चकमाधो मठिया वि.क्षे. देवरिया सदर, शैल पुत्री राजकुमार तिवारी स.अ. पू.मा.वि. भटवलिया वि.क्षे. नगर क्षेत्र देवरिया, वसुन्धरा यादव पुत्री संजय कुमार यादव स.अ. पू.मा.वि. सेखुई वि.क्षे. गौरीबाजार, रामसमुझ पुत्र पारसनाथ प्रा.वि. आनन्द नगर प्र.अ. वि.क्षे. गौरीबाजार, चन्द्रशेखर पुत्र स्व. अमर स.अ. कम्पोजिट विद्यालय हरपुर वि.क्षे. गौरीबाजार एवं राजेश कुमार राय (अंशकालिक अनुदेशक) पुत्र राजेन्द्र राय पू.मा.वि. डुमरी वि.क्षे. भटनी जनपद देवरिया शामिल हैं।

इन शिक्षकों को एसटीएफ की जांच में दोषी पाये जाने पर शासन द्वारा इन्हें पहले ही सेवा से बर्खास्त किया जा चुका है। किन्तु अभी तक इन शिक्षकों के विरुद्ध केस नहीं दर्ज हो पाया था।

# दो लोगों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित

रामपुर कारखाना। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दो लोगों का शस्त्र लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने दोनों लोगों को अपने शस्त्र थाने में जमा करने का निर्देश दिया है।

गौरा गांव निवासी रितेश कुमार राय और प्रवीण कुमार राय के नाम से लाइसेंसी असलहा जारी किया गया है। दोनों लोगों के खिलाफ रामपुर कारखाना थाने में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी ने टीम गठित कर मामले की जांच कराई। जांच में रितेश और प्रवीण पर कई धाराओं में मुकदमा दर्ज होने की जानकारी मिली।

# फर्जी प्रमाण पत्र शिक्षक और अनुदेशक बनने वाले 20 पर केस दर्ज

## कार्रवाई

- सभी 20 शिक्षक और अनुदेशकों ने फर्जी और कूटरचना कर शिक्षा विभाग में बने थे शिक्षक
- खंड शिक्षाधिकारी सदर की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**देवरिया, निज संवाददाता।** प्रमाण पत्रों में कूटरचना और फ़र्जी प्रमाण पत्र पर बेसिक शिक्षा विभाग में नौकरी करने वाले एक अनुदेशक समेत 20 शिक्षकों के विरुद्ध सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग के सदर ब्लाक के खंड शिक्षाधिकारी की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सभी शिक्षक और अनुदेशक जिले के अलग अलग ब्लाकों के परिषदीय विद्यालयों में तैनात थे। जिसकी जांच बेसिक शिक्षा विभाग ने कई माह पहले कराया था।

बेसिक शिक्षा विभाग में अलग अलग वर्षों में दर्जनों की संख्या में शिक्षक और अनुदेशक फर्जी और कूटरचना वाले प्रमाण पत्रों के बल पर शिक्षा विभाग में शिक्षक बन गए थे। गोरखपुर एसटीएफ संदिग्ध शिक्षकों के प्रमाण पत्रों की जांच करने लगे। वहीं विभाग भी शिकायत मिलने पर ऐसे शिक्षकों के प्रमाण पत्रों की जांच कराया। एसडीएफ और विभाग ने चार दर्जन से अधिक शिक्षकों को अलग अलग थानों में मुकदमा दर्ज कर बर्खास्त किया जा चुका है। बेसिक शिक्षा विभाग में कुछ माह पूर्व एक अनुदेशक और 19 शिक्षकों के प्रमाण पत्र कूटरचित और फर्जी पाए गए। नवागत बीएसए ने जिले में कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही पुरानी फाइलों को निपटाने लगे। बीएसए ने जिले के सभी फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी कर रहे शिक्षकों की सूची एकत्र कर देवरिया सदर के खंड शिक्षाधिकारी विजयपाल नारायण त्रिपाठी को सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया। बीएसए के निर्देश पर खंडशिक्षाधिकारी ने सभी शिक्षकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के लिए सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दिया। पुलिस ने मामले में सभी 19 शिक्षक और एक अंशकालिक अनुदेशक के विरुद्ध धोखाधड़ी, कूटरचना समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

**पुलिस ने इन शिक्षकों और अनुदेशकों के विरुद्ध दर्ज किया है केस:** परिषदीय विद्यालयों में तैनात 19 शिक्षक और एक अंशकालिक अनुदेशक के विरुद्ध कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें रुद्रपुर विकास खंड के नारायणपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक लल्लन यादव पुत्र रामनरेश यादव, बरहज के समोगर गांव के प्राथमिक विद्यालय के प्राध्यापक चन्द्रभूषण यादवपुत्र तलुकराज, विशुनपुर देवार स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्राध्यापक अश्विनी कुमार यादव पुत्र लालू राम यादव, विकास खंड बैतालपुर के खपड़हवा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक ऋषिकेश कुमार पुत्र चन्द्रदेव, भाटपाररानी विकास खंड के जावाडीह प्राथमिम विद्यालय के प्राध्यापक रणजीत कुमार यादव पुत्र भृगुनाथ यादव, सलेमपुर विकास खंड के बरठा बाबू प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक अनुराग कुमार मिश्र पुत्र सर्वेश कुमार मिश्र, मल्हना प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक राम भरोसे पुत्र मथुरा प्रसाद, धनौतीराय उच्च प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक वीणा रानी पत्नी प्रमोद प्रजापति, इचौना बाजार प्राथमिक विद्यालय के प्राध्यापक शिव कुमार मिश्र पुत्र शंभू प्रसाद मिश्र, गोपालपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्राध्यापक सविता शुक्ला पत्नी ओम प्रकाश शुक्ला, देसही देवरिया विकास खंड के मठभगवान स्थित प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक बृन्दालाल गौतम पुत्र राजेन्द्र प्रसाद, नंदा टोला स्थित प्राथमिक विद्यालय के रितेश कुमार सिंह पुत्र जय प्रकाश सिंह, देवरिया सदर विकास खंड के अगया गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक रीता यादव पुत्री एलबी यादव, चकमाधो मठिया के प्राथमिक विद्यालय/कम्पोजिट विद्यालय के प्राध्यापक अभिराम मणि पुत्र हरिगोविन्द मणि, भटवलिया पूर्व माध्यमिक विद्यालय की सहायक अध्यापक शैल कुमारी पुत्री राज कुमार तिवारी, गौरीबाजार विकास खंड के सेखुई पूर्व माध्यमिक विद्यालय की सहायक अध्यापक बसुन्धरा यादव पुत्री संजय कुमार यादव, आनन्द नगर प्राथमिक विद्यालय के प्राध्यापक रामसमुझ पुत्र पारसनाथ, हरपुर गांव के कम्पोजिट विद्यालय के सहायक अध्यानक चन्द्रशेखर पुत्र स्व.अमर और भटनी ब्लाक के डुमरी पूर्व माध्यमिक विद्यालय में तैनात अंश कालिक अनुदेशक राजेश कुमार राय पुत्र राजेन्द्र राय के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।




तैराकी प्रतियोगिता में विजेता रही देवरिया की टीम ट्रॉफी व अतिथियों के साथ।

# प्रतियोगिता में देवरिया की टीम ओवरऑल चैम्पियन

देवरिया। निज संवाददाता रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे 60वीं अन्तर जनपदीय पुलिस प्रतियोगिता में देवरिया की टीम ओवरआल चैम्पियन रही। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एएसपी राजेश सोनकर ने देवरिया की टीम को पुरस्कृत किया। देवरिया जिले की महिला और पुरुष दोनों वर्गो में प्रथम स्थान कर विजेता बना।

प्रतियोगिता के तीसरे दिन शनिवार को तैराकी एवं क्रॉस कंट्री (महिला, पुरुष) के प्रतियोगिता का समापन हुआ। जिसमें तैराकी एवं क्रॉस कंट्री में देवरिया की टीम ओवरआल चैंपियन रही। तैराकी में कुशीनगर चैंपियन बना। तैराकी महिला एवं क्रॉस कंट्री पुरुष में देवरिया की टीम चैंपियन बनी। क्रॉस कंट्री महिला वर्ग में जनपद महराजगंज चैंपियन रही।

शनिवार को हुए तैराकी के पुरुष वर्ग के 50 मीटर फ्री स्टाइल में सिद्धार्थनगर के राजेश यादव प्रथम, कुशीनगर के धनन्जय राय द्वितीय, महराजगंज के ओमप्रकाश तृतीय स्थान पर रहे। 50 मीटर बैक स्ट्रोक में कुशीनगर के दुर्गेश कुमार शर्मा प्रथम, देवरिया के राजनारायण यादव द्वितीय, संतकबीरनगर के आबदीन अंसारी तृतीय स्थान पर रहे। 100 गुणा 4 फ्री स्टाइल रिले में कुशीनगर जनपद प्रथम, सिद्धार्थनगर द्वितीय व संतकबीरनगर तृतीय स्थान पर रहे। मुख्य अतिथि एएसपी राजेश सोनकर ने विजयी खिलाड़ियों को मेंडल एवं प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया।

# 276 मामलों में से महज 27 का हुआ निस्तारण

5 जगह 5 रिपोर्टर

देवरिया। जिले की सभी तहसीलों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें आला अफसरों ने आम लोगों की फरियाद सुनीं। फरियाद लेकर आने वाले कई लोगों ने बताया कि वह अपने मामले के निपटारे के लिए महिनों से परेशान हैं, वहीं कुछ ने पहली बार शिकायत लेकर आने की बात कही। जिले में समाधान दिवस के दौरान कुल 276 मामले आए जिनमें से महज 27 का ही निस्तारण हो सका।। कई फरियादी वैसे ही घर लौट गये। तहसीलों में कुछ इस तरह का नजारा दिखा।

## डीएम-एएसपी ने की सुनवाई 62 मामलों में से सात निपटे

### सदर तहसील

देवरिया। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह और एसपी संकल्प शर्मा ने शनिवार को देवरिया सदर तहसील में समाधान दिवस के दौरान लोगों की समस्यायें सुनीं। इस दौरान 62 मामले आये, जिसमें 7 मामलों का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया। इसमें राजस्व विभाग के 29, पुलिस विभाग के 18 तथा शेष मामले अन्य विभागों से संबंधित थे।

गंभीरपुर मालीबारी निवासी रामस्नेही प्रसाद ने दबंगों द्वारा जल निकासी का पाइप उखाड़ने की शिकायत रखी। खंडे छपेर निवासिनी देवंती देवी एवं दुर्गावती देवी ने छप्पर के मकान एवं भूमिधरी में बिना किसी अधिकार के दबंगों द्वारा कब्जा करने की शिकायत की। तहसील परिसर में 18 वर्ष से अधिक के कई लोगों ने कोरोना से बचाव के लिये प्रिकाशन डोज भी लगवाया। इस दौरान प्रभारी सीएमओ डॉ. सुरेंद्र सिंह, एसडीएम सौरभ सिंह आदि मौजूद रहे।



देवरिया सदर तहसील में शनिवार को समाधान दिवस के दौरान लोगों की समस्यायें सुनते डीएम और एसपी। • हिन्दुस्तान

## बरहज में एक का भी नहीं हो सका निपटरा

### बरहज तहसील

बरहज। तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता एडीएम वित्त व राजस्व नागेन्द्र कुमार सिंह ने की।

इस दौरान कुल 40 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर एक भी मामले का निपटारा नहीं हो सका। इसमें राजस्व विभाग के 26, पुलिस के 9, विद्युत के 3, आपूर्ति के दो मामले आये इस दौरान उप जिलाधिकारी डॉ. गजेंद्र कुमार, तहसीलदार अश्वनी कुमार मौजूद रहे।

## 96 में से मात्र नौ मामले ही सुलझे

### सलेमपुर तहसील

सलेमपुर। तहसील सभागार में शनिवार को सीडीओ रवींद्र कुमार ने समाधान दिवस में फरियादियों की समस्या सुनीं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्राप्त मामलों की जांच और मौके का स्थलीय निरीक्षण करते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम करें। इस दौरान कुल 96 मामले आये, जिसमें मात्र 9 का निपटारा ही मौके पर हो सका। इसमें राजस्व विभाग के 62, पुलिस विभाग के 10, विकास विभाग के 5, पूर्ति विभाग के 9, नगर पंचायत विभाग के 4, वन विभाग के 2, बिजली विभाग के एक-एक मामले आये। यहां आये अधिकतर फरियादियों ने बताया कि वह पिछले कई माह से अपने मामले के निपटारे के लिये भटक रहे हैं।



सलेमपुर तहसील में फरियादियों की समस्यायें सुनते सीडीओ रवींद्र कुमार।

## 29 में से चार मामले का हुआ निस्तारण

### रुद्रपुर तहसील

रुद्रपुर। तहसील सभागार में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज ने इसमें फरियादियों की समस्यायें सुनीं। इस दौरान कुल 29 मामले आए, जिसमें राजस्व विभाग के चार मामलों का ही निपटरा किया जा सका। इसमें राजस्व विभाग के 19, पुलिस के 6, विकास 2 व अन्य विभाग के 2 मामले आए थे।

# 29 में से चार मामले का हुआ निस्तारण

## रुद्रपुर तहसील

रुद्रपुर। तहसील सभागार में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज ने इसमें फरियादियों की समस्यायें सुनीं। इस दौरान कुल 29 मामले आए, जिसमें राजस्व विभाग के चार मामलों का ही निपटरा किया जा सका। इसमें राजस्व विभाग के 19, पुलिस के 6, विकास 2 व अन्य विभाग के 2 मामले आए थे।

# 49 ने की फरियाद, सात मामलों का हुआ निस्तारण

## भाटपाररानी तहसील

भाटपाररानी। तहसील सभागार में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान फरियादियों की भीड़ देखने को मिली। मुख्य राजस्व अधिकारी अमृत लाल बिंद और उप जिलाधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने आम लोगों की समस्याओं को सुना। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक संबंधित अधिकारी समस्याएं सुनने के लिये बैठे रहे। इस दौरान 49 मामले आये, जिसमें अफसरों ने 7 मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया। अन्य मामलों के निस्तारण के लिए सम्बंधित विभागों को भेज दिया गया। इसमें अधिकांश मामले छोटे-मोटे विवाद से जुड़ा रहा, जिसके निस्तारण के लिए फरियादी तहसील का चक्कर लगाने के लिये मजबूर दिखे।

# कांस्टेबल निलंबित, जांच कमेटी देगी आख्या

देवरिया। सदर रेलवे स्टेशन पर एक आरपीएफ कास्टेबल का वीडियो वायरल होने पर जांच बैठा दी गई है। देवरिया सदर रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ सिपाही सुधीर श्रीवास्तव वायरल होने पर वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल वाराणसी मंडल मंडल डा. अभिषेक द्वारा निलंबित कर जांच बैठा दी गई है।

# तीन पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

देवरिया। पुरानी रंजिश को लेकर गोलबंद लोगों ने महिला और उसके बेटे को मारा पीटा था। पीड़ित की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने संतोष सिंह, प्रमोद सिंह पुत्र शिव प्रसाद सिंह और हरिशंकर सिंह पुत्र रामदास पर केस दर्ज किया है।

# पांच पर बलवा व मारपीट का केस

देवरिया। बैनामा भूमि पर कब्जा लेने गए युवक को मनबढ़ों ने मारपीट कर घायल कर दिया था। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने पांच लोगों पर केस दर्ज किया है। मनबढ़ों ने उस भूमि को जोतवाकर धान की रोपाई करा दी। पीड़ित ने तहरीर सदर कोतवाली पुलिस को दिया था।

सदर कोतवाली क्षेत्र के भुजौली कालोनी के रहने वाले घनश्याम सिंह पुत्र स्व. श्रीराम सिंह ने पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया है कि उन्होंने कुछ वर्ष पूर्व एक भूमि को बैनामा लिया था। पीड़ित की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने चन्द्र यादव उर्फ वैभव यादव, निखिल यादव पुत्रगण स्व.सुरेन्द्र यादव, इन्द्रावती देवी पत्नी स्व.सुरेन्द्र यादव, महेन्द्र यादव, संजय यादव पुत्रगण सत्यनारायण यादव निवासी मेहड़ा पुरवा थाना सदर कोतवाली के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# वृद्धजन के अनुभवों का हो सामाजिक उपयोग

## कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी ने की वृद्धों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा

**जागरण संवाददाता, देवरिया :** डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि वृद्ध सामाजिक धरोहर एवं अनुभव के भंडार हैं। उनके अनुभवों का लाभ पूरे समाज को मिलना चाहिए। वह शनिवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में वृद्धों के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जनपद के मेहड़ा पुरवा स्थित वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धों का सामाजिक उपयोग होना आवश्यक है। हमारा प्रयास रहे कि वृद्ध एकाकी जीवन व्यतीत न करें। उनकी रुचि एवं हुनर के अनुसार गायन, लेखन, वादन व बागवानी के अवसर उपलब्ध कराएं। वृद्धों को जनपद के विद्यालयों, धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में सहयोग लें। उनके मानसिक स्वास्थ्य का भी ख्याल रखें। वृद्धों के बारे में स्कूलों एवं कार्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। बेघर व अपनों के बेरुखी झेल रहे वृद्धों को वृद्धाश्रम पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि मेडिकल कैंप आयोजित कर स्वास्थ्य की नियमित जांच भी कराएं। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को इसके लिए निर्देश दिया है। साथ ही समिति को माह में तीन बार वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर मिल रही सुविधाओं की जांच करने का निर्देश दिया।



सदर तहसील मे दिव्यांग को प्रमाणपत्र देते जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक, संकल्प शर्मा (दाएं) • जागरण

### दस लोगों को मिला दिव्यांग प्रमाणपत्र

**देवरिया :** सदर तहसील मे शनिवार को आयोजित शिविर में दस लोगों को दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया गया। दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोगों ने मौके पर ही आनलाइन किया। उसके बाद मेडिकल बोर्ड ने दिव्यांगता की जांच की। जिसके बाद दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने प्रमाण वितरित किए। इस मौके पर प्रभारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कृष्णकांत राय, एसीएमओ डा. राजेंद्र प्रसाद आदि मौजूद रहे।

SITY
2257539

# चोरी के मोटर बरामद एक आरोपित गिरफ्तार

**जासं, सलेमपुर:** मोटर चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने शनिवार को पर्दाफाश कर चार मोटर सहित एक चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। टीचर्स कॉलोनी के वार्ड संख्या सात के रहने वाले लक्ष्मण सिंह निर्माण करा रहे थे, जिसके लिए वह मोटर लगाए थे। इसी बीच किसी ने मोटर चुरा लिया। इस मामले में लक्ष्मण ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दो दिन बाद एसआइ अंकित सिंह महदहा के समीप से एक अदद मोटर के साथ चोर को पकड़ लिया। उसकी निशानदेही पर तीन और मोटर बरामद किया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम रामपाल पुत्र गोरख ग्राम चंकरा गोसाई थाना मईल जनपद देवरिया बताया।

# आरोपित गिरफ्तार, गया जेल

एकौना : गोरखपुर के चौरीचौरा थाना क्षेत्र के रामूडीहा के रहने वाले तीन वर्ष से फरार चल रहे एक फर्जी बैनामा के मामले में आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित सत्येन्द्र सिंह पुत्र श्रीनिवास सिंह गोरखपुर के सोनबरसा चौराहे से धर दबोचा। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय पेश किया। जहां न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि आरोपित तीन वर्ष से फरार चल रहा था। (जासं)

# महिला ने लगाई गुहार

**भाटपाररानी :** सिहंडीह गांव की रहने वाली इंदू सिंह पत्नी विंध्याचल सिंह ने क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देकर गांव के ही कुछ लोगों द्वारा मारपीट किए जाने की शिकायत की है। शिकायती पत्र में उन्होंने लिखा है कि जमीन बिक्री के लिए गांव के कुछ लोगों ने उनसे रुपये ले लिया और अब जमीन नहीं लिख रहे हैं। रुपये मांगने पर धमकी दे रहे हैं। क्षेत्राधिकारी ने थानाध्यक्ष भटनी को पूरे प्रकरण की जांच और कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। (जासं)

# फायरिंग करने वाला हमलावर गिरफ्तार

**जासं, रुद्रपुरः** क्षेत्र के खोरमा-कन्हौली के पुलिया के समीप एक युवक पर हवाई फायरिंग व हमला करने के आरोपित को पुलिस ने शनिवार की दोपहर कन्हौली चौराहा से गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस ने लक्ष्मीपुर के रहने वाले धीरज सिंह की तहरीर पर चार के विरुद्ध प्राणघातक हमले का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपित रतन त्रिपाठी पुत्र जनार्दन त्रिपाठी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

# तैराकी व क्रास कंट्री में देवरिया चैंपियन

- तीन दिवसीय गोरखपुर जोन की अंतरजनपदीय पुलिस तैराकी व क्रास कंट्री प्रतियोगिता का समापन
- तैराकी में कुशीनगर व क्रास कंट्री महिला वर्ग में महराजगंज चैंपियन
- प्रतियोगिता में देवरिया, गोरखपुर, कुशीनगर, महराजगंज, संतकबीरनगर, बस्ती, गोंडा, बहराइच, सिद्धार्थनगर के 179 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

जागरण संवाददाता, देवरिया: स्व.रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को तीन दिवसीय 60वीं गोरखपुर जोन की अंतरजनपदीय पुलिस तैराकी व क्रास कंट्री महिला व पुरुष प्रतियोगिता का समापन हो गया। जनपद देवरिया की टीम तैराकी व क्रास कंट्री में ओवरआल चैंपियन रही। तैराकी में कुशीनगर, तैराकी महिला व क्रास कंट्री पुरुष में देवरिया की टीम, क्रास कंट्री महिला वर्ग में जनपद महराजगंज की टीम चैंपियन रही।

प्रतियोगिता की शुरुआत मुख्य अतिथि एएसपी डा.राजेश सोनकर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। तैराकी के पुरुष वर्ग के 50 मीटर फ्री स्टाइल में सिद्धार्थनगर के राजेश यादव प्रथम, कुशीनगर के धनन्जय राय द्वितीय, महराजगंज के ओमप्रकाश तृतीय स्थान पर रहे। 50 मीटर बैक स्ट्रोक में कुशीनगर के दुर्गेश कुमार शर्मा प्रथम, देवरिया के राजनारायण यादव द्वितीय, संतकबीरनगर के आबदीन अंसारी तृतीय स्थान पर रहे। 100 गुणे 4 फ्री स्टाइल रिले में कुशीनगर प्रथम, सिद्धार्थनगर द्वितीय व संतकबीरनगर तृतीय स्थान पर रहा। मुख्य अतिथि ने सभी विजयी खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया।

कहा कि सभी खिलाड़ियों ने स्वस्थ खेल भावना के तहत प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। खेल में एक प्रतिभागी हारता है तो दूसरा प्रतिभागी जीतता है। लेकिन हमें खेल अनुशासन के साथ इसको स्वीकार करना चाहिए। खेल में प्रतिभाग करना महत्वपूर्ण होता है। इससे टीम भावना का विकास होता है। खेल से शारीरिक, बौद्धिक एवं मानसिक विकास होता है। प्रतियोगिता में देवरिया, गोरखपुर, कुशीनगर, महराजगंज, संतकबीरनगर, बस्ती, गोंडा, बहराइच, सिद्धार्थनगर की टीमों के करीब 179 महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतिसार निरीक्षक पंकज कुमार सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।



देवरिया की टीम को पुरस्कृत करते एएसपी डा. राजेश सोनकर (मध्य में) ● जागरण

निर्णायक की भूमिका में बेसिक शिक्षा विभाग के गंगेतेश्वर सिंह, संजीव कुमार दुबे, विवेकानन्द शर्मा, तैराकी कोच हेमंत कुमार, संध्या कन्नौजिया, सूर्यांश कुमार, राज रोहित सैनी एवं नितेश कुशवाहा रहे। इस दौरान सीओ लाइन विनय यादव, सीओ प्रशिक्षु अंशुमान श्रीवास्तव, एसआइ राजगोपाल तिवारी, एसआइ रामदास यादव, एसआइ गुलाब सिंह, एसआइ प्रतिराम गुप्ता, हेड पीटीआइ राजनारायण यादव, पीटीआइ सुनील यादव, पीटीआइ वीरेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# छाए रहे राजस्व व पुलिस के मामले

## सदर तहसील में 62 में चार का निस्तारण, डीएम व एसपी ने की सुनवाई

जासं, देवरिया: जिले के सभी तहसीलों में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व व पुलिस के विवाद छाए रहे। मौके पर कम संख्या में शिकायतों का निस्तारण हुआ। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सुनवाई की।

सदर तहसील में कुल 62 मामलों में मौके पर चार का निस्तारण किया गया। राजस्व के 29 व पुलिस के 18 मामले शामिल थे। गंभीरपुर मालीबारी के रामसनेही प्रसाद ने जल निकासी का पाइप उखाड़ने की शिकायत की तो डीएम ने कानूनगो व एसओ को मौके पर भेजा। परसिया अहीर के बबलू गोंड ने पट्टे की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत की। डीएम ने तहसीलदार व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को मौके पर जाकर निस्तारित कराने का निर्देश दिया। रामपुर कारखाना के ग्राम खंडे छापर गांव की देवंती देवी व दुर्गावती देवी ने छप्पर व भूमिधरी में बिना किसी अधिकार के कब्जा करने की शिकायत की।



सदर तहसील मे फरियाद सुनते डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा (बाएं), सदर एसडीएम सौरव सिंह व सीओ सिटी श्रीयस त्रिपाठी • जागरण

सलेमपुर संवाददाता के अनुसार, तहसील सभागार में सीडीओ रवींद्र कुमार, एएसपी डा.राजेश सोनकर, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजन द्विवेदी ने फरियाद सुनी। कुल 97 मामलों में नौ का मौके पर निस्तारण किया गया। राजस्व के 62, पुलिस के 10, आपूर्ति के नौ, विकास के पांच, नगर पंचायत के चार, वन के दो, कृषि, विद्युत, समाज कल्याण, जल निगम व स्वास्थ्य से संबंधित एक-एक मामले आए। रुद्रपुर संवाददाता के अनुसार, एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज के समक्ष 29 मामले आए, जिसमें चार का मौके पर निस्तारण किया गया। राजस्व के 19, पुलिस के छह, विकास के दो अन्य दो मामले शामिल हैं। भाटपाररानी संवाददाता के अनुसार, सीआरओ अमृत लाल बिंद व एसडीएम अरुण वर्मा ने तहसील परिसर में फरियाद सुनी। कुल 49 में सात का निस्तारण मौके किया गया। कुल मामलों में राजस्व के 13, पुलिस 20, चकबंदी तीन, ग्राम विकास के सात, नगर पंचायत के छह मामले शामिल हैं।

# कार्यालय जिलाधिकारी, महराजगंज

उत्तर प्रदेश सरकार
नगर विकास अनुभाग–1
संख्या–1696/9–1–2022–42 परि./22
लखनऊ, दिनांक. 12 जुलाई, 2022

## अधिसूचना

नगर पंचायत बृजमनगंज, जिला–महराजगंज के वार्डो के परिसीमन के सम्बन्ध में अधिसूचना का निम्नलिखित प्रारूप, जिसे श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश, नगर पालिका अधिनियम 1916 (उ0प्र0 अधिनियम सं0–2, सन् 1916) की धारा–11 ख के अधीन शक्ति का प्रयोग करके जारी करने का प्रस्ताव करते हैं। उक्त धारा की उप धारा (2) की अपेक्षानुसार सम्बन्ध व्यक्तियों की सूचना के लिये और आपत्तियॉं आमंत्रित करने के लिये एतद् द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

# फर्जी प्रमाणपत्र से शिक्षक बने 20 पर केस

## जिले के विभिन्न प्राथमिक स्कूलों में थे तैनात, सदर कोतवाली में दर्ज हुआ मुकदमा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**देवरिया।** बेसिक शिक्षा परिषद में फर्जी शैक्षिक प्रमाणपत्रों के जरिए सहायक अध्यापक बने 20 जालसाजों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने शनिवार को मुकदमा दर्ज किया है। इनके खिलाफ खंड शिक्षाधिकारी सदर ने तहरीर दी थी। विभागीय जांच के बाद विभिन्न स्कूलों में कूटरचना कर इनके प्रमाण पत्र जारी होना पाया गया है।

काफी समय से फर्जी प्रमाणपत्रों के जरिए नौकरी कर रहे शिक्षकों के खिलाफ रात में खंड शिक्षाधिकारी सदर विजय पाल नारायण त्रिपाठी ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि विभाग में 20 शिक्षकों के प्रमाणपत्र जांच में फर्जी पाए गए हैं।

### इन बर्खास्त शिक्षकों पर दर्ज हुआ मुकदमा

देवरिया। लल्लन यादव प्राथमिक विद्यालय नारायनपुर शिक्षा क्षेत्र रुद्रपुर, चंद्रभूषण यादव, प्राथमिक विद्यालय समोगर बरहज, ऋषिकेश कुमार प्राथमिक विद्यालय, खपड़हवा बैतालपुर, रणजीत कुमार यादव प्राथमिक विद्यालय, जाखाडीह भाटपाररानी, नथुनी प्रसाद भारती प्राथमिक विद्यालय जमुनाछापर भलुअनी, सोमेश्वर कुमार मिश्र प्राथमिक विद्यालय प्राथमिक विद्यालय बरईपुर लाला रामपुर कारखाना, अनुराग कुमार मिश्र पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरठा बाबू सलेमपुर, रामभरोसे प्राथमिक विद्यालय प्राथमिक विद्यालय मल्हना सलेमपुर, वीणा रानी उच्च प्राथमिक विद्यालय धनौती राय सलेमपुर, बृंदा लाल गौतम प्राथमिक विद्यालय मठ भगवान देसही देवरिया, रितेश कुमार सिंह प्राथमिक विद्यालय नंद टोला देसही देवरिया, रामानुज मिश्र कंपोजिट विद्यालय नगउर देवरिया सदर, रीता यादव प्राथमिक विद्यालय अगया, शैल पूर्व माध्यमिक विद्यालय भटवलिया नगर क्षेत्र देवरिया, वसुंधरा यादव पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेखुई विकास खंड गौरीबाजार, अभिराम मणि कंपोजिट विद्यालय चकमाघो मठिया देवरिया सदर, चंद्रशेखर कंपोजिट विद्यालय आनंद नगर गौरी बाजार, रामसमुझ प्रावि विद्यालय हरपुर गौरी बाजार, अश्वनी कुमार यादव प्रावि विद्यालय विशुनपुर देवार बरहज, राजेश कुमार राय अंशकालिक अनुदेशक पूमावि डुमरी भटनी।

इसके आधार पर पुलिस ने धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। दूसरी तरफ एसटीएफ की जांच के बाद काफी पहले ही इन शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया गया था।

### 61 शिक्षकों पर दर्ज हो चुका है केस, वेतन की वसूली एक से भी नहीं

देवरिया। बेसिक शिक्षा विभाग में फर्जी प्रमाणपत्र के जरिए नौकरी पाने वाले जालसाजों की जड़ें गहरी हैं। अभी तक जनपद 61 शिक्षकों का साढ़े चार साल में जांच के दौरान फर्जी प्रमाणपत्र पाया जा चुका है। पर एक भी बर्खास्त शिक्षक से धन की वसूली नहीं की गई है। पहले दर्ज मामलों में पुलिस आरोप पत्र भी न्यायालय में दाखिल कर चुकी है। जनपद निवासी कुछ लोगों ने महराजगंज, सिद्धार्थनगर में भी फर्जी प्रमाण पत्र के सहारे नौकरी पा ली थी। जांच के बाद प्रमाणपत्र फर्जी पाए जाने पर मुकदमा दर्ज हुआ। पर इन सभी के बावजूद वेतन की वसूली नहीं की गई।

बर्खास्त शिक्षकों की जांच चल रही है। वेतन वसूली की भी तैयारी की जा रही है। ऐसे शिक्षकों का पूरा ब्योरा जुटाया जा रहा है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
**-हरिश्चंद्र नाथ,** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

खंड शिक्षा अधिकारी की तहरीर पर 20 शिक्षकों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना की जाएगी। आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।
**-अनुज कुमार सिंह,** कोतवाल सदर

# दो शस्त्रधारकों को असलहा थाने में जमा कराने के निर्देश

रामपुर कारखाना। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दो लोगों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने दोनों लोगों को अपने शस्त्र थाने में जमा करने के निर्देश दिए हैं।

गौरा गांव निवासी रितेश कुमार राय और प्रवीण कुमार राय के नाम से लाइसेंसी असलहा जारी किया गया है। दोनों लोगों के खिलाफ रामपुर कारखाना थाने में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी ने टीम गठित कर मामले की जांच कराई।

जांच में रितेश और प्रवीण पर कई धाराओं में मुकदमा दर्ज होने की जानकारी मिली। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने रामपुर कारखाना थानाध्यक्ष को रितेश और प्रवीण का शस्त्र थाने में जमा कराने के निर्देश जारी किए हैं। संवाद

# मो. रहमान के पिता से मिले एएसपी

## 24 जुलाई की सुबह सुतावर कौसड़ मार्ग पर गला रेतकर हुई थी हत्या

संवाद न्यूज एजेंसी

लार। 23 दिन पूर्व गला रेतकर मोहम्मद रहमान की हुई हत्या के मामले में शनिवार को एएसपी राजेश सोनकर ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

उन्होंने रहमान के पिता सलीम से मिलकर अकेले में घटना से संबंधित जानकारी ली। इस दौरान वह कई बार भावुक हुए। एएसपी ने जल्द घटना के खुलासे का आश्वासन दिया।

लार नगर के यूसुफ रोड बाजार वार्ड निवासी मोहम्मद रहमान (17) की 24 जून की सुबह सुतावर कौसड़ मार्ग पर गला, हाथ, पैर काट कर फेंका गया शव मिला था। खून से सनी उनकी बाइक मईल थाना क्षेत्र के पिपरा बांध पुलिया के समीप मिली थी। पुलिस पिता सलीम की तहरीर पर अज्ञात कातिलों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर घटना की छानबीन कर रही है। घटना के जल्द खुलासे के लिए एसओजी भी लगाई गई है।



रहमान के पिता सलीम से घटना की जानकारी लेते एएसपी राजेश सोनकर।

पुलिस सूत्रों की मानें तो अब तक पचास से अधिक महिला-पुरुष से पूछताछ हो चुकी है। फिर भी पुलिस किसी ठोस नतीजे तक नहीं पहुंच पाई है। इसको लेकर लोगों में रोष है। उधर, हत्या के तेईस दिन बाद शनिवार को एएसपी राजेश सोनकर रहमान के पिता सलीम की दुकान पर पहुंचे। यहां उनसे अकेले में जानकारी ली।

### घटनास्थल का निरीक्षण भी किया

### सौ से अधिक लोगों से अब तक हो चुकी है पूछताछ

जल्द घटना के पर्दाफाश होने का आश्वासन दिया। इसके बाद सुतावर कौसड़ मार्ग स्थित घटनास्थल का तकरीबन आधे घंटे तक निरीक्षण किया। यहां एएसपी ने पुलिस कर्मियों से कई बिंदुओं पर जानकारी जुटाई। प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह से हर हाल में घटना का खुलासा करने के लिए कहा। उधर, रहमान के पिता सलीम ने कहा कि साहब हमारी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। फिर भी न जाने क्यों मेरे बेटे की इस तरह से हत्या हुई है। कातिलों का चेहरा पुलिस को जल्द बेनकाब करना चाहिए।





सलेमपुर में शिकायतें सुनते सीडीओ, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व एएसपी। सदर तहसील में डीएम और एसपी ने सुनीं लोगों की समस्याएं। संवाद

# इधर हुई शिकायत, उधर कब्जा हटाया

## संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायत का तत्काल कराया निस्तारण





बरहज में लोगों की समस्याएं सुनते अधिकारी। रुद्रपुर में एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज और एसडीएम संजीव कुमार उपाध्याय ने सुनी फरियाद संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने शनिवार को सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनी।

गंभीरपुर मालीबारी गांव निवासी रामस्नेही प्रसाद ने जलनिकासी का पाइप उखाड़ने की शिकायत की। डीएम ने कानूनगो और एसओ को मौके पर जाकर प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

परसिया अहीर गांव निवासी बबलू गोंड़ ने पट्टे की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत की। जिसपर डीएम ने तहसीलदार और कोतवाल को मौके पर भेजा। रामपुर कारखाना के ग्राम खाड़े छापर निवासिनी देवंती देवी एवं दुर्गावती देवी ने छप्पर के मकान एवं भूमिधरी में दबंगों के कब्जे को खाली कराने को कहा।

इस दौरान प्रभारी सीएमओ डॉ. नरेंद्र सिंह, एसडीएम सौरभ सिंह, सीओ श्रीयश त्रिपाठी, डीपीआरओ अविनाश कुमार, डीपीओ कृष्णकांत राय, बीएसए हरिश्चंद्र नाथ, तहसीलदार आनंद नायक आदि मौजूद रहे। उधर, सदर तहसील में दिव्यांगजनों को प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने के लिए विशेष शिविर का आयोजन हुआ।

उद्घाटन पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने किया। इस दौरान 14 यूनिक डिसेबिलिटी आइडेंटिटी कार्ड (यूडीआईडी) जेनरेट किए गए। साथ ही आठ दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाणपत्र मौके पर बना कर दिया गया।

### एडीएम ने समाधान दिवस पर सुनी फरियाद

रुद्रपुर। संपूर्ण समाधान दिवस पर शनिवार को एडीएम प्रशासन ने फरियाद सुनी। इस दौरान राजस्व और पुलिस विभाग के सर्वाधिक मामले रहे। एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग के 19, पुलिस के छह और अन्य विभाग से चार शिकायतें दर्ज की। राजस्व विभाग की चार शिकायतों का तत्काल निस्तारण हो पाया। एडीएम ने पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बना कर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम संजीव कुमार उपाध्याय, सीओ जिलाजीत, नायब तहसीलदार हिमांशु सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

### छाए रहे राजस्व और पुलिस के मामले

बरहज। तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें राजस्व और पुलिस के मामले छाए रहे। दिवस में आए 40 मामलों में एक का भी निस्तारण नहीं हो सका। अधिकारियों ने मामलों को संबंधितों को सौंप समय सीमा में निस्तारित करने के निर्देश दिए। एसडीएम गजेंद्र की अध्यक्षता में दिवस की कार्रवाई शुरू की गई। एडीएम वित्त एवं राजस्व नागेंद्र कुमार सिंह भी पहुंचे। इस दौरान तहसीलदार अश्वनी कुमार, नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह, सीओ पंचम लाल, बीडीओ चंद्रभूषण यादव, एडीओ पंचायत हरेंद्र कुमार सिंह, एसआई राकेश पांडेय, शेषनाथ कन्नौजिया, मनोज गुप्त, रामप्रताप, अमरेंद्र आदि मौजूद रहे। संवाद

### 97 शिकायतें आईं नौ का निस्तारण

सलेमपुर। संपूर्ण समाधान दिवस शनिवार को ब्लॉक सभागार में सीडीओ रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इसमें कुल 97 शिकायतें आईं। सबसे ज्यादा राजस्व के 62 मामलों में नौ का मौके पर निस्तारित किया गया। इस दौरान एसपी राजेश कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजन द्विवेदी, सीओ देवानंद, तहसीलदार शैलेंद्र कुमार, कोतवाल नवीन कुमार, ईओ राजन नाथ तिवारी आदि मौजूद रहे। संवाद

# क्रॉस कंट्री पुरुष वर्ग में देवरिया महिला वर्ग में महराजगंज चैंपियन

## गोरखपुर जोन की अंतरजनपदीय पुलिस तैराकी एवं क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का समापन

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** तीन दिवसीय 60वीं गोरखपुर जोन की अंतरजनपदीय पुलिस तैराकी एवं क्रॉस कंट्री (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ। इसका आयोजन स्व. रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ।

फाइनल प्रतियोगिता में तैराकी एवं क्रॉस कंट्री में ओवरआल चैंपियन जनपद देवरिया की टीम रही। तैराकी में कुशीनगर चैंपियन बना। तैराकी महिला एवं क्रॉस कंट्री पुरुष में देवरिया की टीम चैंपियन बनी। क्रॉस कंट्री महिला वर्ग में जनपद महराजगंज चैंपियन रही।



पुलिस तैराकी एवं क्रॉस कंट्री में देवरिया की टीम ओवरआल चैंपियन रही। संवाद

प्रतियोगिता में तैराकी में पुरुष वर्ग के 50 मीटर फ्री स्टाइल में सिद्धार्थनगर से राजेश यादव प्रथम, कुशीनगर से धनंजय राय द्वितीय, महराजगंज से ओमप्रकाश तृतीय स्थान पर रहे। 50 मीटर बैक स्ट्रोक में कुशीनगर से दुर्गेश कुमार शर्मा प्रथम, देवरिया से राजनारायण यादव द्वितीय, संतकबीरनगर से आबदीन अंसारी तृतीय स्थान पर रहे।

100 गुणे 4 फ्री स्टाइल रिले में कुशीनगर जनपद प्रथम, सिद्धार्थनगर द्वितीय व संतकबीरनगर तृतीय स्थान पर रहे। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर ने विजयी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक पंकज कुमार सिंह, बेसिक शिक्षा विभाग से गंगतेश्वर सिंह, संजीव कुमार दुबे, विवेकानंद शर्मा, तैराकी कोच हेमंत कुमार, संध्या कन्नौजिया आदि मौजूद रहे।

# KUSHINAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-07-2022

# कुशीनगर जिले की टीम तैराकी में बनीं चैम्पियन

देवरिया। निज संवाददाता रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे 60वीं अन्तर जनपदीय पुलिस प्रतियोगिता में देवरिया की टीम ओवरआल चैम्पियन रही। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एएसपी राजेश सोनकर ने देवरिया की टीम को पुरस्कृत किया। देवरिया जिले की महिला और पुरुष दोनों वर्गो में प्रथम स्थान कर विजेता बना।

प्रतियोगिता के तीसरे दिन शनिवार को तैराकी एवं क्रॉस कंट्री (महिला,पुरुष) के प्रतियोगिता का समापन हुआ। जिसमें तैराकी एवं क्रॉस कंट्री में देवरिया की टीम ओवरआल चैंपियन रही। तैराकी में कुशीनगर चैंपियन बना। तैराकी महिला एवं क्रॉस कंट्री पुरुष में देवरिया की टीम चैंपियन बनी। क्रॉस कंट्री महिला वर्ग में जनपद महराजगंज चैंपियन रही। शनिवार को हुए तैराकी के पुरुष वर्ग के 50 मीटर फ्री स्टाइल में सिद्धार्थनगर के राजेश यादव प्रथम, कुशीनगर के धनन्जय राय द्वितीय, महराजगंज के ओमप्रकाश तृतीय स्थान पर रहे। 50 मीटर बैक स्ट्रोक में कुशीनगर के दुर्गेश कुमार शर्मा प्रथम, देवरिया के राजनारायण यादव द्वितीय, संतकबीरनगर के आबदीन अंसारी तृतीय स्थान पर रहे। 100 गुणा 4 फ्री स्टाइल रिले में कुशीनगर जनपद प्रथम, सिद्धार्थनगर द्वितीय व संतकबीरनगर तृतीय स्थान पर रहे। मुख्य अतिथि एएसपी राजेश सोनकर ने विजयी खिलाड़ियों को मेंडल एवं प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक, बौद्धिक एवं मानसिक विकास होता है।



सीसीटीवी कैमरा लगवाने वाले नागरिकों को एसपी ने किया सम्मानित।

# सीसी कैमरे लगवाने वालों सम्मानित

कुशीनगर। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने शनिवार को पडरौना शहर के सुभाष चौक पर शहर के प्रमुख स्थलों पर सीसी कैमरे लगवाने वाले प्रमुख कारोबारियों व प्रबुद्ध लोगों को सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर कुन्दन सिंह, व्यापार मण्डल के पदाधिकारी व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# 6 गांवों में छापेमारी कर कच्ची शराब बरामद

**दाहूगंज।** तरयासुजान थाना क्षेत्र में स्थित सलेमगढ़ पैठानी टोला, हफुआ बलराम, हफुआ चतुर्भुज, रामपुर बंगरा, अहिरौलीदान समेत 6 गांवों में आबकारी व पुलिस टीम ने कच्ची शराब पर छापेमारी की। 20 लीटर शराब, 500 किलो लहन व तीन पेटी विदेशी मदिरा को पुलिस व आबकारी टीम ने बरामद किया।

# आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की

पडरौना। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने एसपी को पत्रक सौंप आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है। एसपी को पत्रक सौंप बताया कि 13 वर्षीय नाबालिग बेटी को गांव का एक युवक पिछले 26 जून को बहला फुसलाकर भगा ले गया।

# समाधान दिवस में 447 मामलों में 39 का निस्तारण

5 जगह 5 रिपोर्टर

कुशीनगर। शनिवार को जिले के तहसीलों पर समाधान दिवस का आयोजन हुआ। पडरौना में जिला स्तरीय समाधान दिवस की अध्यक्षता डीएम एस राजलिंगम ने की। इस दौरान एसपी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने तहसील में आए फरियादियों की समस्या का समाधान किया। सभी छह तहसीलों पर समधान दिवस में 447 मामले आए, 39 का मौके पर ही समाधान हुआ। पडरौना में जिला स्तरीय समाधान दिवस में आज 117 मामले आये जिसमें 11 निस्तारित हुए तथा 106 अवशेष रहे।

## कसया में 52 में महज 5 का हो सका समाधान

**कसया**

पजिलाधिकारी कसया की अध्यक्षता सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित आ। इसमें कुल 52 मामलों में से 5 का निस्तारण हुआ। उपजिलाधिकारी फरियादियों की समस्याओं के समाधान पर जोर देते हुए कहा कि सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी आम जन की समस्याओं से जुड़ सम्बंधित प्रार्थनावलियों का निराकरण कराएं। अगर मामलों के निस्तारण में कोई लापरवाही या शिथिलता बरती गई तो कड़ी करवाई की जाएगी। राजस्व के 41, पुलिस के 03, विकास 03, अन्य 5 सहित कुल 52 मामले आये। इनमें से राजस्व के 5 मामलों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। शेष मामलों को सबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेज दिया गया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी पीयूष कांत राय, तहसीलदार मान्धाता प्रताप सिंह सहित तहसील स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



पडरौना तहसील दिवस में फरियाद सुनते डीएम व एसपी। • हिन्दुस्तान

## तहसील में 32 मामले आए 5 का ही निस्तारण

**खड्डा**

तहसील में शनिवार को एसडीएम भावना सिंह की अध्यक्षता व तहसीलदार दिनेश कुमार की देखरेख में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिसमें 32 शिकायती प्रार्थना पत्र आयें, सिर्फ 5 आवेदनों का ही मौके पर निस्तारण हो सका। 28 बचे मामलों को सम्बंधित विभाग में निस्तारण हेतु भेजा गया। अपजिलाधिकारी के समक्ष भाकियू के जिलाध्यक्ष रमाकांत तिवारी ने बारिश नही होने से बर्वाद हुई फसलों को देखते हुए कुशीनगर को सूखाग्रस्त जिला घोषित करने, खड्डा निवासी राम अवतार अग्रवाल ने नगर पंचायत की सर्वाजनिक भूमि पर हुए अवैध कब्जा को हटवाने, हनुमागंजके जयराम यादव ने पडोसी द्वारा पुत्र को जहर देकर मारने के मामले की जांच तथा रामनगर निवासी पारसनाथ ने पैमाइसोप्रांत जमीन पर लगे पिलरों को विक्षपी द्वारा उखाड फेंकने की शिकायत की।

# चोरी की दो बाइकों के साथ तीन गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, कसया :** मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह के तीन शातिर शनिवार को पकड़े गए। इनकी निशानदेही पर कसया थाना पुलिस ने चोरी की दो बाइकें बरामद कीं, जिसमें एक बिहार के सिवान से चोरी की गई है। मुकदमा दर्ज कर वाहन चोरों को न्यायालय ले जाया गया, वहां से उन्हें जेल भेज दिए गया।

प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ सुबह दस बजे बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच में निकले थे। सूचना मिली कि बाइक चोरों का एक गिरोह नगर में घूम रहा है। पुलिस टीम उनकी तलाश में जुट गई। ओवरब्रिज के नीचे दो बाइकों पर सवार तीन संदिग्ध युवक दिखे।

पुलिस ने उन्हें रोका तो वह भागने लगे, उन्हें दौड़ाकर पकड़ा। पूछताछ में युवकों ने बताया कि वह विभिन्न शहरों में किराये का कमरा लेकर रहते हैं तथा फेरी लगाकर सामान बेचते हैं। इस दौरान एकांत स्थान पर खड़ी मिली बाइक चुराते हैं। पकड़े गए बाइक चोरों की पहचान दीपक कुमार, प्रवीण कुमार व विमल कुमार, ग्राम शाहपुर गोकुलापुरी मंदिर, थाना शाहपुर, जिला मुजफ्फरनगर



बरामद बाइक व आरोपितों के साथ पुलिस टीम ●

- **दिखावे के लिए फेरी लगाकर सामान बेचने का करते हैं धंधा**
- **मुजफ्फरनगर के रहने वाले हैं पकड़े गए सभी आरोपित**

के रूप में हुई। इनके पास से बरामद दो बाइकों में एक कस्बे से चोरी हुई है तो दूसरी बाइक बिहार की है। पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक हरेराम सिंह यादव, उपनिरीक्षक शनि कुमार ज्वाला, उपनिरीक्षक आदित्य साहू, कां. संजय यादव, सत्यप्रकाश यादव, अजय, संजय गुप्ता शामिल रहे।

# संयुक्त कार्रवाई में नष्ट की गई कच्ची व लहन

## तरयासुजान इलाके में जिले की पुलिस व बिहार की टीम ने चलाया जांच अभियान

**जासं, तरयासुजान :** आबकारी विभाग, तरयासुजान पुलिस व बिहार के उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने तरयासुजान क्षेत्र में शनिवार को कच्ची के ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान बड़ी मात्रा में लहन व कच्ची बरामद हुई। हालांकि कोई धंधेबाज हाथ नहीं आए।

दोनों प्रांतों की संयुक्त टीम सुबह सात बजे सलेमगढ़ के पैठानी टोला पहुंची।

- **यूपी पुलिस, आबकारी व तथा बिहार के उत्पाद विभाग ने की छापेमारी**
- **सलेमगढ़ के पैठानी टोला, हफुआ बलराम व चतुर्भुज में हुई कार्रवाई**

गांव के बाहर स्थित झुग्गी-झोपड़ियों में छापेमारी की। यहां लहन, कच्ची बनाने के उपकरण बरामद हुए। टीम के पहुंचने से पहले ही धंधेबाज भाग निकले। यहां से टीम रामपुर बंगरा तथा अहिरौली दान बार्डर पर पहुंची। नदी किनारे यहां हुई छापेमारी में नदी किनारे छिपाकर कर रखा गई कच्ची व लहन बरामद हुई। टीम ने उसे नष्ट कर दिया।

इसी तरह हफुआ बलराम व हफुआ चतुर्भुज स्थित ईंट-भट्ठे पर भी टीम ने छापेमारी की। भट्ठे से लहन बरामद हुआ। जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि संयुक्त के अभियान में पांच क्विंटल लहन, 20 लीटर कच्ची तथा तीन पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। टीम में बहादुरपुर चौकी प्रभारी अविनाश सिंह, आबकारी निरीक्षक अमरनाथ कश्यप, आबकारी निरीक्षक गोपालगंज बिहार प्रकाशचंद्र आदि शामिल रहे।

## शांति व्यवस्था बनाए रखने में सभी करें सहयोग

**जासं, फाजिलनगर :** कस्बे की पुलिस चौकी पर शनिवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व नागरिकों की बैठक हुई। नगर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाएं रखने, नियम कानून के पालन पर जोर दिया गया। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कस्बे की समस्या से चौकी इंचार्ज को अवगत कराया। चौकी इंचार्ज राकेश यादव ने कहा कि किसी को कोई भी दिक्कत हो तो उसका निदान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

# विद्वेषपूर्ण कार्रवाई का आरोप

**जासं, पडरौना :** जंगल बकुलहा की रहने वाली अल्पना देवी ने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर पडरौना थाना पुलिस पर विद्वेषपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाया है। शिकायत के बाद पुलिस ने उन्हें व स्वजन को जेल भेज दिया। आरोपित पर कोई कार्रवाई नहीं की। इसकी जांच कराकर कार्रवाई की जाए।

# 11 को मिला न्याय, 106 को आश्वासन

## भूमि विवाद के मामलों को थानेदारों को गंभीरता से लेने का एसपी ने दिया आदेश

- तहसील समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं
- लंबित मामलों में अफसरों ने दिए टीम बनाने के निर्देश

**जागरण संवाददाता, पडरौना :** तहसील समाधान दिवस पर इस बार भी बड़ी संख्या में पीड़ित निराश लौटे। डीएम-एसपी की मौजूदगी में सुनवाई कर रही अफसरों की टीम सभी पीड़ितों को न्याय नहीं दिला पाई। आयोजन के दौरान आए कुल 117 में सिर्फ 11 मामलों का ही निस्तारण हो सका। शेष मामलों में अफसरों ने टीम गठित कर समस्या समाधान का निर्देश दिए। हर बार की तरह इस बार भी पीड़ित निराकरण का आश्वासन पाकर घर लौट गए।



पडरौना तहसील सभागार में फरियाद सुनते बाएं से एसपी धवल जायसवाल, डीएम एस.राजलिंगम ● जागरण

डीएम एस राजलिंगम तथा एसपी धवल जायसवाल की मौजूदगी में सदर तहसील सभागार में सुबह 10 बजे तहसील समाधान दिवस आयोजित हुआ। शुरुआत में पीड़ितों की संख्या ठीक रही मगर दोपहर बाद इक्का-दुक्का लोग ही पहुंचे। राजस्व के 76, पुलिस के 15, विकास के 12 तथा अन्य से जुड़े 14 समेत कुल 117 मामले आए। राजस्व से जुड़े 11 मामले मौके पर ही निस्तारित कर दिए गए। डीएम ने कहा कि तहसील समाधान दिवस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। पीड़ित उम्मीद लेकर यहां आता है। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने का निर्देश दिया। एसपी ने कहा कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों को थानेदार गंभीरता से लें और राजस्व टीम की मदद ले ऐसे मामले त्वरित निस्तारित कराएं। इसमें लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इससे पूर्व डीएम-एसपी ने पुनर्निमित तहसील सभागार का फीता काट कर उद्घाटन किया। सीएमओ डा. सुरेश पटारिया, एसडीएम सदर महात्मा सिंह, सीओ कुंदन कुमार सिंह, तहसीलदार सुमित सिंह, नायब तहसीलदार विशालदत्त राम त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। तमकुहीराज में एसडीएम व्यास नारायण उमराव की मौजूदगी में आए 63 में पांच मामले निस्तारित किए गए।



# बाइक सवार युवकों पर हमला के मामले में मुकदमा

**जासं, पटहेरवा:** बाइक सवार युवकों पर बीते गुरुवार को हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने शनिवार को मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

क्षेत्र के रहसू जुनेबीपट्टी निवासी शारदा कुशवाहा गांव के ही प्रमोद गुप्ता संग बाइक से जौरा बाजार जा रहे थे। धनहा के पास पहुंचे तो पहले से घात लगाए चार युवकों ने उन्हें रोका तथा हमला कर दिया। जिसमें शारदा व प्रमोद लहूलुहान हो गए। प्रमोद ने शुक्रवार को पटहेरवा पुलिस को नामजद तहरीर दी। एसएचओ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार को आरोपित बृजेश व निरंजन यादव निवासी धनहा तथा दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। आरोपित पकड़े जाएंगे।



# पुरुष तैराकी में कुशीनगर, महिला क्रॉस कंट्री में महराजगंज चैंपियन

## गोरखपुर जोन की अंतरजनपदीय पुलिस तैराकी एवं क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का समापन

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** तीन दिवसीय 60वीं गोरखपुर जोन की अंतरजनपदीय पुलिस तैराकी एवं क्रॉस कंट्री (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ। इसका आयोजन स्व. रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ।

फाइनल प्रतियोगिता में तैराकी एवं क्रॉस कंट्री में ओवरआल चैंपियन जनपद देवरिया की टीम रही। तैराकी में कुशीनगर चैंपियन बना। तैराकी महिला एवं क्रॉस कंट्री पुरुष में देवरिया की टीम चैंपियन बनी। क्रॉस कंट्री महिला वर्ग में जनपद महराजगंज चैंपियन रही।




पुलिस तैराकी एवं क्रॉस कंट्री में देवरिया की टीम ओवरआल चैंपियन रही। संवाद

प्रतियोगिता में तैराकी में पुरुष वर्ग के 50 मीटर फ्री स्टाइल में सिद्धार्थनगर से राजेश यादव प्रथम, कुशीनगर से धनंजय राय द्वितीय, महराजगंज से ओमप्रकाश तृतीय स्थान पर रहे। 50 मीटर बैक स्ट्रोक में कुशीनगर से दुर्गेश कुमार शर्मा प्रथम, देवरिया से राजनारायण यादव द्वितीय, संतकबीरनगर से आबदीन अंसारी तृतीय स्थान पर रहे।

100 गुणे 4 फ्री स्टाइल रिले में कुशीनगर जनपद प्रथम, सिद्धार्थनगर द्वितीय व संतकबीरनगर तृतीय स्थान पर रहे। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर ने विजयी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक पंकज कुमार सिंह, बेसिक शिक्षा विभाग से गंगतेश्वर सिंह, संजीव कुमार दुबे, विवेकानंद शर्मा, तैराकी कोच हेमंत कुमार, संध्या कन्नौजिया आदि मौजूद रहे।



पडरौना नगर में सीसीटीवी कैमरा लगवाने वाले व्यापारियों को सम्मानित करते एसपी धवल जायसवाल। संवाद

# सीसीटीवी कैमरा लगवाने पर एसपी ने व्यापारियों को किया सम्मानित

**पडरौना।** नगर के सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने वाले व्यापारियों को एसपी ने सम्मानित किया। शनिवार की शाम सुभाष चौक पर पहुंचे एसपी धवल जायसवाल ने सात व्यापारियों को माला पहनाकर उनको बधाई दी। व्यापारियों संग बैठक करते हुए एसपी ने कहा कि सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे आवश्यक हैं। व्यापारियों की ओर से रविन्द्रनगर, छावनी तिराहा, सुबाष चौक, बावली चौक, धर्मशाला रोड, अंबे चौक पर सीसीटीवी कैमरा लगवाया गया है। इस मौके पर व्यापारी दीपचंद अग्रवाल, प्रदीप चाहाड़िया, डॉ. देवशरण सिंह, डॉ. नंदलाल कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा एएसपी रितेश कुमार सिंह, सीओ कुंदन सिंह, सदर विधायक मनीष जायसवाल जायसवाल मौजूद रहे। संवाद



कप्तानगंज में फरियाद सुनते अपर जिलाधिकारी देवीदयाल वर्मा,एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव और अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह। संवाद

# वातानुकूलित तहसील सभागार का लोकार्पण



**पडरौना।** तहसील सभागार में शनिवार को जन सहयोग से बने वातानुकूलित तहसील सभागार का लोकार्पण हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे डीएम एस. राजलिंगम और एसपी धवल जायसवाल ने फीता काटकर लोकार्पण किया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी पडरौना महात्मा सिंह, तहसीलदार सुमित कुमार सिंह, लेखपाल योगेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे। संवाद

# करोड़ों रुपये की ठगी करके दुल्हन फरार, केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**उजारनाथ।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के धनौजी रोड, फाजिलनगर कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने अपनी बहू पर करोड़ों रुपये की ठगी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पीड़ित खुर्शीद आलम ने तहरीर में बताया है कि उनके बेटे की शादी बिहार राज्य के सिवान जिले की एक युवती के साथ 12 नवंबर 2019 को हुई थी। शादी के पहले से ही उसका प्रेम संबंध किसी युवक से चल रहा था। ससुर का आरोप है कि मायके के लोगों को साथ मिलाकर बहू ने साजिश के तहत 20 लाख रुपये के आभूषण बनवाए। सिवान में 60 लाख रुपये का भूखंड लिया। साथ ही लाखों रुपये का बीमा अपने नाम से कराया। जिद करके बहू ने 10 मई को अपने चाचा को साढ़े चार लाख रुपये का उधार भी दिलवाया। चाचा के साथ ही वह मायके चली गई। बाद में जब उनके बेटे ने फोन किया तो वह फोन नहीं उठा रही है।

खुर्शीद आलम का बेटा जब ससुराल पहुंचा तो मालूम हुआ कि उसकी पत्नी किसी के साथ कहीं चली गई है। पटहेरवा एसएचओ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया की तहरीर के अनुसार मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

# पुलिसकर्मी पर कार्रवाई के लिए दुकानदारों ने लगाया जाम

## व्यापारियों ने दुर्व्यवहार का आरोप लगाया, किया प्रदर्शन

संवाद न्यूज एजेंसी

**फाजिलनगर।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के चौरा खास बाजार में एक पुलिसकर्मी पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए दुकानदारों ने प्रदर्शन किया। शनिवार को दुकानें बंद करके व्यापारी फाजिलनगर बघौचघाट मार्ग पर पहुंच गए। लोगों ने सड़क जाम करके पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

शुक्रवार की रात 10 बजे चौराखास बाजार में किसी व्यक्ति ने पटहेरवा पुलिस को सूचना दी। बताया कि बाजार में पान की दुकान पर लोग मारपीट कर रहे हैं। तभी एक पुलिस कर्मचारी पहुंचा। उसने भाजपा नेता को फटकार लगा दी। इसके विरोध में शनिवार को दुकानदारों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान संदीप तिवारी, भैरो मद्देशिया, महेश निषाद, संजय गोंड, डॉ. विवेक पांडेय, युनुष अंसारी, सत्यनारायण चौरसिया, डॉ. जयप्रकाश प्रजापति, विनोद पांडेय अन्य व्यापारी मौजूद रहे। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक पटहेरवा अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि व्यापारियों को समझा बुझाकर जाम हटाया गया।



चौराखास में पटहेरवा पुलिस के खिलाफ जाम लगाते व्यापारी। संवाद

# मायूस लौटते फरियादी, विभागों में घूमते रहते प्रार्थनापत्र

## दस बार से अधिक संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे, पर नहीं मिला न्याय, आदेश की कॉपी लेकर समाधान दिवस का चक्कर लगा रहे फरियादी

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** कुशीनगर के संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं के समाधान की उम्मीदें टूट रही हैं। यहां जारी होने वाले आदेशों पर कर्मचारियों की उदासीनता भारी पड़ रही है।

कोई 10 बार तो कोई पांच बार अपनी फरियाद सुना चुका है। लेकिन, उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। शनिवार को भी डीएम की मौजूदगी में 117 मामले आए, जिनमें सिर्फ 11 का ही निस्तारण हो सका।

शनिवार को पडरौना तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन डीएम एस. राजलिंगम और एसपी धवल जायसवाल की मौजूदगी में हुआ। इस दौरान कुल 117 मामले सामने आए, जिनमें महज 11 मामलों का निस्तारण ही कराया जा सका। 106 फरियादी मायूस लौट गए। राजस्व विभाग के 76, जिनमें 11 का निस्तारण हुआ। पुलिस विभाग के 15 मामलों में किसी की भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। विकास से संबंधित 12 मामलों में किसी फरियादी को मौके पर राहत नहीं मिली। अन्य विभागों के मामले लेकर पहुंचे लोग भी तहसील समाधान दिवस से निराश होकर लौट गए। फरियादियों का कहना है कि संपूर्ण समाधान दिवस का कोई फायदा नहीं मिल रहा है।




पडरौना तहसील समाधान दिवस में लाइन से खड़े फरियादी और समस्या सुनते डीएम एस.राजलिंगम व एसपी धवल जायसवाल। संवाद

*समाधान दिवस में जो भी फरियादी आते हैं, उनकी समस्याओं का निस्तारण का प्रयास किया जाता है। न्यायालय में चल रहे मामलों में निस्तारण संभव नहीं है। अन्य मामलों में लापरवाही की बात सामने आने पर संबंधित लोगों से जवाब तलब किया जाता है। -एस राजलिंगम, जिलाधिकारी*

**केस-1**



हमको जमीन का पट्टा मिला है। उस पर गांव के एक व्यक्ति का कब्जा है। इसकी शिकायत थाने से लेकर तहसील समाधान दिवस पर 10 बार से अधिक कर चुका हूं। मामले को देखकर डीएम और एसपी कार्रवाई का आदेश करते हैं। लेकिन, अन्य अधिकारी-कर्मचारी कोई ध्यान नहीं देते। इसलिए बार-बार दौड़ना पड़ता है। **-मुखलाल, सोहरौना**

**केस-2**



हमारे मामले में एसडीएम ने स्थगन आदेश दिया था। लेकिन कुछ प्रभावशाली लोगों ने जबरन दीवार तोड़ दी। स्थगन का आदेश लेकर तहसील लेकर थाना का चक्कर काट रहा हूं। कोई सुनवाई नहीं हो रही है। संपूर्ण समाधान दिवस और थाना समाधान दिवस पर प्रार्थनापत्र देकर परेशान हो गया। **-उमाशंकर, जंगल जगदीशपुर**

**केस-3**



एक हस्ताक्षर के लिए चार बार तहसीलदार बुला चुके हैं। बैंक में कृषि भूमि बंधक रखनी है। इसके लिए शाखा प्रबंधक ने तहसीलदार का हस्ताक्षर मांगा है। उसके लिए चार बार संपूर्ण समाधान दिवस में जा चुका हूं। जब एक हस्ताक्षर की समस्या नहीं दूर हो रही, तो अन्य का क्या होगा। **-विनोद यादव, चईती मुसहरी**

**केस-4**



शासन की ओर से भूमि आवंटित की गई है। कब्जा करने पर गांव के कुछ लोग विरोध कर रहे हैं। इसकी शिकायत लेकर थाने पर गया तो संपूर्ण समाधान दिवस पर बुलाया गया। वहां गया तो बताया कि थाना दिवस पर आना। इस चक्कर में तीन बार थाना और चार बार तहसील पर जा चुका हूं। न जाने कब मेरी समस्या दूर होगी। **-शंकर प्रसाद, खजूरी बाजार**

### 22 मामलों में छह का निस्तारण

**कप्तानगंज।** स्थानीय तहसील सभागार में एडीएम देवी दयाल वर्मा और एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव के नेतृत्व में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें कुल 22 मामले आए इसमें छह का निस्तारण हुआ अन्य फरियादी निराश लौट गए है। खड्डा प्रतिनिधि के अनुसार खड्डा तहसील में एसडीएम भावना सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 32 लोगों ने अपनी समस्या बताई। इसमें पांच का निस्तारण कर दिया गया।

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-07-2022

# भारत से नेपाल यूरिया की तस्करी, सीमा पर पकड़ी गई खाद

कोल्हुई (महराजगंज), हिन्दुस्तान संवाद। भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में इस समय भारतीय उर्वरक की तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। आए दिन अवैध ढंग से खाद बॉर्डर के पास बरामद हो रही है। शनिवार की भोर में एसडीएम फरेंदा राम सजीवन मौर्य ने नेपाल की तरफ जा रही यूरिया लदी पिकअप को पकड़ा। कार्रवाई के लिए कोल्हुई पुलिस को सौंप दिया।

यूरिया खाद की तस्करी की सूचना मिलने पर एसडीएम फरेंदा शनिवार की भोर में जांच के लिए निकल गए। नेपाल सीमा से चार किलोमीटर पहले गुलहरिया गांव के पास नेपाल की तरफ जारी रही पिकअप को एसडीएम ने उसे रोका। पिकअप में 50 बोरी यूरिया खाद लदी थी। पूछताछ में पिकअप चालक स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाया।

इस पर एसडीएम पिकअप समेत चालक को पकड़कर कोल्हुई थाने ले गए और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस पिकअप व यूरिया कस्टम नौतनवा भेजने की कार्रवाई में जुट गई।

# नेपाली शराब के साथ एक को दबोचा

**बृजमनगंज।** स्थानीय पुलिस ने शनिवार की सुबह एक व्यक्ति को 40 शीशी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष चंद्रहास मिश्र ने बताया कि मुखबिर पर क्षेत्र के कठहवा पुल के पास से 40 शीशी नेपाली शराब के जालंधर मौर्य नामक युवक पकड़ा गया। युवक बिसौंउआ मेंहदावल थाना के संतकबीरनगर का रहने वाला है। बरामदगी के आधार पर आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया गया।

# 23 बोरी यूरिया के साथ एक गिरफ्तार

**खनुआ।** एसएसबी 66 वीं वाहिनी हरदीडाली के जवानों ने शुक्रवार को देर शाम भारत से साइकिल पर लादकर नेपाल क्षेत्र में ले जाई रही 23 बोरा यूरिया के साथ एक आरोपित को हिरासत में ले लिया। बीओपी हरदी डाली के सहायक उप निरीक्षक रत्नेश नाथ शुक्रवार को देर शाम भारत नेपाल सीमा पर गश्त कर रहे थे। जवानों को देखते ही भागने लगा जिसे दौड़ाकर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को दबोच लिया। पूछताछ आरोपित ने गोकुल निवासी हरदी डाली, थाना सोनौली बताया।

# बदनाम करने के लिए वायरल की युवती की तस्वीर

**जासं , महराजगंज :** इंटरनेट मीडिया पर युवती की तस्वीर पोस्ट कर उसे बदनाम किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में नगर पालिका परिषद महराजगंज के एक वार्ड निवासी युवती की तहरीर पर बरेली जिले के आरोपित युवक अश्विनी सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर के मुताबिक बरेली जिले के सदर कोतवाली थाना के बकैनिहा निवासी अश्विनी सिंह द्वारा युवती की तस्वीर बिना उसकी मर्जी के इंटरनेट मीडिया और अन्य सोशल साइट्स पर वायरल किया जा रहा है। युवती ने टोका तो जान से मारने की धमकी देने लगा। सदर कोतवाल रवि कुमार राय ने बताया कि आरोपित अश्विनी सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# किशोरी से दुष्कर्म व हत्या के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

**जासं, महराजगंज:** अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पाक्सो कोर्ट ने किशोरी से दुष्कर्म व उसकी हत्या के मामले में दोषी मायाराम को आजीवन कारावास की सजा और 20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने पर छह माह की अतिरिक्त कारावास काटनी होगी।नौ वर्ष पूर्व अभियुक्त ने किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी थी।

20 नवंबर 2013 को बृजमनगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से गायब हुई किशोरी का शव 22 नवंबर को गांव के पूरब तालाब से बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई। पीड़ित पक्ष ने इस बाबत बृजमनगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर थाना पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर साक्ष्यों के आधार पर करमहां टोला बड़की मैनहिया निवासी मायाराम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

पुलिस ने विवेचना कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया । न्यायाधीश विनय कुमार सिंह ने हत्या का दोषी पाया।





# 39 मामले निस्तारित,10 अधिकारियों से स्पष्टीकरण

## जनपद के चारो तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस में आए 419 मामले, अधिकतर फरियादी निराश लौटे

**जागरण टीम, महराजगंज:** संपूर्ण समाधान दिवस भी अब औपचारिकता बनकर रह गई है। बड़ी संख्या में आस लेकर आए फरियादियों को इस बार भी निराश लौटना पड़ा। जिले की चारो तहसीलों में आयोजित समाधान दिवस में कुल 419 मामले आए, इसमें 39 का निस्तारण किया गया, शेष 380 को संबंधित अधिकारियों को निस्तारित करने के लिए भेजा गया। इस दौरान नौतनवा में अनुपस्थित रहने पर 10 अधिकारियों से उप जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण मांगा है।

- **अभिलेखों की जांच में मिली कमियों पर अपर आयुक्त ने लेखपाल व एसडीओ को लगाई फटकार**
- **आनन्दनगर में छह करोड़ से बनने वाली सड़क व डिवाइडर की जांच करेगी त्रिस्तरीय कमेटी**



संपूर्ण समाधान दिवस मे फरियाद सुनते डीएम सत्येन्द्र कुमार ● जागरण

आनंदनगर संवाददाता के अनुसार जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में फरेंदा तहसील सभागार में समाधान दिवस में आए कुल 246 में 16 का मौके पर निस्तारण किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि शेष मामलों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करें। उन्होंने आनंदनगर में छह करोड़ से बनने वाली सड़क व डिवाइडर की शिकायत की जांच त्रिस्तरीय कमेटी से कराने का निर्देश दिया। कमेटी एक्सीएन आरइडी होंगे।

इसी प्रकार ग्राम अहलदीया, पुरन्दरपुर थाना से संबंधित, सैलदह लेहड़ा में विद्युत बिल में अनियमितता तथा रामनगर में अवैध कब्जे जैसे राजस्व की अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों की कमेटी द्वारा जांच व निस्तारण का निर्देश दिया। फरेंदा के राजेंद्र ने पत्रक दिया कि निकाल दिया गया था, लेकिन विपक्षी ने जोत कर रोपाई कर दी। उदितपुर निवासी इन्नर ने अपनी जमीन में दूसरे द्वारा बढ़कर दीवार चलाने का आरोप लगाते हुए पैमाइश कराकर कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। फरेंदा बुजुर्ग निवासी रामानंद ने गांव में स्थित नवीन परती की भूमि से कब्जा खाली कराने की मांग की। परसा महंथ निवासी अभिमन्यु मिश्र प्रार्थना पत्र दिया। बरडाड़ निवासी शिवनाथ ने भूमि पर से कब्जे को हटवाने की मांग की।

### पत्थर उखाड़कर भूमि पर कब्जा करने का आरोप

नौतनवा : जंगल गुलरिहा निवासी सोनिया चौहान ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर कुछ लोगों पर पैमाइश किए गए पत्थर को उखाड़कर कब्जा करने का आरोप लगाया है। सोनिया ने बताया कि उनमें मकान के पीछे गली है। पूर्वजों ने भूमि का हिस्सा छोड़कर मकान निर्माण कराया था। जिसमें आम का पेड़ भी है। जिसको जबरन कुछ लोग कब्जा कर रहे हैं। एसडीएम दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि मामले में जांच कर कार्रवाई के लिए कोल्हुई पुलिस को निर्देशित किया गया है।

नौतनवा संवाददाता के अनुसार तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में 88 मामलों में 11 का मौके पर निस्तारण किया गया। अन्य को जांच करने के लिए टीमें गठित कर मौके पर जाकर पक्ष-विपक्ष से वार्ता कर निवारण के निर्देश दिए गए। अपर आयुक्त (न्यायिक) हरिओम शर्मा ने अभिलेखों की जांच के दौरान मिली कमियों पर लेखपालों पर नाराजगी व्यक्त की। विद्युत विभाग के एसडीओ रमेश सिंह को चेताया कि शिकायतकर्ता को स्पष्ट

| तहसील | शिकायत | निस्तारण |
|---|---|---|
| सदर | 51 | 9 |
| फरेंदा | 246 | 16 |
| नौतनवा | 88 | 11 |
| निचलौल | 34 | 3 |
| कुल | 419 | 39 |

कराया गया, जिससे वह इधर-उधर भटक रहे हैं। वादी को एक प्रति सूचना की उपलब्ध कराकर संतुष्ट करें। 10 वर्षों से लंबित वरासत के प्रकरण को लेकर लेखपाल विक्की व महेंद्र वर्मा को फटकार लगाते हुए एक सप्ताह के भीतर निस्तारण करने



सोनौली के 22वीं वाहिनी एसएसबी सीमा चौकी पर स्वरक्षा कार्यक्रम के दौरान जवान व स्वयंसेवी संस्था के पदाधिकारी ● सौजन्य से स्वयं

# एसबी व स्वयंसेवी संस्थाएं मानव तस्करी पर रोक के लिए एकजुट

**जासं, नौतनवा:** एसएसबी 22 वीं वाहिनी सीमा चौकी सोनौली व भगवानपुर में शनिवार को पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति के तत्वावधान में मानव तस्करी रोकथाम के लिए स्वरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें एसएसबी जवानों व भारत-नेपाल दोनों देशों के स्वयंसेवी संस्थाओं ने एकजुट होकर मानव तस्करी पर विराम लगाने का निर्णय लिया।

समिति के सदस्य कृष्ण कुमार ने कहा कि सीमावर्ती इलाकों में गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाकर मानव तस्करी को रोकने व आरोपितों को चिंहित करने की पहल की जा सकती है। लोगों तक चाइल्ड लाइन 1098 व पुलिस 112 का टोल फ्री नंबर साझा करने से काफी लाभ लिया जा सकता है।

भैरहवा के निजामुद्दीन पठान ने कहा कि भारत नेपाल के दोनों देशों में गरीब व भोलेभाले बच्चों, युवाओं व युवतियों को लुभवाने दावे कर बिक्री कर देने की बातें अक्सर सामने आती रहती है। साथ ही होटलों या फैक्टियों में काम कराया जाता है, जिसको लेकर सभी लोगों को जागरूक होना चाहिए। सोनौली एसएसबी के प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार नाथ, भगवानपुर के प्रभारी सर्वजीत, राजेंद्र कुमार मौजूद रहे।

## एक नजर में

### दहेज हत्या के मामले में दो गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**बरगदवा :** खैरहवा जंगल गांव के खैराटी टोले पर पांच दिन पहले विवाहिता सुंदरी की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत के मामले में पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपित सास सूरजा व ससुर फागू को शनिवार को सुबह गिरफ्तार कर लिया। नवविवाहित का शव छत की कुंडी से लटका मिला था। मामले में मृतका के पिता प्रहलाद ने दो लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व हत्या की नामजद तहरीर दी थी। (जासं)

# तस्करी कर नेपाल ले जाई जा रही 73 बोरी यूरिया के साथ दो गिरफ्तार

- नेपाल सीमा से लगे दो अलग-अलग स्थानों पर हुई बरामदगी
- एसडीएम फरेंदा व एसएसबी की टीम को मिली सफलता

**जागरण संवाददाता, महराजगंज :** भारत से तस्करी करके नेपाल ले जाई जा रही 73 बोरी यूरिया के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपित महराजगंज के रहने वाले हैं।

उपजिलाधिकारी फरेंदा रामसजीवन मौर्य शनिवार की सुबह लगभग आठ बजे सीमा क्षेत्र में भ्रमण पर थे। कोल्हुई के पास यूरिया लदी पिकअप रुकवाकर उन्होंने जांच कराई तो उसमें 50 बोरी यूरिया मिली। पिकअप चालक फरेंदा तहसील के कौलही निवासी अशोक कुमार से पूछताछ की तो उसने यूरिया नेपाल ले जाने की बात बताई। उपजिलाधिकारी ने यूरिया व चालक को कोल्हुई पुलिस के हवाले कर दिया।

इसी तरह एसएसबी की 66 वीं बटालियन सीमा चौकी हरदी डाली के सहायक उप निरीक्षक रत्नेश नाथ के नेतृत्व में एसएसबी जवान गश्त पर थे। सोनौली कोतवाली थानाक्षेत्र के हरदी डाली गांव के पास नोमेंस लैंड के किनारे उन्होंने एक तस्कर को 23 बोरी यूरिया के साथ पकड़ा। यूरिया वहां डंप की गई थी, जिसे साइकिल पर लादकर बारी-बारी नेपाल पहुंचाने की तैयारी थी। आरोपित की पहचान हरदी डाली गांव के ही गोकुल के रूप में हुई। गोकुल ने बताया कि उसने नेपाल ले जाने के लिए यूरिया इकट्ठा किया था। साइकिल से नेपाल ले जाने की उसने तैयारी की थी।

कार्यवाहक कमांडेंट तरणीस कुमार हंस ने बताया कि आरोपित गोकुल को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। यूरिया कस्टम कार्यालय नौतनवा के सिपुर्द कर दी गई है।

# दहेज उत्पीड़न के मामले में दो गिरफ्तार

**बरगदवा।** खैरहवा जंगल गांव के खैराटी टोले पर पांच दिन पहले विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हुई थी। इस मामले में पुलिस ने शनिवार को आरोपी सास, ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। खैरहवा जंगल गांव के खैराटी टोला की रहने वाली नवविवाहित सुंदरी की पांच दिन पहले संदिग्ध हाल में मौत हुई थी। मृतका के पिता प्रह्लाद ने दो लोगों के खिलाफ तहरीर दी थी। थानाध्यक्ष बरगदवा सुनील कुमार राय ने बताया कि आरोपी सास ससुर को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। संवाद

# BASTI POLICE



# सराहनीय कार्य दिनांकः- 17-07-2022

# सौर ऊर्जा का पैनल चोरी

बस्ती। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के भरु में लगा सौर ऊर्जा का पैनल चोरी कर लिया गया। जगदीशपुर निवासी सुरजीत कुमार ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि चौदह जुलाई की रात में ग्राम पंचायत भरु में लगा सौर ऊर्जा का पैनल चोरी कर लिया गया। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि  आगे कि कार्रवाई की जा रही है।

# फोटो वायरल मामले में एक को दबोचा

सल्टौआ। सोनहा पुलिस ने किशोरी के साथ छेड़खानी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि अश्लील हरकत के दौरान आरोपी ने उसकी फोटो खींच ली और फिर फोटो को वायरल करने की धमकी देने लगा। युवती के विरोध पर अश्लील फोटो वायरल कर दी थी।

पुलिस टीम ने आरोपी अखिलेश यादव को शनिवार की सुबह करीब आठ बजे रामनगर चौराहे के पास जिनवा मार्ग से गिरफ्तार कर लिया।

अबुल खैर ट्रस्ट वक्फ कार्यालय में 14 जुलाई को हुआ था विवाद

# मुतवल्ली कार्यालय में बवाल पर एफआईआर

## कार्रवाई

**बस्ती, निज संवाददाता।** कोतवाली पुलिस ने अबुल खैर ट्रस्ट वक्फ कार्यालय में 14 जुलाई को हुए हुए बवाल के मामले में कोतवाली पुलिस ने नौ नामजद व पंद्रह अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम कर लिया है। मुतवल्ली अकरम खां निवासी बल्ली पट्टी हाल मुकाम मुरली जोत थाना कोतवाली ने तहरीर में आरोप लगाया है कि पिकौरा दत्तूराय हनी मंजिल थाना कोतवाली निवासी हमीदुल्लाह खां ने लगभग 25 साल से दुकान नम्बर एक बेगम खैर मार्केट में अवैध कब्जा कर रखा है। पूर्व मे इनको कई बार नोटिस देने के बावजूद न तो दुकान का बकाया किराया जमा किया गया है और न ही दुकान खाली किया गया है।

आरोप है कि सभी बड़े बकायादारों से बकाया किराया मांगने गया तो कार्यालय के कमरे में घुसकर लाठी-डंडे व पिस्तौल के साथ उन पर हमला बोल दिया गया। जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर कार्यालय में रखा सामान तोड़ दिया गया। कार्यालय में उपलब्ध नगद भी अज्ञात लोग दौरान लेकर चले गए। उन्होंने जान माल का खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने अकरम खां की तहरीर पर हमीदुल्लाह, अमानुल्लाह इराकी, अफाकुल्लाह इराकी निवासी मिल्लतनगर गांधीनगर, मोहम्मद इमरान खां निवासी मालीटोला, मोहम्मद हनी निवासी पिकौरा दत्तूराय, सिद्दकी निवासी त्रिपाठी गली, फारूख अहमद निवासी रहमतनगर, छोटू निवासी मिल्लतनगर व पंद्रह अज्ञात पर आईपीसी 147, 148, 149, 323, 427, 447, 452, 504, 506 के तहत केस कायम की है।

## 65 हैं बकाएदार, 29 किराएदार हैं डिफाल्टर, वैध कागजात नहीं

बस्ती। खैर वक्फ-38 के मुतवल्ली व बेगम खैर इंटर कॉलेज के प्रबंधक मो. अकरम खां के साथ उनके कार्यालय में घुसकर कुछ लोगों ने गाली-गलौज व मारपीट की थी। मो. अकरम खां के मुताबिक करीब 65 लोगों पर किराया बाकी है। इसमें भी 29 किराएदार डिफाल्टर हैं जिनके पास दुकान/ मकान आवंटन संबंधी कोई वैध कागजात भी नही है। सभी पर 20-25 साल से किराया बाकी है। तीन-तीन दफा नोटिस भी दी जा चुकी है। पूर्व मुतवल्ली हमीदुल्लाह उर्फ बब्बू खां पर इसी प्रकरण में मुकदमा भी दर्ज है।

# डीसीएम चालक पर मुकदमा दर्ज

दुबौलिया। रामजानकी मार्ग पर खुशहालगंज राम लीला मैदान के पास अनियंत्रित डीसीएम की ठोकर से शुक्रवार को घायल तीन में से दो युवकों की मौत हो गई थी। दुबौलिया पुलिस ने मृतक की मां की तहरीर पर डीसीएम के चालक पर एमवी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

# एडीजी ने सुरक्षा तैयारियों का लिया जायजा

## कांवड़ यात्रा



हरैंया तहसील में शनिवार को कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जायजा लेते एडीजी जोन अखिल कुमार। साथ में डीआईजी आरके भारद्वाज, एसपी आशीष श्रीवास्तव व अन्य।

बस्ती/ हरैंया, हिन्दुस्तान टीम। कांवड़ मेले की तैयारियों में पुलिस प्रशासन जुटा है। शनिवार की देर शाम एडीजी गोरखपुर जोन अखिल कुमार तैयारियों का जायजा लेने बस्ती पहुंचे। फोरलेन के हरैंया तहसील के सभागार में बैठक कर फोरलेन पर रूट डायवर्जन, कंट्रोल रूम आदि व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बैठक में डीआईजी बस्ती रेंज आरके भारद्वाज, एसपी आशीष श्रीवास्तव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, सर्किल के सीओ व फोरलेन के थानों के प्रभारी रहें।

एडीजी ने कहातेरस पर उमड़ने वाले कांवड़ियों की सुरक्षा और नियंत्रण की फुलप्रूफ बनाई जाए। जल लेकर आने वाले कांवरियों के मार्ग से लेकर मंदिर वाले रास्तों पर निगरानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। खुफिया एंजेंसियां भी सक्रिय की गई हैं। कांवरियों को असुविधा न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। फोरलेन पर बने कट आदि के संबंध भी व्यापक दिशा-निर्देश पुलिस अफसरों को दिए गए हैं।

तेरस से दो दिन पहले ही कांवड़िए जल भरने को अयोध्या के लिए निकल पड़ते हैं। पुलिस प्रशासन का अनुमान है इस बार कांवड़ यात्रा व मेले में पांच लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। करीब डेढ़ हजार पुलिस अफसरों व कर्मियों की ड्यूटी लगाई जा रही है। इसमें करीब पांच सौ पुलिस कर्मी गैरजनपदों से आएंगे। शनिवार की शाम हरैंया पहुंचे एडीजी जोन ने पुलिस अफसरों को सभी तैयारियां बेहतर ढंग से करते हुए कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिया।



मुंडेरवा के प्राइमरी हथिराजा में शनिवार को छात्रों से संवाद करते एसपी आशीष श्रीवास्तव। • हिन्दुस्तान

# एसपी ने दो स्कूलों को लिया गोद

बस्ती। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने मुण्डेरवा के प्राथमिक विद्यालय हथिराजा व आंगनाड़ी केन्द्र बहलोरवा को गोद लिया है। शनिवार को स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्र पर पहुंचकर यहां की व्यवस्थाओं व सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान एसपी ने छात्रों, शिक्षक व कर्मचारियों से बातचीत कर जानकारी हासिल की। विद्यालय में सफाई, भोजन, शौचालय, पठन-पाठन का जायजा लिया।

# डीएम ने भूजल सप्ताह का किया शुभारम्भ

बस्ती। भूजल सप्ताह के तहत जल संरक्षण पर जनमानस को जागरुक करने के उद्देश्य से डीएम प्रियंका निरंजन और सीडीओ डॉ. राजेश प्रजापति ने शनिवार को प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इसके साथ ही 16 से 22 जुलाई तक चलने वाले भूजल सप्ताह का शुभारम्भ किया।

# दो किशोर गायब, छानबीन शुरू

## 15 जुलाई को एक ही साइकिल से स्कूल जाने के लिए निकले थे

**जासं, रुधौली, बस्ती :** वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के सोनौरा गांव के दो किशोर 15 जुलाई को अचानक गायब हो गए। परिवारवालों ने उन्हें काफी ढूंढा, पर उनका कुछ पता न चल सका। थक हार कर परिवारीजन ने वाल्टरगंज पुलिस को तहरीर देकर घटनाक्रम की जानकारी दी।

सर्वोदय इंटर कालेज घारीघाट महरूपुर में आठवीं कक्षा का छात्र सोनौरा निवासी 13 वर्षीय प्रिंस कुमार पुत्र राम प्रकाश व जबकि उर्मिला एजूकेशनल एकेडमी ब्योतहरा में सातवीं कक्षा के छात्र



प्रिंस



सौरभ

12 वर्षीय सौरभ कुमार पुत्र रघुवीर शुक्रवार की सुबह एक ही साइकिल से स्कूल के लिए निकले थे। देरशाम तक घर न पहुंचने पर दोनों के परिवारीजन द्वारा खोजबीन शुरू की गई। पूरी रात दोनों के परिवारीजन उन्हें ढूंढते रहे, पर उनका कहीं पता नहीं चल सका। ऐसे में मजबूर होकर दोनों के परिवारवालों ने वाल्टरगंज थाने पहुंच कर उनके गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। परिवार के लोगों ने बताया कि साइकिल व दोनों के बैग भी कहीं नहीं मिले। थानाध्यक्ष वाल्टरगंज योगेश सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर बालकों की बरामदगी के लिए पुलिस की दो टीमें भी लगाई गई हैं। उनकी बरामदगी के लिए इंटरनेट मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है।

# किशोरी के साथ छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, भानपुर, बस्ती:** सोनहा पुलिस ने किशोरी के साथ छेड़खानी करने व आपत्तिजनक फोटो वायरल करने के आरोपित को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया।

प्रभारी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी 31 मई की सुबह शौच के लिए जा रही थी। इसी बीच गांव के एक युवक द्वारा उसके साथ छेड़खानी की गई व उसका फोटो भी खींच लिया गया।

आरोपित फोटो के आधार पर बालिका को मिलने के लिए मजबूर करने लगा। पीड़िता के मना करने पर आरोपित ने आपत्तिजनक फोटो इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। अपनी गलती का अहसास होने पर आरोपित ने फोटो भी डिलीट कर दिया।

इस बीच गांव के ही संदीप ने भी उसी फोटो को वायरल कर दिया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुरुवार को गांव के ही अखिलेश यादव व संदीप यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने सुबह अखिलेश यादव को रामनगर जिनवा मोड़ से गिरफ्तार कर न्यायालय के लिए रवाना कर दिया। बताया कि दूसरे आरोपित की भी तलाश की जा रही है।

# अलग-अलग मुकदमों में दो गिरफ्तार

**जासं, बभनान, बस्ती :** नौ जुलाई को गौर के इलेक्ट्रानिक उपकरण की दुकान में हुई मारपीट व बलवा के मामले के आरोपित परासडीह गांव निवासी भाजपा नेता व प्रधान प्रतिनिधि अमन शुक्ला को शनिवार को गौर पुलिस ने रेलवे स्टेशन चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। अमन पर हमला करने के मामले में पैकोलिया पुलिस ने क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कटास गांव निवासी विशाल सिंह को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया है।

# चाकू व सरिया से मारपीट कर किया घायल, मुकदमा

बस्ती : हलुआ बाजार निवासी गंगाराम चौधरी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव के जवाहरलाल, जितेंद्र, वीरेंद्र समेत पांच लोगों ने लाठी, चाकू व सरिया से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं रसूलपुर गांव की रहने वाली प्रेमलता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि पारिवारिक विवाद को लेकर गांव के राममणि ने मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने दोनों घटनाओं में केस दर्ज कर लिया है।

# एडीजी ने लिया तैयारियों का जायजा

## अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार ने कांवड यात्रा को लेकर दिए विशेष दिशा निर्देश



कांवड़ यात्रा को लेकर हरैया में तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार ●जागरण

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने शनिवार को हरैया तहसील सभागार में आयोजित बैठक में कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया। पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र आरके भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव एवं उप जिलाधिकारी हरैया अमृत पाल कौर मौजूदगी में हुई बैठक में सभी थाना प्रभारियों से कांवड़ यात्रा की सुरक्षा को लेकर जानकारी ली और जरूरी दिशा निर्देश दिया।

एडीजी ने बताया कि इस वर्ष की कांवड यात्रा में अत्यधिक संख्या में श्रद्धालुओं का आना संभावित है, जिसके कारण लखनऊ-गोरखपुर हाईवे यात्रा मार्ग पर यातायात का अत्यधिक दबाव रहेगा। ऐसे में यथासंभव सड़क मार्ग के किनारे चौड़े स्थानों पर ही पार्किंग स्थल चिन्हित कर आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ली जाए।

पार्किंग संचालन के लिए सभी संबंधित विभागों से आवश्यक समन्वय स्थापित कर पार्किंग संबंधी सभी गतिविधियां सुनियोजित रूप से सुनिश्चित की जाय। सभी पार्किंग स्थलों पर इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि पार्किंग स्थल में इंट्री एवं एग्जिट प्वाइंट अलग-अलग हों। यात्रा [illegible] के दौरान यतायात का संचालन [illegible] कंट्रोल रूम (सीसीटीवी [illegible] वायरलैस सेट) के माध्यम से संचालित करने के लिए निर्देशित किया। कावड़ यात्रा में आने वाले पुलिस बल के रुकने की व्यवस्था तथा उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया। कहा कि यात्रा के दौरान आवश्यक सेवाओं के वाहनों को रोका न जाए। कावड़ यात्रा के दौरान स्थानीय जनमानस को असुविधा से बचाने के लिए उनके वाहनों के पास बनाकर शहर में प्रवेश की अनुमति देने के संबंध में कार्ययोजना तैयार करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। तलवार, डंडे, त्रिशूल आदि कांवड़ यात्रा में पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। यात्रा के दौरान भारी वाहनों के शहर में प्रवेश की अवधि को निर्धारित करने का निर्देश दिया। बैठक में अयोध्या के एएसपी शहर एवं ग्रामीण के साथ ही सभी सीओ, बस्ती के सभी सीओ व थाना प्रभारी मौजूद रहे।

### कांवड़ यात्रा के लिए दूसरे जिलों से मांगी गई पुलिस फोर्स

**बस्ती** : श्रावण मास एवं कांवड यात्रा के दौरान बस्ती में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। बस्ती परिक्षेत्र के दो अन्य जनपदों से बड़ी संख्या में पुलिस बल कांवड मेला में सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालेगा। पुलिस अधीक्षक बस्ती आशीष श्रीवास्तव ने पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र आरके भारद्वाज से अतिरिक्त पुलिस बल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। इसके क्रम में पुलिस उप महानिरीक्षक के निर्देश पर जनपद संतकबीरनगर से एक सीओ, दो निरीक्षक, 24 उपनिरीक्षक, एक महिला उपनिरीक्षक, 70 हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल, आठ महिला कांस्टेबल, एक ट्रैफिक उपनिरीक्षक, चार ट्रैफिक कांस्टेबल व एक फायर टेंडर जबकि जनपद सिद्धार्थनगर से एक अपर पुलिस अधीक्षक, एक सीओ, चार निरीक्षक, 36 उपनिरीक्षक, दो महिला उपनिरीक्षक, 110 हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल, 12 महिला कांस्टेबल व यातायात व्यवस्था के लिए चार मुख्य आरक्षी ट्रैफिक जनपद बस्ती को मिले हैं। पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र द्वारा बस्ती परिक्षेत्र में शांति एव सुरक्षा व्यवस्था के लिए अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर से भी आवश्यक पुलिस बल की मांग की गई है।

# गोद लिए स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र का एसपी ने किया निरीक्षण

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने मुंडेरवा थानाक्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय हथिराजा व आंगनबाड़ी केंद्र बहलोरवा का शनिवार को निरीक्षण किया। एसपी ने उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। प्राथमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र को एसपी की ओर से हाल ही में गोद लिया गया है।

एसपी सुबह 9.45 बजे के करीब प्राथमिक विद्यालय हथिराजा पहुंचे उन्होंने विद्यालय परिसर का भ्रमण किया। विद्यालय के साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था, शौचालय, पठन-पाठन आदि का जायजा लिया। क्लास रूम में जाकर बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा। स्कूल के अभिलेख भी चेक किए। इसके बाद विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर शिक्षकों व बच्चों को पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। एसपी ने आंगनबाड़ी केंद्र बहलोरवा का निरीक्षण कर केंद्र पर पंजीकृत बच्चों और उनको मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। एसपी के पीआरओ नारायण लाल श्रीवास्तव, मेडिकल कालेज के चौकी प्रभारी सुरेंद्र प्रसाद, दिलीप वर्मा आदि थे।



गोद लिए प्राथमिक विद्यालय हथिरजा का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव •जागरण

# 362 मामलों में से 71 निस्तारित

## संपूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों को फिर मिला आश्वासन

**जासं,बस्ती:** जिले की चारों तहसील मुख्यालयों पर शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। न्याय की उम्मीद में पहुंचे फरियादियों को एक बार फिर से आश्वासन का झुनझुना थमा दिया गया। कुल 362 मामले आए। जिसमें से महज 71 का ही निस्तारण हो सका। शेष मामलों को संबंधित विभाग को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सुपुर्द कर दिया गया।

**सदर तहसील में डीएम ने सुनी फरियाद** : सदर तहसील में डीएम प्रियंका निरंजन की अध्यक्ष में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 186 मामले आए। जिनमें महज 12 का ही निस्तारण हो पाया। शेष मामलों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए संबंधित विभाग को सिपुर्द कर दिया गया।

डीएम ने कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं हो रहा है। यह चिंता का विषय है। कहा कि पिछली संपूर्ण समाधान दिवस कि 17 शिकायतें ऐसी हैं जिसे शासन द्वारा सी ग्रेड दिया गया है और उसको पुनः निस्तारण के लिए तहसील को भेजा गया है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तीन दिन के भीतर इन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए आख्या पोर्टल पर अपलोड करें। 23 प्रकरण चिन्हित किए गए हैं जिसमें विभागीय अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण कर शाम तक रिपोर्ट उपलब्ध कराएंगे। पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को एसपी आशीष श्रीवास्तव ने सुना। सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति तथा उप जिलाधिकारी शैलेश दुबे ने भी लोगों की शिकायतों को सुना।



संपूर्ण समाधान दिवस पर भानपुर तहसील मे जनसुनवाई करते मंडलायुक्त गोविन्द राजू एनएस ,डीआइजी आर के भारद्वाज व अन्य ● जागरण

**भानपुर में मंडलायुक्त व डीआइआइजी पहुंचे, सुनी फरियाद, भानपुर,** : भानपुर तहसील में अपर जिलाधिकारी अभय कुमार मिश्र की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल 43 मामले आए। जिनमें से सिर्फ पांच का ही निस्तारण हो पाया। संपूर्ण समाधान दिवस का निरीक्षण करने पहुंचे मंडलायुक्त गोविंद राजू एनएस व डीआइजी आरके भारद्वाज ने भी एक घंटे फरियादियों की समस्याएं सुनी। उपजिलाधिकारी गिरीश कुमार झा, तहसीलदार केशरी नंदन तिवारी रहे।

**44 मामलों में से नौ निस्तारित**

**रुधौली, बस्ती:** रुधौली तहसील में एसडीएम आनंद सिंह श्रीनेत की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। कुल 44 मामले आए। जिनमें से नौ मामले ही निस्तारित हो पाए। शेष मामलों को संबंधित विभाग को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सौंप दिया गया।

**हर्रैया में सीआरओ ने सुनीं समस्याएं**

**हर्रैया बस्ती:** हर्रैया तहसील सभागार में मुख्य राजस्व अधिकारी नीता यादव की अध्यक्षता संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। कुल 89 मामले आये, जिसमें सर्वाधिक राजस्व विभाग के 43, पुलिस 19, विकास 18 सहित अन्य विभाग से 9 मामले आये, जिनमें 19 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम हर्रैया अमृत पाल कौर, सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय, तहसीलदार इंद्रमणि, नायब तहसीलदार निखिलेश चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।

# दहेज के लिए मारपीट कर घर से निकाला

**बस्ती :** बानपुर की रहने वाली सदफ पत्नी सेराज अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि ससुरालवालों ने दहेज में खराब सामान देने का उन्हें ताना मारा। दहेज की मांग पूरी न कर पाने पर प्रताड़ित कर मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने बानपुर निवासी पति समेत पांच पर केस दर्ज किया।

# बिजली चोरी करते नौ धराए, मुकदमा दर्ज

## पावर कार्पोरेशन ने जिले में चिह्नित कर रखा है पांच हाई लाइनलास विद्युत फीडर

**जासं, बस्ती**: हाई लाइनलास से जूझ रहे विद्युत फीडरों से संबद्ध गांवों में ताबड़तोड़ कार्रवाई हो रही है। शनिवार को विद्युत प्रवर्तन दल ने हर्रैया में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। टीम ने नौ लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा और उन पर केस दर्ज कराया।

विद्युत प्रवर्तन दल के प्रभारी महेंद्र यादव ने बताया कि हाई लाइनलास फीडर बेलभरिया हर्रैया में सघन जांच की गई। टीम ने ग्राम सुनसुन, बरहपुर, मुरारीपुर, भैरवपुर, नरसिंहपुर में छापेमारी की, यहां नौ लोग बिना कनेक्शन के बिजली का उपयोग करते हुए पाए गए। इन पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसके अलावा चार लोग बिजली का उपयोग गलत तरीके से करते हुए पकड़ाए। इसमें घरेलू से कामर्शियल और विद्युत भार से अधिक भार का उपयोग कर रहे थे। टीम में प्रवर्तन दल के अवर अभियंता अरविंद मौर्य, हेड कांस्टेबल राकेश सिंह, कांस्टेबल कृष्णकांत वर्मा, दिली कुमार राय, मुरारी शामिल रहे।

पावर कार्पोरेशन ने जिले में पांच हाई लाइनलास फीडर को चिह्नित करते हुए वहां छापेमारी करने का निर्देश दिया है। इसमें बेलभरिया, महराजगंज, असनहरा, कलवारी व मंगेरवा शामिल है। ये सभी फीडर 50 प्रतिशत से अधिक लाइनलास की श्रेणी में हैं।



बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाते विद्युत प्रवर्तन दल • सौ.विभाग

# भाजपा नेता पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

**पैकोलिया।** भाजपा नेता व प्रधान प्रतिनिधि अमन शुक्ला के ऊपर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित चल रहे मुख्य आरोपी को पैकोलिया पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडे ने बताया कि मामले के विवेचक दुर्विजय सिंह ने जानलेवा हमले के मुख्य आरोपी विशाल सिंह को शनिवार दोपहर 2.10 बजे उनके घर गौर थानाक्षेत्र के कटास गांव से गिरफ्तार कर लिया है। संवाद

# एसपी ने प्राथमिक विद्यालय हथिराजा को लिया गोद



**एसपी आशीष श्रीवास्तव ने गोद लिए प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण।** संवाद

**बस्ती।** एसपी आशीष श्रीवास्तव ने मुंडेरवा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय हथिराजा व आंगनबाड़ी केंद्र बहलोरवा को गोद लिया है। शनिवार को स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्र पर पहुंचकर यहां की व्यवस्थाओं व सुविधाओं का जायजा लिया।

इस दौरान एसपी ने छात्रों, शिक्षक व कर्मचारियों से बातचीत कर जानकारी हासिल की। विद्यालय में सफाई, भोजन व्यवस्था, शौचालय, पठन-पाठन आदि पर भी एसपी ने एक नजर डाली। बच्चों से उनके शिक्षा व स्वास्थ्य के बारे में पूछा। विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। संवाद

# हेलीकाप्टर से की जाएगी कांवड़ यात्रा की निगरानी : एडीजी

## तहसील दफ्तर में हुई बैठक के दौरान जिले में कांवड़ यात्रा के लिए रुपरेखा तैयार

संवाद न्यूज एजेंसी

**हरैया।** जिले में आयोजित कांवड़ यात्रा की तैयारियों को शनिवार की रात गोरखपुर जोन के एडीजी अखिल कुमार ने रूपरेखा तैयार की। कांवड़ यात्रा के श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखने की रणनीति एडीजी ने बना दी। कहा कि हेलीकाप्टर से कांवड़ यात्रा की निगरानी की जाएगी।

तहसील सभागार में पुलिस अधिकारियों की बैठक में एडीजी ने कांवड़ यात्रा के दौरान हाईवे पर खराब खड़े किसी भी वाहन को तत्काल हटाने की व्यवस्था सुनिश्चित रखने को कहा।

उन्होंने आयोजन से पुलिस अधिकारियों से कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए जगह -जगह पवित्र सरयू जल के घड़े सजाकर रखने का भी सुझाव दिया। कहा कि किन्हीं कारणों से किसी श्रद्धालु का जल गिर जाता है तो उन्हें तत्काल यह जल मिल सकेगा। हाइवे पर अवैध कट बंद कराने, चौराहों व डिवाइडर कट पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा।

एडीजी ने मंदिर परिसर में जलाभिषेक करते समय भीड़ नियंत्रित करने में मुस्तैद व पूरी चौकसी बरतने के निर्देश दिए। पुलिस कर्मियों को श्रद्धालुओं के साथ संवाद कायम रखते हुए सेवा भाव से कार्य करने की सलाह दी। बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान निगरानी के लिए हेलीकाप्टर उड़ता रहेगा। उन्होंने मौजूद पुलिस अधिकारियों व थानेदारों से हर स्तर पर तैयारी पूरी रखने को कहा। इस मौके पर आईजी आरके भारद्वाज, एसपी आशीष श्रीवास्तव, एएसपी दीपेंद्र चौधरी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अमृतपाल कौर आदि मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा और सफाई व्यवस्था पर किया गया विचार-विमर्श



नगर पालिका कार्यालय में तैयारियों की समीक्षा करते ईओ। संवाद

**बस्ती।** नगर पालिका परिषद कार्यालय में शनिवार को कांवड़ यात्रा व बरसात में सफाई व्यवस्था को लेकर तैयारियों की समीक्षा हुई। ईओ व नगर स्वास्थ्य अधिकारी एसीएमओ डॉ. सीके वर्मा ने व्यवस्था की रूपरेखा तैयार की। वहीं, आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

पालिका के अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने एसीएमओ व नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सीके वर्मा की मौजूदगी में सभी कर्मचारियों को शहर में सफाई व्यवस्था को बेहतर तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया। चेतावनी दी कि बरसात व कांवड़ यात्रा के दौरान अगर कहीं भी सफाई व्यवस्था बाधित पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कहा कि कांवड़ मेला के दौरान श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न होने पाए।

### नगर पालिका के ईओ व नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने की तैयारियों की समीक्षा

सफाई नायक अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रखें। साथ ही नालों की नियमित सफाई कर एंटीलार्वा का लगातार छिड़काव व फॉगिंग कराएं। सफाई निरीक्षक दिनेश वर्मा को निर्देश दिया कि सफाई के दौरान निकलने वाले कूड़ा-कचरा का निस्तारण तत्काल सुनिश्चित कराएं। इस मौके पर डीपीएम अभय शंकर श्रीवास्तव, डीसी अनुज सिंह, सफाई नायक वसीम, तसौवर, सुरेंद्र व शहबान आदि मौजूद रहे।

# गैंगस्टर एक्ट में तीन पाबंद

बस्ती। मुंडेरवा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत तीन को पाबंद किया है। प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम राय ने बताया कि थाना क्षेत्र की करवल कालोनी किठुरी निवासी दिलीप करवल, राजकुमार करवल और सुनील करवल के खिलाफ 3(1) उप्र गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। संवाद

# किशोरी की अश्लील तस्वीर वायरल करने वाला गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

## छेड़खानी, पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में दर्ज हुआ था मुकदमा

## पीड़िता ने आपबीती परिजनों को बताई, पिता ने थाने में दी तहरीर

सोनहा। पुलिस ने किशोरी के साथ छेड़खानी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि अश्लील हरकत के दौरान आरोपी ने उसकी तस्वीर खींच ली और फिर तस्वीर को वायरल करने की धमकी देने लगा। किशोरी के विरोध पर अश्लील तस्वीर वायरल कर दी थी।

पुलिस टीम ने आरोपी को शनिवार सुबह करीब आठ बजे रामनगर चौराहे के पास जिनवा मार्ग से गिरफ्तार कर लिया।

सोनहा थाना क्षेत्र के रहने वाले व्यक्ति ने तहरीर में बताया है कि उनकी चौदह वर्षीय पुत्री बीते 31 मई की सुबह शौच के लिए घर से बाहर गई थी। आरोप है कि उसी समय गांव के ही एक युवक ने उसे अकेला पाकर उसके साथ छेड़खानी की। इसी दौरान उसकी तस्वीर भी खींच ली।

इसके बाद आरोपी उसे धमकी देने लगा कि तुम्हें जब बुलाएंगे तो आना होगा। नहीं तो अश्लील तस्वीर को सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे। साथ ही घर में किसी को भी इसके बारे में न बताने की भी धमकी दी।

तहरीर के अनुसार आरोपी ने 10 जुलाई को किशोरी को बुलाया तो उसने आने से साफ मना कर दिया।

इसके बाद किशोरी की आपत्तिजनक तस्वीर को आरोपी ने अपनी आईडी से सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़िता ने आपबीती परिजनों को बताई और पिता ने थाने पर तहरीर दी।

पुलिस ने आरोपी सहित दो पर आईटी एक्ट व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया था। शनिवार की सुबह प्रभारी थाना सोनहा अरविन्द कुमार मौर्य, कांस्टेबल कृष्णमोहन मौर्य, देवेन्द्र सिंह की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# बकाया मांगने पर जानलेवा हमले का आरोप, केस दर्ज

**बस्ती।** वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के पिपरी ठाकुर निवासी अनिल कुमार ने तहरीर में बताया है कि वह भाड़े पर खेत की जुताई का कार्य करता है।

आरोप है कि गांव के रामविलास की खेत की जुताई का बीस हजार रुपये लंबे समय से बाकी था। चौदह जुलाई की शाम वह अपना बकाया मांगने गया तो रामविलास ने नहीं दिया। इसकी शिकायत करने पर अपशब्द कहते हुए रामविलास व अन्य ने एक राय होकर जान से मारने की नीयत से प्राणघातक हमला किया। पुलिस ने रामविलास समेत नौ के खिलाफ जानलेवा हमला का मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

## पुरानी रंजिश में मारपीट

**बस्ती।** कोतवाली के भूअर निरंजनपुर निवासी चंद्रप्रकाश का आरोप है कि तेरह जुलाई की शाम करीब सात बजे पुरानी रंजिश को लेकर मोहल्ले के पप्पू, राधेश्याम और रोहित ने उन्हें अपशब्द कहते हुए मारपीट कर अपशब्द कहा। जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-07-2022

# मारपीट में महिला की मौत, मुकदमा दर्ज

**इटवा (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम गंगवल में दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर जमकर मारपीट हुई। जिसमें 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई है। मृतका के पुत्र की सूचना पर दूसरे पक्ष के सोलह लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर पंचायतनामा भरकर शव को पीएम के सिद्धार्थनगर भेजा गया है। गंभीर चोट लगने से मेरी मां की मौत हो गई है। इस सूचना पर विपक्षी के कुल 16 आरोपियों के विरूद्ध धारा 147,149, 323, 302 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# महिलाओं से संबंधित अपराधों की करें रोक थाम-एसपी

(एसपी ने थाने का किया निरक्षण कर दिया आवश्यक निर्देश)

**भवानीगंज (एसएनबी)।** बीते शुक्रवार को जिले के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा थाना भवानीगंज का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें उनके द्वारा थाना कार्यालय/आगन्तुक कक्ष, सीसीटीएनएस/साइबर/महिला हेल्प डेस्क/ महिला परामर्श केन्द्र-नई किरण के रजिस्टर इत्यादि का गहनता से निरीक्षण किया गया एवं थाना परिसर में घूमकर थाने की साफ सफाई का भी निरक्षण किया। इसके इलावा उन्होंने ने निगरानी, पैदल गश्त आदि के संबंध में गौरव सिंह, प्रभारी निरीक्षक भवानीगंज को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में शान्ति व्यस्था बनाये रखने हेतु लोगों से संवाद बनाएं रखें। उन्होंने कहा कि यदि कोई शांति व्यस्था बिगाड़ने की कोशिश करे तो उनपर दंडनात्मक कार्रवाई करें और महिलाओं से संबंधित हो रहे अपराध पर रोक थाम करें तथा उन्हें घर घर जाकर जागरूक करें व सरकार द्वारा जारी किये गये महिला हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में उन्हें जानकारी दें। ताकि उन्हें किसी भी कठिन परिस्थितियों में सुरक्षा प्रदान की जा सके।




भवानीगंज थाने पर निरीक्षण करते व महिला हेल्प लाइन के बारे में जानकारी लेते एसपी

# शान्ति व्यवस्था को लेकर 5 गिरफ्तार

भनवापुर (एसएनबी)। विद्याधर कुशवाहा प्रभारी निरीक्षक थाना त्रिलोकपुर के निर्देशन में उ नि. सर्वेश कुमार यादव चौकी प्रभारी बिस्कोहर, उ.नि. शिवदास गौतम, उ.नि. अनिल कुमार द्वारा मय हमराह टीम के आज दिनांक 16 जुलाई को पुरानी रंजिश व घरेलू विवाद में पांच व्यक्तियों को थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने व संज्ञेय अपराध घटित होने से रोकने के धारा 151/107/116 सीआरपीसी के तहत कुल पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तो में राजकुमार यादव पुत्र पुद्दुन यादव साकिन परसोहन थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर, पूरन मल बारी पुत्र स्व. रामछबिले साकिनान कुर्थीडीहा थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर , रामदीन चतुर्वेदी पुत्र स्व. रामतीरथ, अवधेश कुमार पुत्र रामदीन, सुनील कुमार पुत्र रामदीन साकिनान महतिनिया खुर्द थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर शामिल है।

# वांछितअभियुक्त को जेल

भनवापुर (एसएनबी)। त्रिलोकपुर थाने में 14 जुलाई को पंजीकृत मु.अ.सं. 93/2022 धारा 363/366ए /354/323/504/376(3) भा.द.वि. व 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)वीए, 3(2)वी एस सी/एस टी एक्ट व 3/4 पोक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त बासदेव यादव पुत्र सन्ते उर्फ सन्तराम साकिन भरौली कैथवलिया थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर को मुखबिर की सूचना पर विद्याधर कुशवाहा प्रभारी निरीक्षक थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मय हमराही फोर्स के साथ अभियुक्त को उसके घर ग्राम भरौली कैथवलिया से समय 6:50 बजे गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया।

# मारपीट में घायल महिला की मौत 16 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

इटवा, हिन्दुस्तान संवाद। इटवा थाना क्षेत्र के गंगवल गांव में शुक्रवार आधी रात पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान सिर में गंभीर चोट लगने से एक महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आरोपित 16 लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कर पुलिस टीम घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

गंगवल गांव निवासी राम अचल शर्मा, बृजलाल शर्मा, उदयराज शर्मा, बृजभान शर्मा, लालजी शर्मा, भाला शर्मा सगे भाई हैं। बताया जा रहा हैं कि मकान से लगी जमीन को लेकर सभी भाइयों के बीच काफी दिनों से विवाद चल रहा था। आरोप है कि उसी पुरानी रंजिश को लेकर शुक्रवार रात करीब 12 बजे लालजी शर्मा, बृजभान शर्मा, उदयराज शर्मा अपने परिजनों के साथ गोलबंद होकर राम अचल शर्मा के परिवार पर हमला बोल दिए। इस दौरान हुई मारपीट में राम अचल शर्मा (57) के साथ उनकी पत्नी शोभा देवी (55), बेटा विक्रांत शर्मा (30), बहू रश्मि (28), बेटी प्रिया (18) गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से आनन फानन में सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुनियांव ले जाया गया। प्राथमिक उपचार से पहले डॉक्टरों ने शोभा देवी को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर इटवा बिन्देश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि मृतका के पुत्र विक्रांत की तहरीर पर आरोपित लालजी शर्मा, बृजभान शर्मा, दुर्गा प्रसाद, रोहित, निरहुआ, घूरहू, समकल्ला, उदयराज शर्मा, सोनी, मोनी, छोटू, रवि आदि पर केस दर्ज कर लिया गया है। सभी आरोपितों की गिरफ्तारी का प्रयास हो रहा है।



गंगवल गांव में मारपीट के दौरान महिला की मौत के बाद घटना स्थल पर पहुंचे एसपी अमित कुमार आनंद।

# फरार चल रहा आरोपित धराया

इटवा। त्रिलोकपुर पुलिस ने बलात्कार के मामले में फरार चल रहे आरोपित क्षेत्र के एक गांव निवासी बासदेव यादव पुत्र सन्तराम को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। इस पर रविवार को केस दर्ज हुआ था।

# फोटो एडिट कर किया वायरल, केस दर्ज

**शोहरतगढ़।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला की आपत्तिजनक फोटो एडिट कर वायरल किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। महिला के पति ने तहरीर देकर करवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

महिला के पति ने तहरीर देकर बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति ने उसकी पत्नी का आपत्तिजनक फोटो गांव के एक सम्भ्रांत व्यक्ति के फोटो के साथ एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इससे दोनों की सामाजिक क्षति हुई। उस व्यक्ति ने हमें एक दिन शराब पिलाकर और डरा धमकाकर झूठे बयान का भी वीडीओ बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था। पुलिस आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच में जुट गई है। प्रभारी थानाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# रंजिश में मारपीट, महिला की मृत्यु 16 लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

## घटना स्थल पर पहुंचकर एसपी ने किया निरीक्षण



इटवा थाना के गंगवल में महिला की हत्या के बाद घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी लेते पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ● जागरण

**जासं, इटवा**: ग्राम गंगवल में आपसी रंजिश में दो पक्षों के बीच शुक्रवार की देर रात मारपीट हो गई। एक पक्ष के पांच व दूसरे पक्ष के तीन लोग घायल हुए हैं। घटना में एक 55 वर्षीय महिला की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले में 16 लोगों पर हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। शनिवार को दोपहर में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद गांव में पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण कर मामले की जानकारी ली। आवश्यक कार्रवाई संबंधित निर्देश दिए।

गांव निवासी राम अचल व उनके पट्टीदार लालजी शर्मा आदि के बीच काफी दिनों से रंजिश चल रही थी। देर रात बाजा बजाने को लेकर फिर विवाद हो गया। कुछ ही देर में विवाद मारपीट में बदल गयी। लाठी-डंडे चलने लगे। घटना में 55 वर्षीय शोभा देवी, उनके पति राम अचल सहित पांच लोग घायल हुए। जबकि दूसरे पक्ष के उदयराज, रोहित सहित तीन लोगों को चोटें आईं। मृतका के बेटे विक्रांत शर्मा ने तहरीर देकर कहा कि उनके पट्टीदार गोलबंद होकर आए और मारपीट करने लगे। उनके पिता राम अचल, मां शोभा देवी, पत्नी रश्मि व बहन प्रिया को मार पीटा। उन सभी लोगों को चोटें आईं, पर मां का गंभीर चोटें आईं। उन्हें पीएचसी खुनियांव ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित किया। पुलिस ने लालजी शर्मा, बृजभान, दुर्गा प्रसाद, रोहित, निरहुआ, समकल्ला, उदय राज, भगवती प्रसाद, सोनी, मोनी, छोटू, रवि, नेबुआवाली, आरती, विशाल व गुड़िया कुल 16 आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। चार-पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है।

प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि आपसी रंजिश में दो पक्षों के बीच विवाद हुआ है। दोनों पक्षों के चार-पांच लोगों को चोटें आई हैं। एक महिला की मृत्यु हो गई है। मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सरकारी संपत्ति के नुकसान पर मुकदमा

**जागरण संवाददाता, पकड़ी, सिद्धार्थनगर :** उसका बाजार थाना क्षेत्र के महुलानी गांव में तीन लोगों के खिलाफ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने व चोरी करने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

महुलानी गांव के ग्राम प्रधान शिवस्वरूप पांडेय ने उसका थाने पर तहरीर देकर बताया कि सात माह पूर्व गांव में नाली निर्माण का कार्य कराया गया था। जिसको गांव के ही तीन लोगों ने मिलकर तोड़ दिया और ईंट उठा कर ले गए। जिससे सरकारी संपत्ति का नुकसान हुआ। तहरीर के आधार पर विजय प्रकाश पांडेय, सत्यम पांडेय व शिव त्रिपाठी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। एसओ उसका अभिषेक सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कारवाई की जा रही है।

# 18 बोरी यूरिया बरामद

**जासं, कपिलवस्तु:** पुलिस चौकी बजहा के जवानों ने शनिवार को 18 बोरी यूरिया खाद बरामद किया है।

चौकी प्रभारी अरविंद कुमार गुप्ता ने बताया कि इसे तस्करों ने अगया कला गांव में छुपाकर रखा था। बरामद सामान को कस्टम खुनुवा को सुपुर्द किया गया है।

# शिकायतें व समस्या यथावत, समाधान लापता

## एडीएम ने सदर तहसील में की सुनवाई, राजस्व के मामलों का किया निस्तारण

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर** : जिलाधिकारी संजीव रंजन की अनुपस्थिति में अपर जिलाधिकारी उमाशंकर ने शनिवार को नौगढ़ तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की। कुल 83 मामले प्रस्तुत हुए। 16 प्रकरण का मौके पर निस्तारण किया गया। शोहरतगढ़ तहसील में एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव ने मामलों की सुनवाई की। यहां 41 प्रकरण प्रस्तुत हुए, जिनमें एक भी निस्तारित नहीं हो सका।

नौगढ़ तहसील में प्रस्तुत 83 मामलों में राजस्व से संबंधित 34, पुलिस के 13, विकास विभाग के चार, नगर पालिका के तीन, विद्युत के दो, सरयू नहर खंड बांसी व आरइएस के एक-एक, अन्य विभागों के 25 प्रकरण रहे। जिनमें राजस्व से संबंधित 16 को मौके पर ही निस्तारित किया गया। एसडीएम सदर प्रदीप कुमार यादव, सीओ सदर प्रदीप यादव, डीआइओएस अवधेश नारायण मौर्या, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा. राहुल गुप्ता, बंदोबस्त अधिकारी चकबन्दी मेघवरण, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तन्मय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी एजाजुल हक खान, बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय, डीएसओ बृजेश कुमार मिश्रा, तहसीलदार नौगढ़ राम ऋषि रमन, एसओ सदर तहसीलदार सिंह आदि मौजूद रहे।

शोहरतगढ़ में 41 मामलों में राजस्व के 22, पुलिस के दस, विकास व पूर्ति के तीन-तीन, सिंचाई विभाग के दो, पीडब्ल्यूडी-1 मामले रहे। तहसीलदार राजेश प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार गौरव कुमार आदि मौजूद रहें।



सदर तहसील सभागार में सुनवाई करते एडीएम उमाशंकर, एसडीएम सदर प्रदीप कुमार यादव एवं सीओ सदर प्रदीप ● जागरण



उसका बाजार थाना के कुड़िया गांव निवासी जुबैदा खातून ने आरोप लगाया कि निजी भूमि पर गेट लगवाने पर ग्राम निवासी कुछ लोग अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं। हमेशा मारपीट करने पर उतारू रहते हैं। दूसरी बार तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र दिया है, कई बार अधिकारियों से भी शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।



सदर थाना के कृष्णानगर मोहल्ला निवासी रमेश ने आरोप लगाया कि एक वर्ष पूर्व बहन पुष्पा का विवाह साड़ी तिराहा के एक युवक के साथ हुआ। ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए बहन को प्रताड़ित करते रहते थे। तहरीर देने के बाद भी पुलिस मामले में कार्रवाई नहीं कर रही है।



उसका बाजार थाना के गायघाट निवासी झिनक ने आरोप लगाया कि एक व्यक्ति ने भूमि खरीदी है। बैनामा होने के बाद भी खतौनी में नाम नहीं चढ़ सका। इसी दौरान आरोपित ने दूसरे व्यक्ति को भी बैनामा कर दिया। कोर्ट का आदेश होने के बाद भी पुलिस धोखाधड़ी का मामला दर्ज करने में आनाकानी कर रही है।




सदर थाना के बभनी लंगड़ी गांव निवासी अभिराजी ने बताया कि पिता तुलसी का जिला सहकारी बैंक में खाता था। उनके निधन के बाद खाता में जमा धन को नियम संगत अपने खाता में ट्रांसफर कराने की प्रक्रिया पूरी कर ली, लेकिन बैंक के अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे हैं।

# दीपक बने एसओ चिल्हिया

जासं, सिद्धार्थनगर : कोटिया चौकी प्रभारी दीपक को एसपी अमित कुमार आनंद ने चिल्हिया का नया थाना प्रभारी बनाया है। डुमरियागंज थाने में एसएसआइ तैनात रमाकांत को कोटिया प्रभारी बनाया गया है।

# वायरल आडियो प्रकरण में लेखपाल निलंबित

**जागरण संवाददाता, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर** : प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने व रिपोर्ट लगाने के नाम पर धनउगाही करने वाले मझौवा के लेखपाल को एसडीएम डुमरियागंज ने निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच भी प्रारंभ की गई है। नगर पंचायत भारतभारी में दो अपात्रों की रिपोर्ट लगाने के लिए लेखपाल रुपये की मांग कर रहे थे। इससे जुड़ा आडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ और जागरण ने शनिवार के अंक में खबर प्रमुखता से प्रकाशित की, जिसके बाद यह कार्रवाई हुई है। डुमरियागंज के अलावा भारतभारी और बढ़नीचाफा में आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर धनउगाही हो रही है। पिछले दिनों जागरण ने इससे जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया जिसमें यह बताया कि अपात्रों की रिपोर्ट लगाने के नाम पर जेई और लेखपाल रुपया ले रहे हैं। वायरल आडियो में मझौवा पांडेय गांव के लेखपाल अजय जायसवाल अपात्रों की रिपोर्ट लगाने के एवज में दस हजार रुपये की डिमांड कर रहे थे। रुपये न देने पर रिपोर्ट न लगाने व योजना के लाभ से वंचित कर देने की धौंस भी दे रहे थे। एसडीएम विकास कश्यप ने बताया कि उक्त लेखपाल को निलंबित कर दिया गया है, विभागीय जांच कराई जा रही है।



## फोटो वायरल करने पर आइटी एक्ट का मुकदमा दर्ज

**जासं, शोहरतगढ़,** : थाना क्षेत्र के एक ग्राम पंचायत में एक व्यक्ति व महिला की फोटो आडिट कर वायरल किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। महिला के पति ने पुलिस को घटना से जुड़ी जानकारी दी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। पुलिस को दिये गए तहरीर में पीड़ित महिला के पति ने कहा कि गांव का एक व्यक्ति उसकी पत्नी का फोटो को आडिट करके गांव के एक सम्भ्रांत व्यक्ति के साथ जोड़कर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। आरोपित ने हमें एक दिन शराब पिलाया। डरा– डरा धमकाकर झूठे बयान का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। थाना प्रभारी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# 'देश विरोधी गतिविधियों पर रोक लगाने में करें सहयोग'

संवाद न्यूज एजेंसी

## एसएसबी 50वीं वाहिनी बढनी के समवाय मुख्यालय में बैठक हुई

**बढनी।** भारत और नेपाल के सुरक्षा अधिकारियों के बीच शुक्रवार की रात एसएसबी 50वीं वाहिनी बढनी के समवाय मुख्यालय में बैठक हुई।

इस दौरान दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने देश विरोधी गतिविधियों पर रोक लगाने में सहयोग की बात कही। इसके साथ ही मादक पदार्थ, नकली करेंसी, भारत-नेपाल की विरोधी गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर कड़ी निगरानी पर चर्चा की गई।

बैठक का संचालन करते हुए 50 वीं बटालियन के कमांडेंट अशोक विश्वास ने नेपाल से आए हुए अधिकारियों की समस्याओं को सुना और उसके निस्तारण का आश्वासन दिया। भारत की तरफ से पुलिस अधीक्षक अमित आनंद ने बताया कि ऐसी बैठक प्रत्येक डेढ़ माह में होती है।

किसी भी तरह की छोटी-मोटी समस्याएं हैं तो उनको सुनकर आपस में दोनों देश के सुरक्षा एजेंसियां मिल बैठकर निपटा लेती हैं। उन्होंने सीमा का निरीक्षण कर सुरक्षा का जायजा लिया। इस दौरान एपीएफ के एसपी सूर्य बहादुर सेन, कृष्णा नगर के इलाका पुलिस कार्यालय के इंस्पेक्टर शैलेंद्र पांडेय मौजूद रहे।

# चार मामले निस्तारित

**डुमरियागंज** : शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम विकास कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कुल 24 मामलों में से राजस्व के चार मामले निस्तारित किए गए। राजस्व 16, पुलिस पांच, विकास एक व अन्य विभागों के दो मामले आए।

# टंकी में जहरीला पदार्थ डालने की आशंका

## पूर्व माध्यमिक विद्यालय पपनी का मामला, टंकी का पानी पीने पर लगाई गई रोक

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर/लोटन।** लोटन ब्लॉक क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पपनी में पानी पीने के लिए लगे टैंक में जहरीला पदार्थ डालने की आशंका जताई जा रही है।

बदबूदार पानी आने पर बच्चों ने प्रधानाध्यापक को जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने टोटी को बंद करा दी। मामला 11 दिन पहले का है।

लोटन ब्लॉक क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 564 बच्चे पंजीकृत हैं। बच्चों को पानी के लिए 10 टोटी लगी है। दो टैंक स्थापित किया गया है। प्रधानाध्यापक बाबू राम के मुताबिक पांच जुलाई को बच्चे पानी पीने गए तो टोटी के पानी से बदबू आ रही थी।

बच्चों ने इसकी जानकारी दी। टैंक को खोलकर देखा तो सफेद पदार्थ कई जगह पड़े थे, जैसे कोई दवा हो। जहरीला पदार्थ डाले जाने की आशंका है। पांच लीटर पानी एक गैलन में जांच कराने के लिए रख दिया।

सभी टोटी को बंद करके पूर्ण रूप से पानी पर रोक लगा दिया गया। दूसरे दिन पानी को खाली करवाया और उसे टैंक को धुलवा दिया गया। मामले की जानकारी डायल-112 को दी गई। प्रधानाध्यापक ने बीएसए को पत्र लिखकर गैलन में रखे गए पानी की जांच की मांग की है।




पूर्व माध्यमिक विद्यालय पपनी में पानी की टोटी को बंद कर दिया गया है। संवाद

### 11 दिन बाद भी नहीं हुई पानी की जांच

प्रधानाध्यापक ने पानी की जांच कराने के लिए पांच जुलाई को बीएसए को पत्र भेजा था, लेकिन 11 दिन बाद भी पानी के सैंपल की जांच नहीं हुई। इस मामले में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों व प्रधानाध्यापक ने मुकदमा दर्ज नहीं कराया है।

घटना के बारे में किसी प्रकार की जानकारी नहीं है। अगर डायल-112 की टीम मौके पर गई थी तो उसे जानकारी देनी चाहिए थी। शिकायत आई होती तो जांच करके कार्रवाई जरूर करते।

**- देवनंदन उपाध्याय,** कोतवाल, लोटन

टैंक के पानी में कोई पदार्थ मिला देने की जानकारी मिली थी। इस मामले में प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया गया था कि कोतवाली में केस दर्ज करवाएं। अगर अभी तक केस दर्ज नहीं हुआ है तो खुद पत्राचार करेंगे और पानी की जांच कराई जाएगी।

**- देवेंद्र कुमार पांडेय,** बीएसएस, सिद्धार्थनगर

# फोटो से छेड़छाड़ कर किया वायरल केस दर्ज

शोहरतगढ़। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला और उसी गांव के एक शख्स की तस्वीर से छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला प्रकाश में आया है।

**शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला**

महिला के पति ने एसपी और शोहरतगढ़ थाने में तहरीर दी है। पुलिस आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच में जुट गई है।

महिला के पति ने गांव के ही एक शख्स पर तस्वीर वायरल करने का आरोप लगाया है। कहा है कि आरोपी ने उसके द्वारा नशे में कही गई बात को भी रिकॉर्ड कर वायरल कर दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# गंगवल में जमीन के विवाद में मारपीट, महिला की जान गई

## पुलिस ने हत्या, बलवा सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया, सात लोग गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**इटवा।** गंगवल गांव में शुक्रवार देर रात जमीन विवाद में मारपीट हो गई। जिसमें एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हत्या, बलवा सहित अन्य धाराओं में 16 लोगों पर केस दर्ज करके सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गंगवल गांव में लालजी शर्मा और रामअचल शर्मा में पैतृक भूमि का विवाद है। दोनों भाइयों में अक्सर विवाद होता रहता है। शुक्रवार रात को भी विवाद हो गया। दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट में शोभा देवी (55) पत्नी राम अचल गंभीर रूप से घायल हो गईं।

परिवार के लोग उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर जा रहे थे। रास्ते में उनकी मौत हो गई। इस संबंध में एसओ विंदेश्वरीमणि तिवारी का कहना है कि मामले में विक्रांत शर्मा की तहरीर पर हत्या, बलवा सहित अन्य धारा में केस दर्ज कर सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### लापरवाही ने ले ली जान

इटवा थाने के गंगवल गांव में सगे भाइयों में आए दिन विवाद होता रहता था। दोनों पक्ष थाने में अपनी फरियाद लेकर पहुंचते रहे, लेकिन न तो पुलिस ने मामले को कभी गंभीरता से लिया और न ही प्रशासन ने। शुक्रवार रात में दोनों पक्ष आमने सामने आ गए और इसमें महिला की मौत हो गई।

### गांव में फोर्स तैनात

घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रभारी सीओ इटवा राणा महेंद्र प्रताप सिंह रात में ही मौके पर पहुंच गए। रात में ही दबिश देकर घटना में शामिल सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया। सीओ ने बताया कि शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-07-2022

# देवर-देवरानी-जेठ-जेठानी के विरूद्ध दर्ज

**धनघटा (एसएनबी)।** महुली थाना क्षेत्र के बन्धूपुर गांव में शुक्रवार की देर शाम जमीनी विवाद को लेकर दो सगे भाइयों के परिवार के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दोनों पक्ष के चार लोग घायल हो गए जिनका नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना को लेकर दोनों पक्षों द्वारा दी गई अलग-अलग तहरीर के आधार पर पुलिस ने देवर-भाभी और जेठ-जेठानी के विरूद्ध पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दर्ज कर कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में एक पक्ष से थाना क्षेत्र के बन्धूपुर गांव निवासी कुसुम देवी पत्नी रूदल ने बताया कि उसके जेठ जमीनी विवाद को लेकर शुक्रवार की देर शाम भद्दी-भद्दी गाली दे रहे थे। गाली देने का विरोध करने पर जेठ ने उसके पति रूदल के उपर हमला बोल दिया। बीचबचाव करने के लिए जब वह पहुंची तो जेठ ने अपनी पत्नी रीता के साथ मिलकर उसे और उसके पति को मारपीट कर घायल कर दिया। कुसुम देवी की तहरीर पर पुलिस ने उसके जेठ कमलेश पुत्र रामलगन तथा रीता पत्नी कमलेश के विरूद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरी तरफ से रीता देवी पत्नी कमलेश की तहरीर पर पुलिस ने रूदल पुत्र रामलगन व कुसुम पत्नी रूदल के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर सभी घायलों को चिकित्सीय परीक्षण हेतु सीएचसी नाथनगर भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक महुली रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि जल्द ही नामजद आरोपियों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** जिले में महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमन मिश्र के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत धारा 366 भादवि व 3/5 उ.प्र. विधि विरुद्ध धर्म सम्परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम में वांछित अभियुक्त मो. अनीश पुत्र अब्दुल गनी निवासी सिरौली थाना गोला जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। आरोपी को प्रभारी चौकी बरदहिया उ.नि. वीरेन्द्र मिश्रा मय हमराह ने गिरफ्तार किया है।

# अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** अवैध शराब निष्कर्षण, बिक्री के खिलाफ बेलहरकला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए दो अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज करके कार्रवाई की है। थाना बेलहरकला के हे.कां. रविशंकर श्रीवास्तव, हे.कां. राजेश चौरसिया, हे.कां. जयप्रकाश मिश्र, हे.कां. दुर्गेश यादव, कां. इन्द्रकमल, कां. कृष्ण नारायण ने 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दो अभियुक्तों नेवास पुत्र झुग्गी निवासी मिधुरी थाना बेलहरकला एवं रामकिशुन पुत्र इंद्राज केवट निवासी जंगल दशहर टोला रेहरवां थाना बेलहरकला संतकबीरनगर को क्रमशः 10-10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थाना बेलहरकला पर मु.अ.सं. 123/2022 व 124/2022 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर कार्रवाई की गयी।

# दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को बेलहरकला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके न्यायालय/जेल रवाना किया गया। महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल अंबरीश सिंह भदौरिया के निकट पर्यवेक्षण में थाना बेलहरकला के उ.नि. पवन कुमार शुक्ला मय हमराह मु.अ.सं. 54/2022 धारा 376 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट के मामले में वांछित अभियुक्त विक्की कुमार पुत्र पिंटू निवासी निवासी कुसहरा थाना बेलहरकला को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

# पुलिस टीम ने महिला को पहुंचाया अस्पताल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने सर्पदंश का शिकार एक महिला को अस्पताल पहुंचाया। पीआरवी 1492 को थाना धनघटा क्षेत्र के मड़पौना से एक महिला को सांप काटने के संबंध में सूचना मिली। सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों ने समय से घटना स्थल पर पहुंचकर उक्त महिला को एंबुलेंस से सीएचसी हैंसर भेजवाया।

# भूमिविवाद में दो सगे भाइयों में मारपीट

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के बन्धुपुर में शनिवार को भूमि विवाद को लेकर दो सगे भाइयों में मारपीट हो गई। मारपीट में चार लोग घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने अलग-अलग तहरीर पर दम्पत्ति समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस को दी गई तहरीर में एक पक्ष की कुसुम देवी पत्नी रूदल ने बताया कि उसके जेठ कमलेश भूमि विवाद को लेकर गाली दे रहे थे। एतराज करने पर उसे तथा पति रूदल को दौड़ा-दौड़ाकर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कमलेश पुत्र राम लगन, रीता पत्नी कमलेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दूसरे पक्ष की रीता देवी पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने प्रतिवादी रूदल पुत्र राम लगन, कुसुम पत्नी रूदल के खिलाफ गाली गलौज और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

# 34 वाहनों का किया चालान

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध चल रहे अभियान के क्रम में शनिवार को 34 वाहनों का चालान किया। इनसे 21 हजार 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूल की। यातायात पुलिस के साथ ही सभी थानों की पुलिस ने एक साथ अभियान चलाया।

# जांच के बाद कार्रवाई नहीं होने पर आत्मदाह की दी चेतावनी

धर्मसिंहवा, हिन्दुस्तान संवाद। जांच के बाद कार्रवाई न होने से क्षुब्ध होकर एक पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने आत्मदाह की चेतावनी दी है। इस बाबत राज्यपाल और प्रमुख सचिव को पत्र लिखा है। पत्र में जांच टीम पर तथ्यों को छिपाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आरोप लगाया है।

धर्मसिंहवा निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र पांडेय ने जिलाधिकारी और राज्यपाल को एक रजिस्ट्री पत्र भेजा है। पत्र में कहा है कि उन्होंने अपने धर्मसिंहवा के पूर्व प्रधान फिरतुन्निशा और उनके पति वारिस अली पर आरोप लगाया है कि प्रधान फिरततुन्निशा द्वारा फर्जी तरीके से मेड़बंदी का भुगतान करवाया गया है। इसकी शिकायत डीएम को 11 दिसम्बर 2020 को शपथपत्र के साथ की थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला उद्यान अधिकारी संतोष दूबे के नेतृत्व में जांच की गई थी। वीरेंद्र पांडेय का आरोप है कि जांच के बाद ही भूतपूर्व प्रधान फिरततुन्निशा द्वारा उनके ऊपर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज करवा दिया गया।

वीरेंद्र पांडेय ने डीएम को भेजे पत्र में कहा की। अगर दोषी पूर्व प्रधान और उसके पति के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो 15 अगस्त को दोपहर 12 बजे राजभवन के सामने आत्मदाह कर लेंगे।

# अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

संतकबीरनगर। बेलहरकला पुलिस ने शनिवार को 20 लीटर अवैध शराब के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त नेवास पुत्र डुग्गी निवासी निधुरी व राम किशुन पुत्र इंद्राज निवासी जंगलदशहर के पास से 10-10 लीटर शराब बरामद किया। दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय के लिए रवाना कर दिया।

# दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

संतकबीरनगर। बेलहर कला थाना पुलिस ने शनिवार को दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के आरोपी विक्की कुमार निवासी कुसहरा की तलाश पुलिस कर रही थी। शनिवार को उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# शांतिभंग में गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने अभियान चलाकर शांतिभंग में कुल 21 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। खलीलाबाद पुलिस ने दो, धनघटा पुलिस ने दो, महुली प्ने एक, बखिरा ने 10 और मेंहदावल से छह को गिरफ्तार किया।

# धर्म परिवर्तन कराने का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। खलीलाबाद पुलिस ने शनिवार को छेड़खानी और विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन के आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके ऊपर गलत तरीके से धर्म परिवर्तन कराने के प्रयास व छेड़खानी का आरोप है।

कोतवाल विजय नारायण प्रसाद ने बताया कि आरोपी मोहम्मद अनीश पुत्र अब्दुल गनी निवासी पिपरौली थाना गीडा गोरखपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

# महुली पुलिस की सक्रियता के चलते टल गया विवाद

नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद। महुली पुलिस ने शनिवार को एक व्यक्ति के ट्वीट पर सक्रिय होकर एक क्षतिग्रस्त प्रतिमा दुरुस्त कराकर विवाद टाल दिया। सूचना पर पुलिस क्षेत्र के घोरहट सीवान में स्थापित भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति के पास पहुंच गई।

पुलिस टीम ने बाबा साहब की टूटी मूर्ति के हिस्से को तत्काल दुरुस्त कराया। महुली थाना क्षेत्र के महुली-बस्ती मार्ग पर घोरहट सीवान के सिदाही गांव के मोड़ के पास स्थित भूमि पर छितही गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी भूमि होने का दावा करते हुए कब्जा कर लिया है। ग्रामीणों के अनुसार करीब आठ माह पूर्व उक्त व्यक्ति ने बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति लगाई गई है। घोरहट गांव के प्रधान राधेश्याम निषाद के अनुसार उक्त भूमि का कुछ हिस्सा ग्राम समाज है।

## धर्म परिवर्तन करवा रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जासं, संतकबीर नगर : खलीलाबाद शहर के हिंदू युवती को बहला फुसला कर भगा ले जाने व धर्म परिवर्तन के लिए दबाव देने के मामले में कोतवाली पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी बरदहिया वीरेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि आठ माह पूर्व युवती को उसके घर के बगल में मामा के घर पर रहने वाला युवक भगा ले गया था। आरोपित मोहम्मद अनीस ग्राम पिपरौली थाना गीडा जिला गोरखपुर उसे धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास कर रहा था। युवती उसके चंगुल से निकलकर घर पहुंची। उसने स्वजन व पुलिस को आपबीती सुनाई। आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

# चार आरोपितों पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

संतकबीर नगर : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से तीन दिन पूर्व चार लोगों ने छेड़खानी किया था। आरोपितों ने युवती की पिटाई करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने मामले में चार पर मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# दुष्कर्म का आरोपी भेजा गया जेल

संतकबीरनगर। बेलहर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को शनिवार को पिठिया के पास से गिरफ्तार किया। एसओ संतोष मिश्रा ने बताया कि मार्च में आरोपी के खिलाफ किशोरी से छेड़खानी करने का मुकदमा दर्ज हुआ था। बाद में किशोरी के बयान से दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई थी। उसी मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। संवाद

# अराजकतत्वों ने आंबेडकर की प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त

## ट्विटर पर खबर मिलते ही पुलिस हुई सक्रिय, प्रतिमा को ठीक कराया

संवाद न्यूज एजेंसी

धनघटा। महुली क्षेत्र के घोरहट सिवान में स्थापित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को शनिवार रात में अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। ट्विटर पर यह खबर लगते ही पुलिस सक्रिय हो गई। आननफानन उसे ठीक कराकर विवाद की आशंका को टाल दिया।

पुलिस के अनुसार घोरहट सिवान के सिदाही गांव के मोड़ के पास एक जमीन पर छितही गांव के एक शख्स ने कब्जा कर रखा है। उसका दावा है कि जमीन उसकी है। उसी जमीन पर करीब आठ माह पहले उसने डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी है।

घोरहट गांव के प्रधान राधेश्याम निषाद के अनुसार उक्त जमीन का कुछ हिस्सा ग्राम समाज की है। उसके पीछे उस शख्स का खेत है। इस मामले को लेकर अक्सर विवाद होता रहता है। मौके पर मौजूद एसआई नत्थू प्रसाद ने बताया कि शनिवार को छितही गांव के निरंजन ने ट्वीट कर जानकारी दी कि डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा को कुछ लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। प्रतिमा के कुछ टूटे हिस्सों को ठीक करा दिया गया है। गांव की गतिविधियों पर पुलिस नजर बनाए हुए है।

थानेदार ने बताया कि गांव में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। कानून को किसी को हाथ में नहीं लेने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अराजक तत्वों की पहचान की जा रही है। जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर डॉ. भीमवार आंबेडकर की प्रतिमा लगाई गई है, उसे लेकर विवाद का मामला सामने आया है।

डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने के कारणों का भी पता लगाया जा रहा है। जमीन विवाद से जुड़े पक्षों को थाने पर बुलाया गया है, ताकि समस्या का समाधान कराया जा सके।



क्षतिग्रस्त डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा को ठीक कराते पुलिसकर्मी। संवाद

# कच्ची शराब के साथ दो लोग गिरफ्तार

संतकबीरनगर। बेलहल कला पुलिस ने शनिवार को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ अलग-अलग जगहों से दो को गिरफ्तार किया।

एसओ संतोष मिश्रा ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों की पहचान नेवास निवासी निधुरी, रामकिशुन निवासी जंगल दशहर टोला रेहरवां थाना बेलहरकला के रूप में हुई। आरोपियों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। संवाद

# एसिड के साथ पकड़ी गई युवती

संवाद न्यूज एजेंसी

धनघटा। मलौली गांव निवासी एक शख्स के घर में शनिवार को घुस रही युवती को संदेह होने पर मकान मालिक ने ग्रामीणों के सहयोग से पकड़ लिया।

सूचना पर डायल 112 के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए। युवती की तलाशी ली गई तो उसके पास से एसिड, लाल मिर्च का पाउडर और नशीली दवाएं बरामद हुईं। युवती के साथ एक युवक को भी पुलिस पकड़ कर थाने ने गई।

मलौली निवासी जितेंद्र कुमार ने बताया कि शनिवार को दिन में करीब डेढ़ बजे उनके घर अपरिचित एक युवती और एक युवक पहुंचे। युवक घर से थोड़ी दूरी पर खड़ा हो गया। जबकि युवती घर में घुसने लगी। उसे घर में घुसने से रोका तो उनके छोटे भाई की पत्नी प्रमिला को अपनी सहेली बताने लगी।

## शोर मचाने पर जुटे ग्रामीणों ने युवती के साथ आए युवक को भी पकड़ा

जितेंद्र ने युवती को बरामदे में रोककर छोटे भाई की पत्नी को बाहर बुलवाया तो युवती न तो प्रमिला को पहचान सकी और न ही वह युवती को। घर से दूर खड़ा युवक और युवती भागने का प्रयास करने लगे तो गांव के लोगों के सहयोग से दोनों को पकड़ लिया गया।

जितेंद्र ने घटना की जानकारी डायल 112 पर पुलिस को दी। पीड़ित ने बताया कि पकड़ा गया युवक गोरखपुर और युवती धनघटा क्षेत्र की रहने वाली। दोनों ने अपना नाम और पता पुलिस को बता दिया है। एसओ केडी सिंह ने बताया की पकड़े गए संदिग्ध युवक और युवती से पूछताछ की जा रही है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ऑनलाइन पोल में जिला अव्वल

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। ऑनलाइल पोल में बेहतर कार्य करने के लिए जिले की पुलिस को जोन पर पहला स्थान मिला है। इसमें आम जनता से राय ली गई थी। उसके बाद एडीजी ने रैंकिंग की। इसके पीछे पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार लाना मकसद है।

एसपी सोनम कुमार ने बताया कि जून माह के लिए जिले की पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में एक से सात जुलाई तक ऑनलाइन पोल कराया गया। आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता के बारे में शिकायतकर्ताओं से सुझाव लिए गए।

## पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार की हो रही पहल

जनपद के थानों में दर्ज एफआईआर व एनसीआर के वादियों को फोन कर फीडबैक लिया गया। ऑनलाइन पोल के लिए डिजिटल प्लेटफार्म पर लिंक भेजकर लोगों की राय ली गई। इसी के आधार पर रैंकिंग तय की गई है।

उन्होंने बताया कि इस वोटिंग का उद्देश्य आम जनमानस से प्राप्त सुझावों का उपयोग कर पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार लाकर उसे अधिक जनप्रिय एवं व्यवहार कुशल बनाना है।

आमजन के जरिए इस पोल के माध्यम से ट्वीटर पर 1871 वोट, डॉयरेक्ट पोल पर 5957, एफआईआर व एनसीआर वादी के जरिए 372, यूपी-112 पीआरवी पर 679, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन पर 750, आईजीआरएस के 168 प्रकरणों पर 9797 लोगों ने अपनी राय व्यक्त की है। एडीजी जोन ने 73.47 प्रतिशत अंकों के साथ जनपद पुलिस को जोन में सर्वोत्तम स्थान दिया है।

# GONDA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-07-2022

# पिटाई करने पर पति, सास व ससुर पर मुकदमा दर्ज

**वारदात**

धानेपुर, संवाददाता। साहब सास के कहने पर आये दिन पति उनकी पिटाई करता है अब बर्दाश्त से बाहर हो गया है। शुक्रवार को भी पिटाई की गई है। नवविवाहिता की शिकायत पर धानेपुर पुलिस ने पति व सास समेत चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

मोतीगंज थाना क्षेत्र के दुढ़ाव की रहने वाली माला देवी के मुताबिक उनकी शादी एक साल पहले धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दूल्हापुर बनकट के मजरा मिश्रन पुरवा निवासी नीरज के साथ हुआ था। कुछ दिन तक ठीक रहा। लेकिन अब उनका पति सास के कहने पर आये दिन मारता पीटता है। जो बर्दाश्त से बाहर हो गया है। महिला ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर में उनकी सास के कहने पर पति नीरज, जेठ नानबाबू व देवर शिवा ने मिलकर लात घूसा मूका थप्पड़ से मारापीटा जिससे चोटें आई हैं। बताया कि शिकायत की गई है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि महिला की शिकायत पर पति, सास, जेठ व देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। चोटिल महिला का डाक्टरी परीक्षण कराया जा रहा है। विधिक कारवाई की जा रही है।

# नाबालिग बालिका से दुष्कर्म, केस दर्ज

परसपुर। क्षेत्र के नाबालिग बालिका को अपने प्रेमजाल में फंसाकर एक युवक पांच माह से घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। पेट दर्द होने पर जब पिता अपनी बेटी का इलाज कराने पहुंचा तो वहां गर्भाधारण होने का खुलासा हुआ। इसके बाद बेटी ने दरिंदे के हैवानियत की जब सारी कहानी बताई तो पिता के पैरों तले से जमी खिसक गई। पुलिस ने पिता की तहरीर पर एक व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म किए जाने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। इंसपेक्टर शमशेर बहादुर सिंह ने बताया महिला आरक्षी के अभिरक्षा में बालिका को जिला मुख्यालय पर चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया है। आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

# छेड़छाड़ के आरोपी को किया गिरफ्तार

गोण्डा। नगर कोतवाली क्षेत्र के पंतनगर फोरबिसगंज निवासी गोलू उर्फ ननकन पर एक पीड़ित ने छेड़छाड़ का मामला नगर कोतवाली में दर्ज कराया था। इस मामले में वांछित को नगर कोतवाली के उपनिरीक्षक वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार कर लिया। जिसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी ने कोतवाली नगर क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिक लड़की के साथ उसके घर में घुसकर छेड़छाड़ किया था। जिसके सम्बन्ध में पीड़िता ने कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की है।

# महिला को घर से भगा देने की रिपोर्ट दर्ज

धानेपुर, संवाददाता। बेटा ना होने पर चार बेटियों की मां को पति समेत ससुरालीजनों ने मारपीट कर घर से भगाने के मामले में धानेपुर पुलिस ने पति व नन्दोई समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

धानेपुर थाना क्षेत्र के ही बलरामपुर जिले की रहने वाली कामिनी चौहान के मुताबिक तकरीबन 18 साल पहले उसकी शादी धानेपुर थाना क्षेत्र के जैन पुरवा निवासी सुबेदार चौहान के साथ हुई थी। बताया कि समय बीतता गया और उसके एक के बाद एक करके चार बेटियां हो गई। इस दौरान आए दिन पति व अन्य ससुरालीजन उसका उत्पीड़न करते रहे और उसे मारते पीटते थे। इसमें उसका नन्दोई भी सहयोग करता रहा।

प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि विवाहिता कामिनी चौहान की शिकायत पर पति सूबेदार चौहान ,ससुर मोहनलाल, सास सोना व नंदोई जगराम निवासी धौरहरा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# सामूहिक दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**इटियाथोक :** वर्ष 2014 से फरार चल रहे सामूहिक दुष्कर्म के आरोपित बेलभरिया के इश्तियाक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष करूणाकर पांडेय ने बताया के आरोपित पर 25हजार का इनाम भी घोषित था। (संसू)

# 222 शिकायतों में सिर्फ 13 का ही निस्तारण



गोंडा के तरबगंज तहसील में किसानों को किट प्रदान करते डीएम। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

तरबगंज (गोंडा)। जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को तरबगंज तहसील में किया गया। सैंकड़ों फरियादी भीषण गर्मी के बावजूद लंबी कतार में लगे रहे। जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 222 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें 13 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## तहसीलों में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार ने तालाब, चकरोड, नाली के अतिक्रमण को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का निर्देश दिया। कहा कि शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण प्रक्रिया की फोटोग्राफी भी करें। जिलाधिकारी ने कृषि विभाग के किसानों को उड़द, अरहर, धान, मक्का आदि बीजों के किट का वितरण किया।

तहसील परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए लगाए गए स्टाल का जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार ने निरीक्षण किया व संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना की। जिलाधिकारी व एएसपी ने तहसील परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया। तहसील तरबगंज में जनसुनवाई के दौरान भूगर्भ जल सप्ताह की गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# आठ साल से फरार इनामी दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

**गोंडा।** आठ साल से फरार 25 हजार के इनामी दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। एएसपी शिवराज ने बताया कि इटियाथोक थाने के उपनिरीक्षक विश्वास चतुर्वेदी ने शनिवार को इश्तियाक निवासी बेलभरिया को उसके गांव से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से 12 बोर का एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। एएसपी ने बताया कि इश्तियाक पर दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज था। अदालत ने गैर जमानतीय वारंट जारी किया था। आरोपी के घर पर भगोड़ा घोषित होने की नोटिस चस्पा करा दी गई थी। दो बार कुर्की की कार्यवाही भी हो चुकी थी। संवाद

# गैर इरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा।** छपिया पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के आरोपी श्रीराम गुप्ता निवासी घनश्यामपुर ग्रांट गायघाट को शनिवार को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष संदीप सिंह ने बताया कि आरोपी चोरी की बिजली से पानी का मोटर चला रहा था। इससे उतरे करंट की चपेट में आकर घनश्यामपुर ग्रन्ट गायघाट निवासी निब्बूलाल की मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी ने श्रीराम गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। संवाद

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-07-2022

हिन्दुस्तान

141 में मात्र 19 शिकायतों का हो सका निस्तारण, संबंधित अधिकारियों को समस्या के समाधान के निर्देश

# डीएम व एसपी के निर्देश पर हटा अवैध कब्जा

**समाधान दिवस**

- अधिकारियों को निर्देशित कर दायित्वों की कर दी खानापूर्ति
- सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा न होने देने की बात डीएम ने कही

बलरामपुर, संवाददाता। आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण के लिए आयोजित समाधान दिवस मात्र खानापूर्ति बनकर रह गया है। शनिवार को जिले के तीनों तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में आए 141 शिकायतों में से मौके पर मात्र 19 का निस्तारण हो पाया। शेष फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करके जिम्मेदारों ने अपने दायित्वों की खानापूर्ति कर दी। सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे न होने देने की बात डीएम ने जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों से कही। दर्जन भर भूमि सम्बन्धी विवादों का निस्तारण कराया गया।

तुलसीपुर तहसील में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम श्रुति व एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। जीवन लाल की जमीन पर कुछ दबंगों ने अवैध कब्जा कर रखा था, जो डीएम के निर्देश पर खाली कराया गया। डीएम ने कहा कि जमीन विवाद, अतिक्रमण, नाली व चकमार्ग सहित अन्य मामलों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण कराए। लेखपाल व राजस्व निरीक्षक सरकारी जमीनों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने दें। प्रधानमंत्री आवास, खाद्य सुरक्षा सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ अधिकारी पात्रों को दिलाएं। यहां पर 62 शिकायतें आईं, जिसमें से मौके पर 11 का निस्तारण किया गया। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि छोटे-छोटे मामले को गंभीरता से लें। वर्तमान में जमीनी विवाद से सम्बन्धित मामले अधिक आ रहे हैं। छोटी समस्याओं के निस्तारण न होने पर बड़े विवाद का कारण बन जाता है। एसपी के निर्देश पर गांव में अराजकता फैलाने वाले रामदीन को पुलिस थाने पकड़ लाई। इस अवसर पर एसडीएम मंगलेश दुबे, तहसीलदार परमेश कुमार, सीओ कुंवर प्रभात सिंह, सीएमओ डा. सुशील कुमार, उप निदेशक कृषि डा. प्रभाकर सिंह, जिला कृषि अधिकारी आरपी राणा, डीआईओएस गोविंद राम, बीएसए राम चन्द्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



तुलसीपुर में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनती डीएम।

## 22 शिकायतों में मात्र दो का हुआ निस्तारण

उतरौला में आयोजित समाधान दिवस में आई 22 शिकायतों में से मौके पर मात्र दो का निस्तारण हो सका। एसडीएम संतोष कुमार ओझा ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समस्याओं का निस्तारण तीन दिन के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किए जाएं। इस अवसर पर तहसीलदार राम आश्रय सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एडीएम राम अभिलाष ने की। यहा पर 53 मामले आए, जिसमें से मात्र छह का निस्तारण किया। एडीएम ने शेष प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण करने के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। कहा कि स्थलीय सत्यापन करते हुए शेष शिकायतों का निस्तारण तीन दिवस के भीतर कराएं। इस अवसर पर एएसपी नम्रता श्रीवास्तव, एसडीएम राजेन्द्र बहादुर, सीओ राधा रमण सिंह, तहसीलदार अवधेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## शिकायतों का निस्तारण न होने पर होगी कार्रवाई

तुलसीपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान डीएम ने आईजीआरएस पोर्टल पर लम्बित शिकायतों के लिए नाराजगी जताई। कहा कि शासन एवं जनपद स्तर पर आईजीआरएस पोर्टल की निगरानी की जा रही है। जिन अधिकारियों की शिकायतें लम्बित हैं, वे तत्काल इसका निस्तारण कराएं। शिकायत लम्बित मिलने पर सम्बन्धित अधिकारी की जिम्मेदारी सुनिश्चित करते हुए विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे की लगातार शिकायतें आ रही हैं। हल्का लेखपाल व राजस्व निरीक्षक सरकारी जमीनों से अवैध कब्जा हटवाने में रुचि नहीं दिखा रहे। यदि कहीं से ऐसी शिकायत मिली तो समबन्धित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने कब्र से निकलवाया महिला का शव

## पिता ने हत्या कर शव दफनाने का लगाया था आरोप, विजयीडीह का है मामला

**जागरण टीम, बलरामपुर** : मुहम्मदनगर ग्रंट गांव में रहने वाली मीना जायसवाल की 13 जुलाई को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतका के पिता कटहर बुटहनी मनकापुर निवासी रामप्रताप ने हत्या का आरोप लगाया, तो शनिवार को आनन-फानन उसका शव कब्र से निकलवाया गया। उपजिलाधिकारी की मौजूदगी में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मृतका मीना के पिता रामप्रताप ने 14 जुलाई को रेहरा थाना में हत्या कर साक्ष्य छिपाने व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया था। बताया कि मीना का विवाह मुहम्मदनगर निवासी सुरेंद्र कुमार के साथ 2015 में हुआ था। दोनों से दो बच्चे भी हैं। विवाह के बाद से ही उसकी पुत्री पर मायके से मारुति कार लाने का दबाव बनाया जाता था। सात जुलाई को मीना ने अपने पति व जेठानी को आपत्तिजनक हालत में देखा था। इसके बाद ससुरालीजन ने उसे जमकर मारा-पीटा था। 10 जुलाई को मनकापुर दवा लेने गई थी। वहां उसने अपनी बहन को पूरी बात बताते हुए हत्या की आशंका जाहिर की थी। आरोप है कि 13 जुलाई की रात मीना की हत्या के बाद घर के दक्षिण तरफ शव को दफना दिया गया। वह छह माह की गर्भवती भी थी। एसडीएम संतोष ओझा ने बताया कि मृतका के पिता के आरोपों के दृष्टिगत शव निकलवाया गया है। छानबीन की जा रही है।



मोहम्मद नगर ग्रंट में कब्र से शव निकालने के लिए खोदाई कराते पुलिसकर्मी ● जागरण

**दुपट्टे के सहारे लटका मिला शव** : महराजगंज तराई क्षेत्र के विजयीडीह गांव में रहने वाली कंचना का शव शुक्रवार को दुपट्टे के सहारे कुंडे से लटका मिला। उसके पिता ने बताया कि बेटी की शादी दो साल पहले कृष्ण कुमार के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। दहेज के लिए बेटी की हत्या कर दी है। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि छानबीन की जा रही है।

### गैर इरादतन हत्या में दो के खिलाफ केस दर्ज

**संसू, उतरौला** : गैर इरादतन हत्या के आरोप में पुलिस ने दो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उतरौला ग्रामीण के राजाजोत में रहने वाली मनीषा देवी ने दी गई तहरीर में कहा कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही काशीनाथ व वाल्मीकि नाथ ने उसके पति सनम नाथ को 10 जुलाई को मारा-पीटा था। गोंडा में एक निजी चिकित्सक के यहां इलाज के दौरान शुक्रवार शाम उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

**तीन आरोपित गिरफ्तार– ललिया** : प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर रक्षाराम निवासी गोकुली वीरपुर, सालिक राम वर्मा निवासी मोतीपुर, आर्म्स एक्ट के आरोपित जगदीश प्रसाद निवासी कोड़री को गिरफ्तार किया है।( संसू )

# शांतिभंग में 11 गिरफ्तार

**बलरामपुर** : गैंसड़ी व रेहराबाजार पुलिस ने 11 लोगों को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि गैंसड़ी पुलिस ने अमवाबास गांव निवासी साकिर हुसैन, मोहम्मद अकरम, जमालुद्दीन, शहजाद, अशरफ व मुस्तफा की गिरफ्तारी की है। रेहराबाजार पुलिस ने अमघटी मनकापुर निवासी मोहम्मद आजम, देवल दुधारा गांव के गुलाम रसूल, ऐलरा निवासी नफीस अहमद, मो. अजीज व बंजरिया निवासी घनश्याम को गिरफ्तार किया है। (संसू)

# 137 शिकायतों में से मौके पर सिर्फ 19 ही निस्तारित

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** जिले की तीनों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतें सुनकर समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। तीनों तहसीलों में 137 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 19 का मौके पर निस्तारण किया गया।

तहसील तुलसीपुर में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में अध्यक्षता कर रहीं जिलाधिकारी श्रुति ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। कहा कि जमीन विवाद, अतिक्रमण, नाली, चकरोड आदि मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर जाकर विवाद का निस्तारण करे। सभी लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षकों को निर्देश दिया कि सरकारी जमीनों पर किसी प्रकार का अवैध कब्जा न होने दें। प्रधानमंत्री आवास व खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ पात्रों को दिए जाने की हिदायत दी। कहा कि आइजीआरएस पोर्टल पर किसी भी प्रकार की शिकायत लंबित न रहे। इस दौरान 62 प्रार्थना पत्र आए, जिसमें से 11 का निस्तारण मौके पर किया गया। उधर, तहसील उतरौला में 22 शिकायती पत्रों में से मात्र दो का निस्तारण मौके पर हो सका। सदर तहसील में 53 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें से छह का निस्तारण किया गया।



संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत सुनती डीएम श्रुति ● जागरण


**Kalyan Singh Super Speciality Cancer Institute**

C.G. City. Sultanpur Road, Lucknow-226002

Website: https://cancerinstitute.edu.in Email: jdmm.sscih@gmail.com

**GeM Bid Notice**

It is hereby informed that **GeM bid ref No. GeM/2022/B/2343732 dated 14.07.2022** has been uploaded on GeM Portal for Procurement of Internet Bandwidth and Replication Service-Internet Leased Line; Government Service provider, service provider; class A; National long Distance (NLD); 500 for KSSSCI. All interested service providers/bidders are required to submit their bids on GeM Portal in accordance with the terms and conditions of the GeM bid documents. The Director reserves the right to accept or reject any or all bids at any stage without assigning any reason thereof.


# खाद्य तेल मिलावट में दुकानदार को सात वर्ष का कारावास, जुर्माना भी

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** अपर शासकीय अधिवक्ता रणधीर कुमार सिंह ने बताया कि थाना तुलसीपुर में वर्ष 2010 में नई बाजार तुलसीपुर के कैलाश प्रसाद की दुकान पर उप जिलाधिकारी ने छापा मारकर खाद्य तेल का नमूना भरा था।

परीक्षण में खाद्य तेल में मिलावट पाए जाने पर कैलाश के विरुद्ध थाना तुलसीपुर में मुकदमा दर्ज कराया गया था। अभियोजन की ओर से चार गवाहों के बयान दर्ज कराए गए। बचाव पक्ष की ओर से कहा गया कि गलत आरोप पत्र प्रेषित किया गया है। आवेदक निर्दोष है। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपित को सात साल कारावास की सजा सुनाते हुए 50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। आदेश दिया कि अभियुक्त द्वारा जेल में बिताई गई अवधि दंड की अवधि में समायोजित की जाएगी।

# कब्र खोदकर निकलवाया गया विवाहिता का शव

संवाद न्यूज एजेंसी

पेहर बाजार (बलरामपुर)। दहेज में कार न मिलने से नाराज पति, जेठानी व सास ने छह माह की गर्भवती विवाहिता की हत्या कर उसका शव दफना दिया था। मामले में डीएम के निर्देश पर शनिवार को एसडीएम की मौजूदगी में कब्र से शव निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

डीएम श्रुति के निर्देश पर शनिवार को उतरौला एसडीएम संतोष कुमार ओझा, सीओ उदयराज सिंह व रेहरा बाजार इंस्पेक्टर की मौजूदगी में वीडियोग्राफी कराकर शव कब्र से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। गोंडा के मनकापुर के ग्राम कटहर बुटहनी निवासी राम प्रताप ने रेहरा बाजार थाने में तहरीर दी थी। इसमें बताया था कि उसने बेटी मीना जायसवाल (30) की शादी वर्ष 2015 में रेहरा बाजार के ग्राम मोहम्मद नगर ग्रंट निवासी सुरेंद्र जायसवाल से की थी। मीना छह माह की गर्भवती थी।

बीते 10 जुलाई को मीना ने बड़ी बहन को बताया था कि उसके पति का आचरण ठीक नहीं है। पति, जेठानी व सास उसे जान से मारने की साजिश रच रहे हैं। राम प्रताप का आरोप है कि 12 जुलाई की रात ससुराल वालों ने मीना की हत्या करके शव दफना दिया। 14 जुलाई को इसकी जानकारी होने पर रेहरा बाजार थाने में तहरीर देने के साथ ही पोस्टमार्टम कराने के लिए डीएम को प्रार्थनापत्र दिया। इंस्पेक्टर ओमप्रकाश चौहान ने बताया कि पति सुरेंद्र जायसवाल, उसकी भाभी व मां के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।



मोहम्मदपुर ग्रंट में कब्र खोदते मजदूर। -संवाद

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-07-2022



संजय सेतु स्थित घाघराघाट का निरीक्षण करते एडीएम कैसरगंज।

# संजय सेतु पर हो बैरीकेडिंग: एसडीएम

जरवलरोड। एसडीएम कैसरगंज महेश कैथल, सीओ कमलेश कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी जरवल एसपी पांडे, प्रभारी निरीक्षक जरवलरोड राजेश कुमार सिंह ने शनिवार को घाघराघाट पहुंचकर संजय सेतु पर कांवरियों के लिए घाट पर साफ-सफाई व सुरक्षा की तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिया। एसडीएम ने अधीनस्थों को निर्देशित करते हुए कहा कि कम बहाव वाले स्थान पर पानी के अंदर बल्ली रस्सा के साथ लाल झंडे लगाकर घेराबंदी कराई जाए, वहीं घेराबंदी के बाहर नाविकों की तैनाती की जाए।

# पुलिस व राजस्व मुद्दों के निपटारे को पहुंचे फरियादी

बहराइच, संवाददाता। जिले की छह तहसीलों पर शनिवार को अधिकारी फरियाद सुनने के लिए बैठे। हर तहसील दिवस में पुलिस व राजस्व से जुड़े मामलों को लेकर ही फरियादी पहुंचे थे। महसी में डीएम डॉ. दिनेश चंद्र व एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने जनता से सीधे मुखातिब रहे। डीएम ने कहा कि हर मामले की तह तक जाकर निपटाएं मामले।

डीएम ने कहा कि माह में दो दिन तहसील दिवस के आयोजन के पीछे जनता की समस्याओं को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निपटाना है, ताकि हर समस्या से निजात मिल सके। डीएम के पटल पर ग्राम रमपुरवा के पूरन मिश्रा ने विपक्षी के खिलाफ कार्रवाई, खमरिया शुकुल की शान्ती ने प्रधानमंत्री आवास, ग्राम कोढ़वा के हरि प्रसाद ने प्रधानमंत्री सम्मान निधि, पूरे गंगा प्रसाद की श्यामा देवी ने अवैध कब्जा हटवाने, सबलापुर के नूरुल हसन भूमि का सीमांकन कराने, गोपचन्दपुर के राकेश कुमार ने विपक्षी के विरुद्ध कार्रवाई ,रामदास वर्मा ने खलिहान की भूमि की पैमाइश, धनावा के अनन्तराम ने चकमार्ग की पैमाइश से जुड़े मामले रखे गए।

## डीएम तल्ख हुए तो पंचायत सहायक को मिला न्याय

बहराइच। ग्राम बहोरिकापुर की आरती देवी ने डीएम के समक्ष ग्राम पंचायत की ओर से पंचायत सहायक के पद पर हुए योगदान को स्वीकार न करने का मुद्दा उठाया गया। डीएम ने डीपीआरओ को तत्काल मुद्दे को सुलझाने के निर्देश दिए। प्रकरण की जांच सहायक विकास अधिकारी पंचायत महसी से कराई गई। शिकायत सही पाए जाने पर तत्काल सहायक के योगदान को स्वीकार किया गया।

# प्रधान व वीडीओ सहित नौ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**• परिवार रजिस्टर में हेराफेरी करने का मामला**

**संसू, शिवपुर(बहराइच) :** अभिलेखों में छेड़छाड़ कर फर्जी बैनामा और वसीयत करा देने के आरोप में ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी सहित नौ लोगों के विरुद्ध जालसाजी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

गांव भदईपुरवा निवासी बदलू ने पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी को शिकायत पत्र देकर बताया कि गांव निवासी छोटेलाल, जग्गू उर्फ जगप्रसाद, राकेश उर्फ जवाहिर, मोतीलाल, ग्राम प्रधान शकुंतला देवी, उनके पुत्र देवीशरण वर्मा, प्रदीप वर्मा, कुलदीप वर्मा और ग्राम विकास अधिकारी यासिर शकील ने मिलकर परिवार रजिस्टर से पन्ना फाड़ कर निकाल दिया। परिवार रजिस्टर पर दूसरी तारीख में भाई बाबूराम को मृतक दिखाकर फर्जी बैनामा व वसीयतनामा करा दिया। बदलू प्रसाद ने बताया कि मेरे भाई बाबूराम की मौत 25 सितंबर 2007 को हुई थी। ग्राम विकास अधिकारी यासिर शकील ने बाबूराम की मौत कूटरचित तरीके से 28 जून 2008 कर दिया। इसी आधार पर बाबूराम की कुल संपत्ति का फर्जी बैनामा व वसीयतनामा करा दिया है। इसकी शिकायत बदलूराम ने पूर्व में खंड विकास अधिकारी से की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी के निर्देश पर खैरीघाट थाने की पुलिस ने जांच के बाद सभी आरोपितों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

कार्यालय जिला बेसिक शि

# दामाद व भाई के साथ मिलकर कराई बेटी की हत्या

**संसू, जरवलरोड (बहराइच):** बेटी के आचरण से परेशान मां ने ऐसा कदम उठाया कि सुनकर आपकी रूह कांप उठेगी। मां ने अपने भाई और दामाद के साथ मिलकर बेटी की हत्या कर दी। साक्ष्य मिटाने के लिए शव को घाघरा नदी में फेंक दिया था।

पुलिस के मुताबिक तबस्सुम की मां शहरुननिशा निवासी बैजापत्त आगापुर थाना जरवलरोड ने सुनियोजित ढंग से अपने दामाद कदीर अहमद जो मुंबई में रहकर मजदूरी करता था को बीते सात मार्च को बुलाया। उसे अपने भाई टाडे चतुर सरैया टड़वासराय कनहर थाना कैसरगंज निवासी मोहम्मद रईश अहमद के माध्यम से अपनी लड़की तबस्सुम को गांव के बाहर भेजा, जहां उसका पति कदीर अहमद पहले से मौजूद था। तबस्सुम को मामा तथा पति घाघराघाट नदी रेलवे पुल के उत्तर दिशा में सुनसान स्थान पर ले गए और पत्थर मारकर हत्या कर दी।

## बेटी के गलत आचरण से परेशान थी मां, शव को घाघरा नदी में फेंक कर साक्ष्य मिटाने का किया प्रयास



जरवल पुलिस अभिरक्षा में हत्यारोपित ● जागरण

बीते 19 मई को पंजीकृत अभियोग के राजफाश के लिए एसपी केशव कुमार चौधरी ने स्थानीय पुलिस को निर्देश दिए थे। एएसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह व क्षेत्राधिकारी कैसरगंज कमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने 14 जुलाई को नामित अभियुक्त कदीर अहमद को पूछताछ के बाद हिरासत में लिया गया। उसने पूरा घटनाक्रम कबूल दिया।

पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर कोर्ट के माध्यम से जेल भेज दिया। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अनिल कुमार, त्रिलोकीनाथ मौर्य आदि शामिल रहे।

# मूक बधिर भाई-बहन को डीएम ने दिया सहारा

## तहसील में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस मासूमों का अन्नप्रासन

**जागरण टीम, बहराइच** : शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। महसी तहसील में जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने अध्यक्षता की। नानपारा में एडीएम व अन्य तहसीलों में एसडीएम ने लोगों की समस्याएं सुनकर निस्तारण किया।

महसी : जोतचांदपारा के गोसाईंनपुरवा निवासी संतकुमार पाठक मूक बधिर बेटे 19 वर्षीय अमित कुमार व 13 वर्षीय बेटी आंचल को लेकर पहुंचे। डीएम ने समाज कल्याण अधिकारी व सीएमओ को तत्काल श्रवण मशीन उपलब्ध कराने व प्रमाणपत्र बनवाने का निर्देश दिया। कहा कि सीएमओ अपने खर्च से भाई-बहनों को लखनऊ ले जाकर प्रमाणपत्र बनवाएं।

उन्होंने बहोरिकपुर के अमरनाथ के बैल की करंट से मौत के मामले में अधिशाषी अभियंता को क्षतिपूर्ति दिलाने के निर्देश दिए। नौशहरा के ननकू का मौके पर ही राशन कार्ड बनाकर उपलब्ध कराने के निर्देश डीएसओ को दिए। डीएम ने पांच गर्भवतियों की गोदभराई व पांच मासूमों को खीर खिलाकर अन्नप्रासन कराया।



महसी तहसील में गर्भवतियों की गोदभराई करते एसपी केशव कुमार चौधरी व जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ● जागरण

डीएम ने क्षेत्रीय आयुर्वेद यूनानी अधिकारी डा.अशोक पांडेय के साथ 68 बुजुर्गों को आयु रक्षा किट का वितरण किया। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, सीएमओ डा. सुरेश सिंह, डीपीआरओ उमाकांत पांडेय, डीडीओ महेंद्र पांडेय, उप निदेशक कृषि टीपी शाही, पीडी पीएन पांडेय, एसडीएम रामदास, सीवीओ डा.एमके सचान, बीएसए अजय कुमार, जिला गन्ना अधिकारी शैलेश मौर्य, तहसीलदार विपुल कुमार सिंह, सीओ जेपी त्रिपाठी, बीडीओ हेमंत कुमार यादव, एके सिंह, आदित्य कुमार मौजूद रहे।

नानपारा : एडीएम मनोज कुमार ने एसडीएम अजित परेश के साथ समस्याएं सुनीं। उन्होंने अनुपस्थित 11 अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा।

खुटेहना : पयागपुर के झाला तरहर के कार्डधारकों ने कोटेदार के खिलाफ एसडीएम दिनेश कुमार को शिकायती पत्र दिया।

- 68 बुजुर्गों को मिली आयु रक्षा किट की सौगात, पांच की गोदभराई
- 11 अनुपस्थित अधिकारियों से एडीएम ने मांगा स्पष्टीकरण

**शिकायतों के निस्तारण की स्थिति**

| तहसील | शिकायत | निस्तारण |
|---|---|---|
| महसी | 162 | 21 |
| नानपारा | 89 | 06 |
| पयागपुर | 163 | 08 |
| मिहींपुरवा | 34 | 03 |
| कैसरगंज | 112 | 06 |
| सदर बहराइच | 50 | 03 |

# विशाल के घरवालों से मिले पूर्व मंत्री

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बहराइच/बाबागंज।** पूर्व मंत्री व सपा नेता रामआसरे विश्वकर्मा ने शनिवार को रुपईडीहा थाना क्षेत्र के गनेशपुर गांव में विशाल विश्वकर्मा के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

पीड़ित परिवार से मिलने के बाद उन्होंने बताया कि 19 मई को गनेशपुर निवासी विशाल कश्यप मौरंग का पैसा जमा करने घर से निकला था, लेकिन लौटकर नहीं आया। बाद में व्हाट्सएप के जरिए उसकी मौत की जानकारी मिली। पुलिस ने परिजनों को सूचना दिए बिना ही शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दी थी। मुकदमा तक दर्ज नहीं कराया गया। 30 मई को एसपी के हस्तक्षेप पर पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज किया, लेकिन अब तक हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि सपा मामले में चुप नहीं बैठेगी। इस मौके पर रामहर्ष यादव, जफरउल्ला खां, दिलीप वर्मा, केके ओझा, अर्जुन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# एडीओ पंचायत के खिलाफ मुकदमा

**बहराइच।** रिसिया ब्लॉक में एडीओ पंचायत के पद पर तैनात रहे एडीओ पंचायत नजर इमाम पर बिना परमिट के लकड़ी कटवाने का मुकदमा दर्ज हुआ है। इससे पूर्व रिसिया में तैनाती के दौरान उन पर एनआरएलएम कार्यालय जबरन खाली करवाने व गाली-गलौज करने के मामले में भी मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था। वन क्षेत्राधिकारी दीपक सिंह ने बताया कि चित्तौरा ब्लॉक के नगरौर गांव स्थित कब्रिस्तान के पास अवैध तरीके से लकड़ी कटवाने की सूचना मिली थी। मौके पर जांच की गई तो शिकायत सही पाई गई। सागौन के सात पेड़ कटे पाए गये। उन्होंने बताया कि मामले में नजर इमाम व मुन्ना के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 17-07-2022

# अतिक्रमण पर लेखपाल और राजस्व निरीक्षक पर कार्रवाई

## समाधान दिवस

**श्रावस्ती, संवाददाता।** शनिवार को तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में आई शिकायतों को अधिकारियों ने सुनकर कुछ का मौके पर समाधान किया जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए मातहतों को निर्देशित किया गया।

विनगा तहसील में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने की। डीएम ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी कार्यालय में समय से बैठकर जन समस्याओं को सुने और समय सीमा के तहत शिकायतों का निस्तारण करें। निस्तारण कागज के साथ साथ धरातल पर भी हो इसका ध्यान रखा जाय। ताकि फरियादियों को बार-बार ब्लाक, तहसील व जनपद मुख्यालय का चक्कर ना लगाना पड़े। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जांच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भूमि विवादों से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से निस्तारण कराएं। इसमें कोई लापरवाही न बरती जाएं। उन्होंने सभी लेखपाल व राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि सरकारी जमीनों में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न हो इसका ध्यान रखा जाय। कहीं भी अवैध अतिक्रमण की शिकायत मिली तो सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल व राजस्व निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# 163 शिकायतों में सिर्फ 21 निस्तारित

## सीडीओ बोले धरातल पर दिखे शिकायतों का निस्तारण

**जागरण टीम, श्रावस्ती** : शनिवार को भिनगा, इकौना व जमुनहा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। कुल 163 प्रार्थना पत्र आए। मौके पर सिर्फ 21 शिकायतों का निस्तारण किया जा सका। प्रभारी डीएम/सीडीओ अनुभव सिंह ने भिनगा तहसील में आयोजन की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि अधिकारी कार्यालय में समय से बैठें। जन समस्याओं को सुनें। फरियादियों को बार-बार ब्लाक, तहसील व जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। शिकायतों का निस्तारण धरातल पर दिखना चाहिए।

सीडीओ ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं को मौके पर जाकर निस्तारित कराएं। भूमि विवाद से संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से मामले को निस्तारित कराए। लेखपाल व राजस्व निरीक्षक सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न होने दें। किसी क्षेत्र में अतिक्रमण की शिकायत मिली तो संबंधित लेखपाल व राजस्व निरीक्षक पर कार्रवाई होगी।

एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने थानाध्यक्षों को शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के अंदर करने के निर्देश दिए। महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुनने व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इकौना में एसडीएम आरपी चौधरी व जमुनहा में एडीएम कमलेश चंद्र ने संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की।

**संपूर्ण समाधान दिवस**

| तहसील | प्राप्त शिकायतें | निस्तारित |
|---|---|---|
| भिनगा | 42 | 03 |
| जमुनहा | 34 | 03 |
| इकौना | 87 | 15 |
| कुल | 163 | 21 |

# दुष्कर्म के आरोपित की जमानत अर्जी खारिज

**श्रावस्ती** : जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी केपी सिंह ने बताया कि गिलौला क्षेत्र के एक गांव की महिला 30 जून को बहराइच दवा लेने गई थी। रास्ते में बहराइच जिले के बड़ी हाट मुहल्ला के आरिफ खान ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद जिला जज ने आरोपित की अर्जी को खारिज कर दिया।( वि.)

# तहसील समाधान दिवस में निपटे 21 मामले

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** जिले की तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान तीनों तहसीलों में कुल 163 मामले आए। इनमें से मात्र 21 मामलों का निस्तारण हो सका।

भिनगा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस व तहसील दिवस की अध्यक्षता प्रभारी जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने की। इस दौरान उन्होंने तहसील दिवस में आई शिकायतों को गंभीरता से लेकर उनका निस्तारण करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

वहीं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने थानाध्यक्षों को पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण समय सीमा में करने को कहा। भिनगा में 42 प्रार्थना पत्र आए। इनमें से मौके पर मात्र तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया। इकौना में अपर जिलाधिकारी कमलेश एवं चंद्र की अध्यक्षता में 87 शिकायतें आईं। इनमें से मौके पर 15 शिकायतों का निस्तारण किया गया। जमुनहा में 34 शिकायतों में से सिर्फ तीन का ही निस्तारण किया गया।



भिनगा तहसील में पीड़ितों की फरियाद सुनते अधिकारी। -संवाद

## सड़क चौड़ी करने की मांग

**जमुनहा (श्रावस्ती)।** जमुनहा के ग्राम पटना के मजरा बीरगंज में मल्हीपुर चौराहा से ब्लॉक मुख्यालय तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस पर ग्रामीणों ने ब्लॉक मुख्यालय जमुनहा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर तक सड़क चौड़ीकरण की मांग की है। इसके लिए स्थानीय निवासी राधेश्याम, राजितराम, मुकेश गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, सतीश पाठक आदि ने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र दिया है। (संवाद)

# शांतिभंग की आशंका में 15 दबोचे

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने शुक्रवार रात अलग-अलग स्थानों से 15 लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम न्यायालय के सुपुर्द किया गया। (संवाद)

# 94 वाहनों का ई-चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने शनिवार को विभिन्न बैरियर व चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान 94 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई-चालान किया। इस दौरान पुलिस ने 1,63,000 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। (संवाद)

## नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार गश्त के दौरान नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को भिनगा रेंजरी बैरियर के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी महेश वर्मा निवासी जौगड़ के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। (संवाद)